Title

SACHITRA JYOTHISHA

SHIKSHA - PART-6

Auth.

B.L. THAKUR

Pub MOTILAL Banarasidas

Delhi.

सचित्र ज्योतिष-शिक्षा

[भाग ६]

मुहूर्त खण्ड

बी० एल० ठाकुर ज्योतिषाचार्य

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली :: वाराणसी :: पटना

© मोतीलाल बनारसीदास

प्रधान कार्यालय—बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली-७
शाखाएँ—(१) चौक, वाराणसी (उ० प्र०)
(२) अशोक राजपथ, पटना (बिहार)

प्रथम संस्करण : वाराणसी, १९७९

मूल्य रु० MLBD
Rs. 60/-

नरेन्द्र प्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, चौक, वाराणसी
द्वारा प्रकाशित एवं चेतना प्रिंटर्स, पाण्डेपुर,
वाराणसी-२ द्वारा मुद्रित।

भूमिका

समय के अनुसार किसी विशेष कार्य को करने के निमित्त विद्वान ऋषियों ने मुहूर्त का निर्माण किया है। अर्थात् विशेष कार्य के लिए विशेष समय निर्धारित किया है। इसके लिए तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण, चन्द्र मास, सूर्य मास, अयन, ग्रहों के उदय अस्त का विचार, सूर्य चन्द्र ग्रहण, दैनिक लग्न आदि सबका विचार कर शुभ कार्य के निमित्त शुभ मुहूर्त का निर्माण किया है।

शुभ कार्य के इच्छुक मनुष्यों को इसका विचार अवश्य कर शुभ मुहूर्त में ही अपना कार्य सम्पादन करना चाहिए। विशेष कार्य में शुभता लाने को विशेष मुहूर्त ऋषियों ने क्यों निर्माण किया है ? इस पर विचार करने की आवश्यकता है। समय परिवर्तन-शील है जो आज है वह कल नहीं है।

सृष्टि में अनेक शक्तियाँ कार्य कर रही हैं जिनका प्रभाव भूमण्डल और भू वासियों पर पड़ रहा है जिनकी खोज के निमित्त वैज्ञानिक भिड़े हुए हैं। विज्ञानवेत्ताओं ने खोज कर पता लगाया है कि प्रत्येक प्राकृतिक एवं कृत्रिम वस्तुओं में प्रकाश, उष्णता एवं किरण होती है। इसी प्रकार प्रत्येक नक्षत्र एवं ग्रहों में अनेक शक्तियाँ होती हैं जिनका प्रभाव भूमण्डल पर पड़ रहा है। प्रत्येक मनुष्य के शरीर में भी अपनी-अपनी प्रकृति के अनुसार किरण का प्रकाश होता है जिनकी फोटो लेकर विज्ञान ने प्रगट कर दिया है। महात्माओं की शक्ति के अनुसार उनके मस्तिष्क से किरण निकलती है जिसे औरा (बल्व) कहते हैं। आधुनिक चित्रकार जिसे अपने चित्र में भी बना कर प्रगट करते हैं। प्रत्येक मनुष्य के शरीर में विद्युत एवं चुम्बक शक्ति कम रहती है जिसमें बाहरी गुप्त अदृश्य शक्तियों का प्रभाव पड़ता रहता है।

देखो वायु मण्डल में भिन्न-भिन्न प्रभाव पड़ने से ओले गिरते हैं, बिजली चमकती है, वज्रपात होता है। वायु के कोप से संहारक चक्रवात होता है। अधिक वृष्टि से प्रलय सदृश धन-जन की हानि होती है। आकाश में उल्कापात होता है। बदलाई होने से वनस्पति आदि में भिन्न प्रकार के कीटाणु उत्पन्न होते हैं। मनुष्यों में जुकाम, फ्लू, बुखार, हैजा, मलेरिया आदि विकार भिन्न-भिन्न समय के अनुसार होते रहते हैं।

इनके अतिरिक्त पृथ्वी पर आकर्षण शक्ति, चुम्बक शक्ति, विद्युत शक्ति, ब्रह्माण्ड किरण (कास्मिक रेज) अदृश्य रेडियो तरंगें विद्युत तरंगें आदि का प्रभाव पड़ता रहता है। चाँद की तिथियों के अनुसार समुद्र में घट-बढ़ ज्वार-भाटा होता रहता है। सूर्य पर जब काले धब्बे दिखते हैं उस समय संसार में घटनाएँ और मृत्यु अधिक होती हैं ऐसा वैज्ञानिकों का कहना है।

सूर्य चन्द्र का प्रभाव प्रत्यक्ष देखने में आता है। सूर्य जब रोहणी में आता है बहुत तपन होती है। मृगशिर में कुछ ठंडक आ जाती है। आर्द्रा में वर्षा आरम्भ हो जाती

है। सूर्य नक्षत्र के अनुसार किसान खेतों में बीज बोते हैं। नक्षत्र चूकने पर फसल की उत्पत्ति में अन्तर पड़ जाता है। इसी प्रकार चान्द्र मास में भी भिन्नता मिलेगी। जिस का प्रभाव भिन्न-भिन्न समय पर भिन्न-भिन्न होता है। कृष्ण और शुक्ल पक्ष के विचार से कार्य में अन्तर पड़ता है। चान्द्र मास का सम्बन्ध नक्षत्रों से है जैसे जिस मास की पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र हुआ वह चैत्र, विशाखा में वैशाख आदि मास जाने जाते हैं। चंद्र मास और नक्षत्रों का घना सम्बन्ध है। तिथि, योग, करण आदि भी इसी प्रकार चन्द्र सूर्य से सम्बन्धित हैं। वार का सम्बन्ध ग्रहों से है। शुभ ग्रह का शुभ, अशुभ ग्रह का अशुभ वार प्रभावशील होते हैं।

पृथ्वी में भिन्न मौसम का प्रभाव किसी वस्तु विशेष पर भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रगट होता है जैसे गेहूँ का घुन दूसरे प्रकार का है चने का घुन दूसरी प्रकार का है छुल्ली लगती है। गेहूँ की फसल में गेरुआ लगता है आदि इस भिन्नता का कारण और भेद विज्ञान भी अभी तक नहीं जान पाया है।

ऐसे ही कई भविष्य दर्शक स्वप्न होते हैं। स्वप्न में देखी बात वर्तमान में, कोई-कोई भविष्य में, दिखे स्वप्न के अनुसार ही घटित होते हैं जिनके ऐतिहासिक अनेक उदाहरण हैं इस प्रकार सृष्टि में अनेक गुप्त शक्तियाँ काम कर रही हैं। गुप्त शक्तियों की खोज में वैज्ञानिक भिड़े हुए हैं। विना चालक के उपग्रह चन्द्र, मंगल, शुक्र आदि ग्रहों को भेजे जा रहे हैं जिनका नियन्त्रण पृथ्वी से ही हो रहा है। रेडियो और टेलीविजन आदि शक्तियों के द्वारा मंगल आदि ग्रहों का भेद और शक्तियाँ जानने का प्रयत्न किया जा रहा है।

इन सबका उदाहरण देने का आशय यह है कि सूर्य चन्द्र नक्षत्रों आदि का भिन्न प्रभाव पृथ्वी पर पड़ रहा है। मनुष्य नहीं जान सकता कौन प्रभाव अच्छा और शुभ दायक है और कब अशुभ है। समय का बड़ा प्रभाव है कोई फूल प्रातः खिलता है कोई मध्याह्न में कोई अर्द्ध रात्रि में खिलता है। ज्वार भाटा समय के अनुसार होता है। चन्द्र आदि ग्रहों की गति समय के अनुसार होती है। सम्पूर्ण संसार समय से बँधा हुआ है। इसलिए प्रत्येक परिस्थिति के अनुसार समय का बड़ा महत्त्व है। इस कारण प्राचीन ऋषियों ने शुभ कार्य करने का शुभ समय निर्धारित कर दिया है। उसके अनुसार प्रत्येक मनुष्य को अवश्य शुभ समय विचार कर अपना कार्य सम्पादन कर लेना चाहिये।

गृहस्थी में प्रत्येक मनुष्य के अनेकों कार्य ऐसे होते हैं जिनके सम्पादन के निमित्त पंडितों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कहीं पंडित नहीं मिलते। इस कठिनाई को दूर करने के निमित्त मुहूर्त खंड में सरल रीति से समस्त मुहूर्तों का विचार दिया है जिस से प्रत्येक मनुष्य अपने शुभ कार्य के निमित्त स्वयं शुभ मुहूर्त का विचार कर सकें।

आशा है कि पाठक इससे लाभ उठायेंगे।

—लेखक

विषयसूची

विषय	पृष्ठ
मङ्गलाचरण, शुभ मुहूर्त में वर्जित योग	१
उत्पात प्रकार, कुलिक अर्द्धयाम आदि योग, दिन रात्रि का चौघड़िया	४
भद्रा विचार, भद्रा मुख पुच्छ	६
करण और फल, मुहूर्त बनाना, वर्ष शुद्धि, अतिचार	७
क्षय व अधिक सम्वत्सर, क्षय व अधिक मास, क्षय व अधिक तिथि, मुहूर्त शुद्धि, लग्न, चन्द्र और तारा शुद्धि, सूर्य शुद्धि, विशेष विचार, गुण दोष विचार, तिथि आदि गुण फल, मासादि शुद्ध फल	८
कार्य में ग्रह बल, जन्म या नाम राशि विचार, स्त्री की राशि शुद्धि, १२ वां चन्द्र कब शुभ, चन्द्र तारा बल, वर्जित तारा, क्षीण चन्द्र, ग्रह रहित शुद्ध स्थान, गृह प्रवेश आदि में वर्जित नक्षत्र	९
पंचाङ्ग शुद्धि, लग्न शुद्धि स्थान व ग्रह, सब कार्यों में ग्रह शुद्धि, लग्न प्रशंसा, चन्द्र विचार, चन्द्र व लग्न दोष कन्या को, चन्द्र संग्रह दोष, लग्न दोष परिहार	१०
सुयोग, रवि योग, नक्षत्रों से शुभाशुभ समय, जन्म चन्द्र वर्जित, चन्द्रका और भी शुभाशुभ, चन्द्र का लोकवास, चन्द्र का भाव फल, ग्रह बल दिन अनुसार कर्म, ग्रह संक्रान्ति में शुभाशुभत्व	११
गुरु शुक्र अस्त विचार, सिंह के गुरु में विवाह निषेध, सिंहस्थ गुरु दोष परिहार, गुरु शुक्र अस्त में वर्जित कर्म	१२
सिंह मकर में अस्त अतिचार, वर्जित पक्ष, गुर्वादित्य वर्जित समय, कुयोग, वर्जित परिहार, लुप्त सम्वत्सर दोष अपवाद, २७ योगों के नाम, योग वर्जित समय, अभिजित मुहूर्त ज्ञान	१३
गल ग्रह, ग्रह की दिशा आदि, अवम तिथि, नन्दा आदि तिथि चक्र, तिथि स्वामी आदि का चक्र	१४
प्रत्येक तिथि के कर्म	१५
नन्दा आदि तिथियों के कार्य, दतून निषेध, तिथि वार नक्षत्र के योग	१६
योगों पर विचार परिहार, ज्वालामुखी योग	१७
पक्षरंध्र तिथि घड़ी वर्जित, तिथि शून्य लग्न, तिथि में वर्जित नक्षत्र, युगादि मन्वाद्य तिथि, नक्षत्र नाम और स्वामी, ध्रुव स्थिर नक्षत्र, चर व चल नक्षत्र	१८
क्रूर व उग्र नक्षत्र, क्षिप्र व लघु नक्षत्र, मिश्र या साधारण नक्षत्र, मृदु व मैत्र नक्षत्र, तीक्ष्ण व दारुण नक्षत्र, नक्षत्र में वस्तु न मिले, अधोमुख नक्षत्र, ऊर्ध्व मुख नक्षत्र, तिर्यङ् मुख नक्षत्र, अन्धाक्ष आदि नक्षत्र	१९

है। सूर्य नक्षत्र के अनुसार किसान खेतों में बीज बोते हैं। नक्षत्र चूकने पर फसल की उत्पत्ति में अन्तर पड़ जाता है। इसी प्रकार चान्द्र मास में भी भिन्नता मिलेगी। जिस का प्रभाव भिन्न-भिन्न समय पर भिन्न-भिन्न होता है। कृष्ण और शुक्ल पक्ष के विचार से कार्य में अन्तर पड़ता है। चान्द्र मास का सम्बन्ध नक्षत्रों से है जैसे जिस मास की पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र हुआ वह चैत्र, विशाखा में वैशाख आदि मास जाने जाते हैं। चंद्र मास और नक्षत्रों का घना सम्बन्ध है। तिथि, योग, करण आदि भी इसी प्रकार चन्द्र सूर्य से सम्बन्धित हैं। वार का सम्बन्ध ग्रहों से है। शुभ ग्रह का शुभ, अशुभ ग्रह का अशुभ वार प्रभावशील होते हैं।

पृथ्वी में भिन्न मौसम का प्रभाव किसी वस्तु विशेष पर भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रगट होता है जैसे गेहूँ का घुन दूसरे प्रकार का है चने का घुन दूसरी प्रकार का है छुल्ली लगती है। गेहूँ की फसल में गेरुआ लगता है आदि इस भिन्नता का कारण और भेद विज्ञान भी अभी तक नहीं जान पाया है।

ऐसे ही कई भविष्य दर्शक स्वप्न होते हैं। स्वप्न में देखी बात वर्तमान में, कोई-कोई भविष्य में, दिखे स्वप्न के अनुसार ही घटित होते हैं जिनके ऐतिहासिक अनेक उदाहरण हैं इस प्रकार सृष्टि में अनेक गुप्त शक्तियाँ काम कर रही हैं। गुप्त शक्तियों की खोज में वैज्ञानिक भिड़े हुए हैं। विना चालक के उपग्रह चन्द्र, मंगल, शुक्र आदि ग्रहों को भेजे जा रहे हैं जिनका नियन्त्रण पृथ्वी से ही हो रहा है। रेडियो और टेलीविजन आदि शक्तियों के द्वारा मंगल आदि ग्रहों का भेद और शक्तियाँ जानने का प्रयत्न किया जा रहा है।

इन सबका उदाहरण देने का आशय यह है कि सूर्य चन्द्र नक्षत्रों आदि का भिन्न प्रभाव पृथ्वी पर पड़ रहा है। मनुष्य नहीं जान सकता कौन प्रभाव अच्छा और शुभ दायक है और कब अशुभ है। समय का बड़ा प्रभाव है कोई फूल प्रातः खिलता है कोई मध्याह्न में कोई अर्द्ध रात्रि में खिलता है। ज्वार भाटा समय के अनुसार होता है। चन्द्र आदि ग्रहों की गति समय के अनुसार होती है। सम्पूर्ण संसार समय से बँधा हुआ है। इसलिए प्रत्येक परिस्थिति के अनुसार समय का बड़ा महत्त्व है। इस कारण प्राचीन ऋषियों ने शुभ कार्य करने का शुभ समय निर्धारित कर दिया है। उसके अनुसार प्रत्येक मनुष्य को अवश्य शुभ समय विचार कर अपना कार्य सम्पादन कर लेना चाहिये।

गृहस्थी में प्रत्येक मनुष्य के अनेकों कार्य ऐसे होते हैं जिनके सम्पादन के निमित्त पंडितों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कहीं पंडित नहीं मिलते। इस कठिनाई को दूर करने के निमित्त मुहूर्त खंड में सरल रीति से समस्त मुहूर्तों का विचार दिया है जिस से प्रत्येक मनुष्य अपने शुभ कार्य के निमित्त स्वयं शुभ मुहूर्त का विचार कर सकें।

आशा है कि पाठक इससे लाभ उठायेंगे।

—लेखक

विषयसूची

विषय	पृष्ठ
मङ्गलाचरण, शुभ मुहूर्त में वर्जित योग	१
उत्पात प्रकार, कुलिक अर्द्धयाम आदि योग, दिन रात्रि का चौघड़िया	४
भद्रा विचार, भद्रा मुख पुच्छ	६
करण और फल, मुहूर्त बनाना, वर्ष शुद्धि, अतिचार	७
क्षय व अधिक सम्वत्सर, क्षय व अधिक मास, क्षय व अधिक तिथि, मुहूर्त शुद्धि, लग्न, चन्द्र और तारा शुद्धि, सूर्य शुद्धि, विशेष विचार, गुण दोष विचार, तिथि आदि गुण फल, मासादि शुद्ध फल	८
कार्य में ग्रह बल, जन्म या नाम राशि विचार, स्त्री की राशि शुद्धि, १२ वां चन्द्र कब शुभ, चन्द्र तारा बल, वर्जित तारा, क्षीण चन्द्र, ग्रह रहित शुद्ध स्थान, गृह प्रवेश आदि में वर्जित नक्षत्र	९
पंचाङ्ग शुद्धि, लग्न शुद्धि स्थान व ग्रह, सब कार्यों में ग्रह शुद्धि, लग्न प्रशंसा, चन्द्र विचार, चन्द्र व लग्न दोष कन्या को, चन्द्र संग्रह दोष, लग्न दोष परिहार	१०
सुयोग, रवि योग, नक्षत्रों से शुभाशुभ समय, जन्म चन्द्र वर्जित, चन्द्रका और भी शुभाशुभ, चन्द्र का लोकवास, चन्द्र का भाव फल, ग्रह बल दिन अनुसार कर्म, ग्रह संक्रान्ति में शुभाशुभत्व	११
गुरु शुक्र अस्त विचार, सिंह के गुरु में विवाह निषेध, सिंहस्थ गुरु दोष परिहार, गुरु शुक्र अस्त में वर्जित कर्म	१२
सिंह मकर में अस्त अतिचार, वर्जित पक्ष, गुर्वादित्य वर्जित समय, कुयोग, वर्जित परिहार, लुप्त सम्वत्सर दोष अपवाद, २७ योगों के नाम, योग वर्जित समय, अभिजित मुहूर्त ज्ञान	१३
गल ग्रह, ग्रह की दिशा आदि, अवम तिथि, नन्दा आदि तिथि चक्र, तिथि स्वामी आदि का चक्र	१४
प्रत्येक तिथि के कर्म	१५
नन्दा आदि तिथियों के कार्य, दतून निषेध, तिथि वार नक्षत्र के योग	१६
योगों पर विचार परिहार, ज्वालामुखी योग	१७
पक्षरंध्र तिथि घड़ी वर्जित, तिथि शून्य लग्न, तिथि में वर्जित नक्षत्र, युगादि मन्वाद्य तिथि, नक्षत्र नाम और स्वामी, ध्रुव स्थिर नक्षत्र, चर व चल नक्षत्र	१८
क्रूर व उग्र नक्षत्र, क्षिप्र व लघु नक्षत्र, मिश्र या साधारण नक्षत्र, मृदु व मैत्र नक्षत्र, तीक्ष्ण व दारुण नक्षत्र, नक्षत्र में वस्तु न मिले, अधोमुख नक्षत्र, ऊर्ध्व मुख नक्षत्र, तिर्यङ् मुख नक्षत्र, अन्धाक्ष आदि नक्षत्र	१९

विषय	पृष्ठ
६ नाड़ी नक्षत्र, प्रत्येक नक्षत्रों के कार्य	२०
अन्तरंग बहिरंग नक्षत्र, तारा ज्ञान, तारा दोष परिहार	२१
द्विपुष्कर योग, त्रिपुष्कर योग, पञ्चक, प्रत्येक वार के कर्म	२२
वार दोष परिहार, वार का होरा जानना, इष्टकाल अनुसार होरा चक्र	२३
होरा के कार्य, वार स्वामी आदि का चक्र, वार प्रवेश जानना	२४
आनन्द आदि २८ योग	२५
नक्षत्र विष घटी	२६
मास देवता आदि का चक्र	२७
पङ्गु अंधादि लग्न दोष, सूर्य संक्रान्ति दोष, चतुर्थ घटिका राहु चक्र	२८
मुहूर्त विचार, मुहूर्त चक्र, प्रदोष काल	२९
पर्व, अनध्याय, गौधूलिका, सदा शुभ मुहूर्त, उत्तरायण में शुभ कर्म, अम्बुवाची काल, पुण्यकाल, त्रिपुष्कर योग पर विचार	३०
जन्म नक्षत्र पर विचार, भिन्न-भिन्न योगों का परिहार	३१
लुप्त सम्वत्सर, अन्य परिहार, साधारण शुभ कार्य मुहूर्त, कार्य में वर्जित, केतु प्रकार	३२
साधारण मुहूर्त	
दतून निषेध, तेल लगाना	३३
वस्त्र चूड़ी आदि धारण, नूतन वस्त्र धारण, नवीन वस्त्र जले का विचार, आसन शैया आदि धारण, निद्य काल में कब वस्त्र धारण, चूड़ी धारण, नीला काला वस्त्र धारण	३४
रोम वाले वस्त्र धारण, रेशमी वस्त्र धारण, वस्त्र धारण नक्षत्र, पहिले पहिल वस्त्र धुलवाना, साबुन आदि से वस्त्र धुलवाना, स्त्री का सुवर्ण आदि धारण, भूषण बनवाना या धारण, वृक्ष रोपण या बोना, वृक्ष चक्र	३५
हल से बीज बोना, राहु नक्षत्र में बीज बोना, वृक्ष लता आदि सींचना, हल चक्र, पहिले पहिल हल चलाना, बीज बोना, धान रोपना, बीजोप्ति वर्जित, अङ्कुर रोपना, खेत काटना	३६
धान्य छेदन, अन्न गाहना, अनाज भरना, अनाज बाढ़ी पर देना, नवा अन्न भक्षण, नवा अन्न चक्र, नये वर्तन में भोजन, नवीन पात्र चक्र, गाय बैल खरीदना बेचना, गौ कब न बेचना	३७
गाय बैल लेना, भैंस लेना, गौशाला प्रवेश, पशु यात्रा वर्जित, पशुओं की रक्षा, पशु गमन क्रय विक्रय आदि, घोड़ा बेचना खरीदना चढ़ना, अश्व चक्र	३८
पालकी सवारी, हाथी बेचना खरीदना चढ़ना, गज चक्र, हाथी हाँकना अंकुश, रथ कर्म, खरीदने बेचने पर विचार, बाजारकार्य खरीदना-बेचना	३९

विषय	पृष्ठ
खरीदने बेचने का मुहूर्त, क्रय विक्रय, दूकान करने का, वाणिज्य कर्म, ऋण लेना वर्जित, ऋण देना व्यापार में लगाना	४०
धन प्रयोग निषेध, धन संग्रह, धन नहीं देना, ऋण लेना, धन न मिले, रुपया जमा करना, व्याज में देना, द्रव्य भूमि में गाड़ना, व्यौहार-बही खाता, भूमि लेना देना, नालिश या अर्जी दावा, मिशनरी चालू करना, नौकरानी	४१
नौकर आदि का जन्म नक्षत्र से विचार, नौकरी, सेवा मुहूर्त, दास दासी सेवा चक्र, नौकरी के लिये आवेदन, नौकरी करने का मुहूर्त, अभिषेक-गद्दी पर बैठना, राज्याभिषेक लग्न नक्षत्र	४२
राज्याभिषेक में पाप ग्रह फल, राज्याभिषेक में शुभ योग, छत्र धारण, राज दर्शन, रत्न परीक्षा, प्रजा से कर लेना, कुम्हार का काम, दर्जी का काम, सुनारी का काम, लुहारी का काम	४३
हथियार बनाना, धारण करना, शस्त्र अभ्यास, धनुर्विद्या, सरकारी रुपया ढलवाना, शिकार, मल्ल क्रीड़ा, शिल्प विद्या	४४
ऊख रस निकालना, कोल्हू चक्र, घानी चक्र, बुहारी (झाड़ू), चूल्हा, चरही (मवेशी को पानी), खाट मुहूर्त	४५
पुल, भूमि सुप्त ज्ञान, सुगन्ध आदि धारण, स्त्री को सुरमा दर्पण आदि, मृदंग आदि वाद्य, नृत्य आरम्भ, नट विद्या, मद्यारम्भ, काष्ठ आदि स्थापन-बठिया, तम्बू बनाना खड़ा करना	४६
चर्म कृत्य जूता पहिरना, लोन बनाना, ईंट थापना, नौका बनाना, नौका चलाना, नौका यात्रा, कथा आरम्भ, धर्म क्रिया आरम्भ, माङ्गलिक पौष्टिक कर्म, होमादि मुहूर्त	४७
अग्नि वास विचार, अग्नि ग्रहण करना, अग्न्याधान मुहूर्त, वीर सन्धान (अभिचार)	४८
यन्त्र मन्त्र आदि साधन, दीक्षा मुहूर्त, संन्यास दीक्षा, सन्धि या प्रीति, सत्य की परीक्षा, नित्य क्षौर, परिहार	४९
बाल बनवाने में त्याज्य नक्षत्र, पति को निषेध, जन्म नक्षत्र कब अशुभ, मुण्डन निषेध, नक्षत्र अनुसार कष्ट बीमारी, अन्य मत से रोग पीड़ा	५०
रोग मुक्त स्नान, स्नान औषधियाँ रोग शान्ति की	५१
सर्प दंश, फस्द खुलवाना, वमन विरंचन, रस सेवन, औषधि सेवन, औषधि बनाना, गर्म पानी में स्नान, प्रेत दाह, गड़ा धन खोदना, दत्तक पुत्र लेना देना लगाना	५२

विषय	पृष्ठ
संस्कार	
रजोदर्शन फल	५३
प्रथम रजोदर्शन नक्षत्र फल, प्रथम योगकरण राशि फल, प्रथम होरा लग्न, ग्रह समय फल, वस्त्र फल	५४
प्रथम रजस्वला स्नान, गर्भाधान	५५
गर्भाधान विचार, गर्भ मास स्वामी ग्रह, गर्भ रक्षा की पूजा, पुंसवन, पुंसवन में वार फल	५६
सीमंतोन्नयन संस्कार, प्रसूता या बालक को क्वाथ, प्रसूता स्नान, प्रसूता स्थान प्रवेश, सूतिका जल पूजा	५७
मूल विचार, गंडांत नक्षत्र, बड़े मूल छोटे मूल, लग्न गंडांत, तिथि गंडांत, गंडांत मूल, अभुक्त मूल, मूल वास	५८
मूल का पुरुष चक्र, मूल चरण फल, आश्लेषा चरण फल, ज्येष्ठा चरण फल, आश्लेषा चक्र, मूल फल प्रकारान्तर से, मूल में उत्पन्न कन्या, गंडान्त अरिष्ट और परिहार	५९
दिन रात्रि गंड, लग्न अनुसार मूल वास, स्तन पान मुहूर्त, दालारोहण, जात कर्म, नाम कर्म	६०
होड़ा चक्र	६१
अभिजित नक्षत्र, नामकरण मुहूर्त, शिशु निष्क्रमण, बालक को भूमि में बैठाना	६२
अन्न प्राशन, लग्न और ग्रह फल उपरोक्त का, ताम्बूल भक्षण बालक को, बालक जीविका परीक्षा, बालक के दाँत निकलना	६३
कर्ण वेध, चूड़ा कर्म (मुंडन), विद्या आरम्भ	६४
व्याकरण आरम्भ, गणित आदि विद्याएँ आरम्भ, लेखन आरम्भ, लिंग या अंडकोष छेदन, केशान्त संस्कार	६५
समावर्तन, यज्ञोपवीत (व्रत बंध), वर्णेश, शाखेश, जन्म नक्षत्र आदि का अपवाद, ग्रह शुद्धि उपरोक्त में	६६
गल ग्रह तिथि, अनध्याय, प्रदोष, वेदों के भेद से यज्ञोपवीत नक्षत्र, ब्रह्मोदन कर्म (दक्षिण का), ग्रह फल यज्ञोपवीत का, चंद्र से शुभाशुभ का	६७
ग्रह नवांश फल, रजस्वला होने पर शांति, वर्णित योग, वेध वर्जित, चैत्र में व्रत बंध शुभ, दुबारा संस्कार	६८
सप्त शलाका वेध, युति दोष, वर्ष मास शुद्धि, अग्निहोत्र मुहूर्त	६९
विवाह	
विवाह में वर कन्या का चुनाव, विवाह के शुभ ग्रह योग, कलत्र रात्रि	७०
विवाह का कारण, प्रश्न लग्न से विवाह योग, प्रश्न काल में शकुन, प्रश्न से कुलटा योग, प्रश्न से वैधव्य योग	७१

विषय	पृष्ठ
प्रश्न से कुल्टा योग, वैधव्य योग, विधवा योग की शांति, स्त्री नाश योग, वर कन्या विनाश योग	७२
विष कन्या योग, विष कन्या परिहार, विवाह के पहले ग्रह से विचार, सास ससुर आदि का ज्ञान	७३
कन्या दोष व गुण, वर दोष व गुण, मंगली विचार	७४
मंगल का दोष परिहार, गुण मिलान, वर्ण गुण चक्र	७६
वश्य गुण चक्र, तारा गुण चक्र, योनि गुण चक्र	७७
ग्रह मैत्री गुण चक्र, गण मैत्री गुण चक्र, भकूट गुण चक्र, नाड़ी गुण चक्र, वर्ण ज्ञान	७८
वर्ण दोष परिहार, वश्य कूट ज्ञान, तारा गुण ज्ञान, योनि कूट ज्ञान	७९
ग्रह मैत्री ज्ञान, गण मैत्री ज्ञान, भकूट (षड़ाष्टक) ज्ञान	८०
नवम पंचम, द्विर्द्वादश विचार, नवम दोष परिहार, नाड़ी गुण ज्ञान, नाड़ी चक्र	८१
नाड़ी दोष विचार, त्रिपाद चतुः पर्व नाड़ी विचार, द्विपाद पंचपर्व गणना, चतुष्पाद त्रिनाड़ी चक्र	८२
नृदूर विचार, दोष परिहार, अन्य प्रकार से वर्ण कूट चक्र	८३
द्विर्द्वादश और नवम पंचम फल, सम सप्तक राशियों के, दशम चतुर्थ राशि अशुभ, सबका परिहार, नवांश विचार, शतपद चक्र गुण मिलान को	८४
वर कन्या गुण मिलान सारिणी	८६
गुण मिलान सारिणी का स्पष्टीकरण, ज्येष्ठ मास विचार विवाह में, संतान भेद से विचार विवाह में, ६ महीने तक क्या नहीं करना	९४
कन्या वरण मुहूर्त, वर वरण (फल दान), विवाह मुहूर्त, वर कन्या को सूर्य चंद्र गुरु विचार, विवाह महीना	९५
गुरु सूर्य दोष परिहार, विवाह के नक्षत्र, ६ नक्षत्र वर्ज्य, लग्न या चन्द्र से अष्टम विचार, इनका परिहार	९६
क्रूर ग्रहों से विद्ध नक्षत्र, इनका परिहार, सप्त शलाका वेध चक्र	९७
पंच शलाका वेध चक्र, पाद वेध विचार, पंच शलाका वेध में विवाह, वेध फल, सप्तम स्थान की शुद्धि	९८
लग्न नवांश स्वामी विचार, लग्न नवांश फल, निंदित नवांश निषेध, लग्न भंग योग	९९
शुभ लग्न, लग्न का विंशोपिका बल, कर्तरी दोष, कर्तरी परिहार, संग्रह दोष	१००
जामित्र दोष, विवाह में पुष्य वर्ज्य, विवाह में और भी दोष विचार, विवाह में त्यागने योग्य दोष	१०१

विषय	पृष्ठ
सूर्य चन्द्र मंगल फल, स्त्री के जन्म बुध फल, अन्य दोषों का परिहार, चंद्र और सूर्य शुद्धि, सन्मुख शुक्र दोष विचार, सन्मुख शुक्र परिहार, शुक्र अंधा विचार	१०२
विवाह के १० महादोष	
विवाह लग्न रेखा, लत्ता दोष, पात दोष	१०३
क्रांति साम्य योग, एकार्गल दोष (खार्जूर), उपग्रह दोष	१०४
यामित्र दोष, जामित्र दोष, अर्द्धयाम दोष, युति दोष व परिहार, कुलिक दोष	१०५
दग्धा तिथि, पंचम दोष व परिहार, वाण दोष	१०६
लोह फर वाले बाण, वाण दोष परिहार, वार भेद से वाण, ऐकार्गल दोष आदि का परिहार, १० योग का दोष	१०७
उपरोक्त १० का परिहार	१०८
मर्म, कंटक, शल्य, छिद्र विचार, ग्रहण उत्पात, नक्षत्र विचार, विवाह भंग योग, सम विषम वर्ण विचार, विवाह बाद क्या नहीं करना, रिक्ता फल विवाह में, विवाह में वर्जित नक्षत्र, ८ प्रकार के विवाह	१०९
वर्ण संकर के विवाह मुहूर्त, गंधर्व विवाह, त्रिपदी चक्र गंधर्व विवाह का, गौधूलिका प्रशंसा, गौधूलिका काल, लग्न पत्र का नमूना, मागरमाटी मर्दार, गौधूलिका में त्याज्य दोष	११०
विवाह के पूर्व कार्य के मुहूर्त, विवाह मंडप आदि छाना, मंडप के खंभे गाड़ना	११२
वेदी लक्षण, मंडप सिराना, कन्या के तेल आदि लगाना, स्त्री का पहिला समागम, बधू प्रवेश, विवाह बाद स्त्री रहने का विचार	११३
द्विरागमन मुहूर्त, त्रिरागमन, मासिक व त्रिमासिक राहु, नई बहू का पाक आरम्भ	११४
गृह मुहूर्त	
वास्तु प्रकरण, गाँव राशि विचार, ऋणी गाँव, ग्राम वास फल, ग्राम निवास विचार	११५
ग्राम में वर्जित वास, ग्राम में कहाँ न बसे, गृह शिलान्यास (नींव), स्तम्भ स्थापन, गृह आरम्भ नक्षत्र, सूतिका गृह, शुभ मास दिन, सूर्य राशि और मास, गृह आरम्भ मास फल, सूर्य की एकता, गृह आरम्भ में पंचांग शुद्धि	११६
राहु मुख देवालय आदि भेद से, राहु चक्र, गृह आरम्भ में शुभ काल	११७
इष्टर्क्ष ज्ञान, ध्वज आदि आय का ज्ञान, इष्ट और नक्षत्र विचार से घर	११८
घर का आय व्यय विचार	११९
घर सम्बन्धी आय वार आदि विचार	१२०

विषय	पृष्ठ
नया घर वर्जित, पृथ्वी शोधन प्रकार, कौन घर कहां हो	१२१
पर हस्त गामी गृह, १६ प्रकार के घर और फल, देवालय मठ आरम्भ	१२२
द्वार, द्वार चक्र	१२३
कपाट चक्र, पनारा विचार, गृह प्रवेश	१२४
सुपूर्व अपूर्व प्रवेश, वाम सूर्य विचार, गृह प्रवेश तिथि, जीर्ण आदि गृह-प्रवेश, कुंभ चक्र गृह प्रवेश में, गृह प्रवेश के बाद कर्तव्य	१२५
कुआ आदि बनवाना	
कूप चक्र	१२६
कुआ आदि खुदवाना, जलाशय में राहु मुख, घर में कूप बनाना, तड़ाग चक्र, निवार चक्र, देव स्थापन	१२७
देव स्थापन की लग्न, पुष्करणी (नदी) बनवाना,	
वर्षा विचार	
जल लग्न	१२८
वर्षा, वृष्टि वाहन, ग्रह से वृष्टि विचार,	
यात्रा विचार	
यात्रा, यात्रा मुहूर्त पर विचार, यात्रा के नक्षत्र, दिन त्रिभाग से त्याज्य नक्षत्र	१२९
सर्व काल में शुभ नक्षत्र, वर्ज्य नक्षत्र, वार अनुसार गमन फल, दिशाशूल, वार अनुसार वस्त्र, तिथि अनुसार त्याज्य लग्न, यात्रा में वर्जित तिथि	१३०
यात्रा में वर्जित दिशा, विजय दशमी प्रशंसा, यात्रा में लग्न विचार	१३१
यात्रा सिद्ध, सह गमन वर्जित, अंक मुहूर्त, अडल भ्रमर दोष, हिंवराख्य, यात्रा में शुभ समय	१३२
यात्रा वर्जित, यात्रा में निषिद्ध, मास भेद से यात्रा, तारा, दिशा अनुसार वाहन, चंद्र वास, सन्मुख चंद्र का माहात्म्य, लग्न वास दिशा	१३३
दिशाशूल चक्र, नक्षत्र शूल, योगिनी, काल राहु, काल वेला	१३४
ललाट योग, परिघ दंड दोष, परिघ दण्ड का अपवाद	१३५
दोहद, तिथि दोहद, वार दोहद, दिशा दोहद, नक्षत्र दोहद	१३६
घात विचार, घात चंद्र आदि विचार, सुधित राहु, याम राहु	१३७
काल नाम विचार	१३८

विषय	पृष्ठ
गोरख मत से तिथि चक्र	१३९
चौपहरा मुहूर्त	१४०
राहु कालानल चक्र	१४१
२७ नक्षत्र का अन्तर भोग, चन्द्र का भुक्त भभोग	१४२
सूर्य का भुक्त भभोग, यात्रा में स्वर विचार	१४३
त्रिशूल चक्र, चन्द्र कालानल चक्र	१४४
युद्ध नाड़ी चक्र, भूमि बलाबल ज्ञान, नारद मत से युद्ध समय, युद्ध काल ज्ञान, छाया विचार, युद्ध व यात्रा में कारक, कुलाकुल विचार	१४५
शुभ लग्न, दिग्द्वार राशि, पञ्च स्वर चक्र	१४६
प्रश्न से शुभ यात्रा योग	१४८
प्रश्न से अशुभ यात्रा योग, प्रश्न से यात्रा दिशा निर्णय, सन्मुख शुक्र दोष, शुक्र दोष विचार	१४९
यात्रा में ग्रह बल, यात्रा में भाव संज्ञा, किसको किसका बल, यात्रा के योग	१५०
शत्रु जय योग, पुण्डरीक योग, कामदा योग, पूर्ण चन्द्र योग, मृगेन्द्र योग, धन कारक योग	१५२
कार्यसिद्धि योग, योगाधि आदि योग, यात्रा में शुभ योग, प्रस्थान, प्रस्थान पर भी निषेध, प्रस्थान स्थान	१५३
प्रस्थान फल, प्रस्थान दिशा अवधि, प्रस्थान में नक्षत्र विचार, प्रस्थान के दिन वर्जित, यात्रा में शुभ शकुन, यात्रा में वाम भाग में शुभ शकुन, यात्रा में दाहिने भाग में शुभ शकुन, मंगल कारक शकुन	१५४
दाहिने बाँये कब शुभ, यात्रा में अप शकुन, शुभाशुभ शब्द या दर्शन, शकुन विपरीत, अप शकुन परिहार	१५५
काल होरा, उपयोग, होरा शकुन वार अनुसार, ग्रह अनुसार शकुन	१५६
यात्रा में द्रेष्काण विचार, नाव की यात्रा, यात्रा में दिन का फल, यात्रा से वापसी पर गृह प्रवेश, रुद्रयामले द्विघटिका मुहूर्त, १६ मुहूर्त के नाम और फल	१५७
वार अनुसार मुहूर्त उदय, वार अनुसार गुणोदय फल, रेखा ज्ञान और रेखा चिह्न, गुण वर्ण घात लग्न और कार्य, गुण के घात का विपरीत शुभ	१५८
रविवार के दिन रात्रि का मुहूर्त चक्र	१५९
सोमवार दिन रात्रि का ,, ,,	१६०
मंगल के दिन रात्रि का ,, ,,	१६१

विषय	पृष्ठ
बुध के दिन रात्रि का मुहूर्त चक्र	१६२
गुरु के दिन रात्रि का ,, ,,	१६३
शुक्रवार के दिन रात्रि का ,,	१६४
शनि के दिन रात्रि का मुहूर्त चक्र	१६५
मुहूर्त देखने की रीति, पल्ली पतन फल	१६६
तिथि नक्षत्र और लग्न फल, योग आदि का फल	१६८
दोष शांति उपाय, अंग स्फुरण फल, पिंगल शब्द विचार, छींक विचार	१६९
छींक से छाया विचार, खंजन दर्शन, स्वप्न विचार	१७०
अशुभ स्वप्न	१७१
काक मैथुन दोष, संक्रान्ति आदि का विचार	१७२
संक्रान्ति नाम नक्षत्र वार फल, दिन रात्रि विभाग से फल, शेष संक्रान्तियों के नाम, संक्रान्ति का पुण्य काल, संध्याकाल का प्रमाण, याम्यायन व विष्णु पद आदि का	१७३
सायन सूर्य को संक्राति, नक्षत्र अनुसार संक्रान्ति मुहूर्त, अन्न भाव विचार, चन्द्रोदय से अन्न भाव, कर्क संक्रान्ति का अब्द विंशोपिका, संक्रांति सुप्त को आदि अवस्था	१७४
संक्रांति वाहन वस्त्र आदि का चक्र, संक्रांति फल	१७५
चंद्र अनुसार संक्रांति फल, विषुव संक्रांति नराकार चक्र, संक्रांति की वर्जित घटी, जन्म नक्षत्र से संक्रांति फल, और भी पुण्य काल विचार	१७६
अर्द्ध रात्रि में संक्रांति पुण्य काल, अर्द्ध ज्ञान, संक्राति का फल, संक्रान्ति से वर्षा फल, सुप्त आदि से वर्षा विचार, करण अनुसार संक्रांति आयुद आदि	१७७
वार नक्षत्र अनुसार संक्रांति फल, अधिक व क्षय मास विचार	१७८
क्षय मास, मास प्रकार, चान्द्र मास के नक्षत्र, कार्य में कौन मास लेना, ऋतु, अयन के कार्य, १३ दिन का पक्ष, सम्वत्सर नाम, सम्वत्सर नाम जानना	१७९
सम्वत्सर संक्रान्ति कार्याधिप	१८०
सम्वत के अधिकारी, राजा आदि का फल, सम्वत्सर स्वामी ५ युगीं, सम्वत्सर के भिन्न विभा लाना	१८१
सब प्रकार के विभा का उदाहरण, सम्वत्सर विभा दिन अनुसार, मेघ प्रकार व फल	१८३
सम्वत्सर लाभ हानि अष्टोत्तरी, सम्वत्सर लाभ हानि विंशोत्तरीमत, लाभ खर्च का विचार, दुर्भिक्ष आदि का विचार, दुर्भिक्ष सुभिक्ष, अगस्त्य उदय	१८४

विषय	पृष्ठ
प्रभव आदि सम्वत्सर आरम्भ, अर्द्धोदय योग, कपिल षष्ठी	१८५
गोचर प्रकरण	
ग्रहों का शुभाशुभ स्थान का चक्र, चक्र का स्पष्टीकरण	१८५
ग्रह वेध, सूर्य का, मंगल शनि राहु का, चन्द्र बुध गुरु का, ग्रह शुभ स्थान वेध, वाम वेध चक्र	१८७
गोचर फल, चंद्र फल विचार, एक राशि में ग्रह व शुभाशुभ समय, चन्द्र का विशेष शुभाशुभत्व, जन्म नक्षत्र से ग्रह अंग फल, सूर्यादि नक्षत्र से जन्म नक्षत्र फल	१८८
चन्द्र अवस्था और फल, अवस्था के नाम और क्रम	१८९
अवस्था और समय चक्र, चन्द्र मास में जन्म नक्षत्र दिन, ग्रह नक्षत्र अनुसार गोचर फल, गोचर चंद्र, ग्रह कितने दिन पूर्व फल देते हैं	१९०
ग्रहण फल जन्म राशि अनुसार, चन्द्र सूर्य ग्रहण समय, एक मास में २ ग्रहण चंद्र सूर्य ग्रहण समय, देश अनुसार ग्रहण राशि फल, केतु उदय और ग्रह युद्ध	१९२
नक्षत्र अनुसार केतु उदय फल, वस्तु मंहगी, इंद्र धनुष आदि कुयोग फल, रवि चंद्र मंडल फल, पशु पक्षी आदि नाश योग, अषाढ़ पूर्णिमा पवन फल, होलिका पवन फल	१९३
ग्रह शान्ति को रत्न धारण, ग्रहों की शान्ति को औषधि	१९४

श्री गणेशाय नमः

गणप गिरा शिव सूर्य नित, सुमरो मंगल हेत।
पूर्ण करेंगे काज सब, विघ्न सकल हर लेत ॥ १ ॥
ग्रह तारागण आदि सब, रवि प्रभाव आधार।
सकल कीजिये काज निज, शुभ समय निर्धार ॥ २ ॥
तिथि नक्षत्र योगादि ये, चंद्र सूर्य आधीन।
जैसे तिमिर प्रकाश वत, समय शुभाशुभ कीन ॥ ३ ॥
समयानुसार चतुर जन, साध लेंहि सब काम।
तभी मनोरथ पूर्ण हो, सुधरे कार्य ललाम ॥ ४ ॥

वर्ज्यावर्ज्य प्रकरण

शुभ मुहूर्त विचारने के समय नीचे बताये योगों को साधारण प्रकार से शुभ कार्य में वर्जित करना।

(१) जन्मर्क्ष (जन्म नक्षत्र), जन्म तिथि, जन्म मास, श्राद्ध दिन (माता-पिता की मृत्यु का दिन), माता का रजोदर्शन, चित्त भंग, रोग या उत्पात आदि।

(२) क्षय तिथि, वृद्धि तिथि, क्षय मास, अधिमास, क्षय वर्ष, दग्ध तिथि।

(३) विष्कुम्भ, वज्र इन योगों के आदि की ३ घड़ियाँ वर्जित हैं। परिघ योग का पूर्वार्द्ध, शूल योग की प्रथम ५ घड़ी, गंड, अतिगंड इनके आदि की ५ घड़ी, अन्य मत से ६ घड़ी, व्याघात के आदि की ९ घड़ियां वर्जित हैं। व्यतीपात और वैधृति सम्पूर्ण वर्जित करना।

(४) तिथि, नक्षत्र और लग्न इन तीनों प्रकार के गंडांत।

(५) भद्रा (विष्टि करण)।

(६) रविवार, मंगलवार, शनिवार को पाप ग्रह की होरा।

(७) तिथि नक्षत्र तथा दिन के परस्पर बने कई दुष्ट योग जो अन्यत्र दिये हैं।

(८)

तिथि	सप्तमी	५	६	८	९	१०	११
नक्षत्र	अश्विनी	हस्त	मृग	अनुराधा	पुष्य	रेवती	रोहिणी
वार	मंगल	रवि	सोम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि

इनका योग शुभ कार्य में वर्जित है।

(९) पापग्रह युक्त, पाप भुक्त या पाप भोग, पाप विद्ध नक्षत्र या लत्ता वाला नक्षत्र, नक्षत्रों की विष संज्ञक घटियां।

(१०) पापग्रह युक्त चंद्र, पापयुक्त लग्न, या पापयुक्त लग्न का नवांश।

(११) जन्म राशि या जन्म लग्न से अष्टम लग्न, दुष्ट स्थान ४, ८, १२ का चंद्र क्षीण चंद्र वर्जित है। शुक्ल पक्ष सब कार्यों में शुभ है। कृष्ण पक्ष की १३, १४, ३ तिथि अन्य मत से ८ तिथि भी वर्जित है। शेष तिथियां शुभ हैं।

(१२) लग्नेश ६, ८, १२ स्थान में हो, जन्मेश अस्त हो, पापग्रहों का कर्तरी योग हो तो वर्जित है।

(१३) दोपहर और अर्द्ध रात्रि की संधि के १० पल पहिले के १० पल बाद के अर्थात् २० पल वर्जित हैं।

(१४) मास के अंत का दिन, नक्षत्र के आदि की २ घड़ियां, तिथि के अंत को १ घड़ी, लग्न के अंत की आधी घड़ी वर्जित है।

(१५) वर्ष में अषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक वर्जित है।

(१६) जिस नक्षत्र पर मंगल आदि पाप ग्रहों का युद्ध हो ६ महीने बाद तक शुभ कार्य नहीं करना। ग्रहों के एक राशि एक अंश कला आदि समान होने पर ग्रह युद्ध कहा जाता है जिसका स्पष्टीकरण गणित खंड में दिया है।

(१७) पात, एकार्गल, क्रांति साम्य इसका वर्णन विवाह प्रकरण में दिया है। वर्जित हैं।

(१८) ग्रहण के पहिले ३ दिन और बाद के ७ दिन वर्जित हैं। जिस नक्षत्र पर ग्रहण पड़ा है वह नक्षत्र वर्जित है। उस दिन कोई शुभ काम नहीं करना। ग्रहण खग्रास हो तो वह नक्षत्र ६ मास तक वर्जित है। यदि आधा ग्रहण हो तो ३ महीने तक, चौथाई ग्रहण हो तो एक मास तक वह नक्षत्र वर्जित है। यदि ग्रहअस्तोदय या ग्रहअस्तास्त हो तो ३ दिन पहले और ३ दिन बाद के वर्जित हैं। अर्थात् ग्रहण पड़ते समय सूर्य या चंद्र अस्त हो जाय तो पहिले ३ दिन में कोई शुभ काम नहीं करना। यदि ग्रहण पड़ते समय सूर्य चन्द्र उदय हो तो ग्रहण के बाद के ३ दिन में कोई शुभ काम नहीं करना।

(१९) गुरु शुक्र का अस्त बाल्य वार्द्धक्य गुर्वादित्य (गुरु सूर्य जब तक एक राशि में रहें) गुरु की वक्रता व अतिचार। गुरु के अस्त के पूर्व १५ दिन, वार्द्धक्य और उसके बाद १५ दिन बाल्य शुक्र के पूर्व अस्त के पूर्व १५ दिन पश्चिम अस्त के पूर्व ५ दिन वार्द्धक्य है। पूर्वोदय के बाद ३ दिन पश्चिम उदय के पूर्व १० दिन बाल्य है। अन्य मत से गुरु और शुक्र के १०-१० दिन, अन्य मत से ७-७ दिन ही बाल्य और वार्द्धक्य है। आवश्यकता में किसी ने कहा है कि बाल्य और वार्द्धक्य के ३ दिन ही वर्जनीय हैं।

सिंह और मकर का गुरु वर्जनीय है।

चंद्र कृष्णपक्ष १४ का वार्द्धक्य और शुक्ल १ का बाल्य है।

अमावस्या का चंद्र अस्त है।

(२०) केतु उदय, भूकम्प आदि उत्पात होने के पश्चात् ७ दिन तक ७ दिन मना है। वसंत आदि ऋतुओं में बिजली गिरना आदि शुभ उत्पात है। परन्तु इनको छोड़कर दूसरे ऋतुओं में होने के कारण उनको उत्पात कहा गया है।

परिहार—गर्भाधान से अन्नप्राशन तक संस्कारों में उक्त अस्त आदि दोषों का प्रतिबंध नहीं है।

उत्पात प्रकार

उत्पात ३ प्रकार के संसार में होते हैं (१) भौम, (२) दिव्य, (३) आंतरिक्ष। प्रकृति के विरुद्ध जो बातें प्रगट हों उनको उत्सर्ग वा उत्पात कहते हैं।

(१) भौम उत्पात—भूमि चल-अचल पदार्थों में जो उत्पात हैं वे एकदेशीय भौम उत्पात कहलाते हैं। भौम उत्पातों का तुच्छ फल होता है।

(२) दिव्य उत्पात—ग्रह नक्षत्र और केतुओं के उत्पात दिव्य उत्पात कहलाते हैं। इनका पूर्ण फल होता है।

(३) आन्तरिक्ष उत्पात—निर्घात, परिवेश, उल्का, इन्द्रपुर आदि उत्पातों को आंतरिक्ष उत्पात कहते हैं जिसका पूर्णफल ६ मास या १ वर्ष में होता है।

यदि रात्रि में इंद्र धनुष दिखाई दे, दिन में उल्का तथा तारा दिखे, बड़ी उल्का का गिरना, आकाश से लकड़ो, घास तथा रुधिर की वर्षा, दिशाओं में धुंआं, रात-दिन भूकम्प हो ये सब दुष्ट लक्षण हैं और देश को हानि पहुँचाते हैं। गंधर्व नगर आकाश में महल आदि दिखें, विना अग्नि के चिनगारी उड़ना, विना ईंधन के अग्नि का जलना रात में सफेद काक दिखना, गाय हाथी घोड़े ऊँटों आदि के शरीर में से चिनगारी निकलना, २-३ सिर वाले काले जंतु या किसी जाति के जंतु में दूसरी जाति का जंतु उत्पन्न होना, सूर्य के चारों ओर अन्य सूर्य का दिखाई देना, मनुष्य बस्ती में गीदड़ का रहना, पूछ वाले तारा का दिखाई देना। रात्रि में कौआ का तथा कबूतरों का शब्द, विना समय वृक्षों में फूल-फल निकलना आदि महा उत्पात कहलाते हैं। किसी का फल स्थाननाश किसी का मृत्यु है, किसी का फल शत्रुभय, किसी का उदासीन से भय, किसी का फल पशु नाश, किसी का फल नाश, अपयश होता है किसी का दुःख-सुख मिश्र फल होता है।

उल्कापात—आकाश से तारे गिरना। हरिश्चंद पुर गंधर्व नगर = आकाश महल आदि दिखना। निर्घात = भयंकर शब्द के साथ बिजली गिरना। दिग्दाह = दिशाओं का लाल रंग आदि दिखना।

उपरोक्त योगों का स्पष्टी करण और भी आगे दिया गया है।

कुलिक अर्द्धयाम आदि योगों का विचार

वर्तमान वार से शनि तक गिन कर × २ = जो अंक आवे वही = कुलिक

,, ,, बुधवार ,, ,, × २ = ,, ,, ,, = कालवेला

,, ,, गुरुवार ,, ,, × २ = ,, ,, ,, = यमघंट

,, ,, मंगल ,, ,, × २ = ,, ,, ,, = कंटक

उदाहरण—रविवार को जानना है।

रवि से शनि तक ७ × २ = १४ वां मुहूर्त रवि को = कुलिक हुआ

,, बुध ,, ४ × २ = ८ वां ,, ,, = कालवेला

,, गुरु ,, ५ × २ = १० वां ,, ,, = यमघंट

,, मंगल ,, ३ × २ = ६ वां ,, ,, = कंटक

दिन के १६ वें अंश को मुहूर्त कहते हैं।

कुलिक में शुभ कार्य करे तो = कार्य सर्वथा नाश

कालवेला में ,, ,, ,, = मृत्युदायक

यमघंट में ,, ,, ,, = दरिद्रता

कंटक में ,, ,, ,, = विघ्नकर्ता

कालवेला में यात्रा = मृत्यु हो। विवाह = स्त्री विधवा हो। व्रतबंध = ब्रह्म हत्या का पाप लगे। इस कारण इसे वर्जित करना। परन्तु इनका रात्रि में दोष नहीं है। यदि अति आवश्यक कोई कार्य हो तो इन दोनों का उत्तरार्द्ध त्याग करना।

वार	रविवार	सोम०	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनिवार	
कुलिक दिन में	१४ वां	१२	१०	८	६	४	२	
रात्रि में	१३	११	९	७	५	३	१	
कालवेला दिन	पंचम	२	६	३	७	४	१-८ यमार्द्ध कालवेला	
रात्रि में	६	४	२	७	५	३	१-८ यमार्द्ध कालरात्रि	

वार	रविवार	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
कालवेला	८	६	४	२	१४	१२	१०
यमघंट	१०	८	६	४	२	१४	१२
कंटक	६	४	२	१४	१२	१०	८
अर्द्धयाम	७	९	३	९	१५	५	१

अर्द्धयाम (यमार्द्ध) = १ प्रहर का आधा। अर्द्धयाम चक्र

वार	रविवार	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
संख्या	४	७	२	५	८	३	६
प्रहर	१२	२४	४	१६	२८	८	२०
तिथि	१	२८	८	२०	२२	१२	२४

रविवार को चतुर्थ सोम को सप्तम आदि ऊपर बताये अनुसार यमार्द्ध वार वेला होता है। प्रत्येक वार में पूर्वोक्त वार वेला राहु की होती है यह वर्जित है। यही चौघड़िया चक्र में नीच बताया है। दिनमान ÷ ८ = १ यमार्द्ध। १ दिन = ४ प्रहर = ८ घड़ी। यमार्द्ध = आधा प्रहर = ४ घड़ी। एक मुहूर्त = २ घड़ी = $\frac{\text{दिनमान}}{१६}$ दिनमान के घटने बढ़ने से उपरोक्त समय में अन्तर पड़ता है।

दिन रात्रि का चौघड़िया = नाम सदृश फल = यमार्द्ध वारवेला

वार	रविवार		सोम		मंगल		बुध		गुरु		शुक्र		शनि	
समय	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि
	उद्वेग	चर	अमृ०	का०	रो	उ	ला	अ	शु	रो	च	ला	का	शु
	चर	लाभ	का	शु	उ	च	अ	का	रो	उ	ला	अ	शु	रो

वार	रविवार		सोम		मंगल		बुध		गुरु		शुक्र		शनि	
समय	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि	दिन	रात्रि
	लाभ	अमृत	शु	रो	च	ला	का	शु	उ	च	अ	का	रो	उ
	अमृत	काल	रो	उ	ला	अ	शु	रोग	च	ला	का	शु	उ	च
	काल	शुभ	उ	च	अ	का	रो	उ	ल	अ	शु	रो	च	ल
	शुभ	रोग	च	ला	का	शु	उ	च	अ	का	रो	उ	ला	अ
	रोग	उद्वेग	ला	अ	शु	रोग	च	ला	का	शु	उ	च	अ	का
	उद्वेग	चर	अ	का	रो	उ	ला	अ	शु	रो	च	ला	का	शुभ

चौघड़िया मुहूर्त के स्वामी

मुहूर्त	उद्वेग	चर	लाभ	अमृत	काल	शुभ	रोग
स्वामी	रवि	शुक्र	बुध	चन्द्र	शनि	गुरु	मंगल

इनमें चर, लाभ, अमृत और शुभ श्रेष्ठ है। इनमें शुभ कार्य करना। परन्तु यात्रा में इनके साथ दिशाशूल का भी विचार करना। जिसके विषय में आगे बताया है।

कार्य में चौघड़िया का लोग स्थूल रूप से इस प्रकार विचार कर लेते हैं। दिन हो तो मध्याह्न तक ४ पश्चात् ४ सूर्य अस्त तक मुहूर्त सूर्योदय के पश्चात अनुमान कर समय का विभाग कर लेते हैं। परन्तु रीति यह है कि दिनमान को ६० घड़ी से घटाने पर रात्रिमान होता है। दिनमान या रात्रिमान में ८ का भाग देने पर एक मुहूर्त का समय निकल आता है। इस समय के घड़ी पल को $\times \frac{3}{5}$ अर्थात् २ का गुणा कर ५ का भाग देकर घंटा मिनट बना लो। सूर्योदय के घंटा मिनट में जोड़ते जाने से एक मुहूर्त का समय निकल आयगा। आगे और जोड़ते जाने से सूर्य अस्त तक के आठों मुहूर्त का समय निकल आयगा।

उदाहरण—सोमवार को दिनमान मान लो ३३ घ०–३० प० है। ६० से इसे घटाने पर रात्रिमान २६–३० प्राप्त हुई। रात्रि का मुहूर्त जानना है। रात्रिमान २६–३० ÷ ८ = ३ घ०–१८ प०–४५ वि० = घंटा १–१९–३०। उस दिन सूर्योदय ५-१८ अस्त घंटा ६–४२ पर है। रात्रिमान का अष्टमांश घंटा १–१९–३० में सूर्य अस्त का समय ६–४२ जोड़ा तो सोमवार की रात्रि को ८–१–३० बजे तक काल का चौघड़िया रहेगा। पश्चात् इसमें १–१९–३० और जोड़ा तो प्रगट हुआ कि रात्रि को ९–२१ बजे पर शुभ नाम का दूसरा मुहूर्त आयगा वह अच्छा है। इसी प्रकार और आगे के मुहूर्त निकाल लेना।

दिशाशूल विचार के सम्बन्ध में मत यह है कि यात्रा में जो चौघड़िया चुना है देखना उस चौघड़िया का स्वामी ग्रह यात्रा की दिशा का दिशाशूल सूचक है या नहीं, यदि है तो उसे त्याग कर अन्य में यात्रा करना। जैसे लाभ में उत्तर जाने का विचार है। लाभ का स्वामी बुध है जैसा ऊपर बताया है। उत्तर में बुध दिशाशूल सूचक है अतः लाभ की यात्रा में कष्ट होगा इस कारण उसे त्याग अन्य चौघड़िया में यात्रा करना।

अर्द्धयाम चक्र में राहु की बारवेला दी है उसके अनुसार चौघड़िया चक्र में रविवार को चौथा, सोमवार को सातवाँ, मंगल को दूसरा इत्यादि अर्द्धयाम में बताये चक्र के अनुसार चौघड़िया में बारवेला राहु की समझना।

कालवेला चक्र के अनुसार रविवार को दिन में पाँचवाँ कालवेला और छठवाँ काल वेला रात्रि में। सोमवार को दूसरा यामार्द्ध कालवेला चौथा कालवेला रात्रि आदि चक्र के अनुसार होगा उसे चौघड़िया चक्र में विचार लेना।

राहु की बारवेला, कालवेला, कालरात्रि शुभ कार्य में त्यागना।

भद्रा विचार

तिथि के आधे को करण कहते हैं। विष्टिकरण को भद्रा कहते हैं। शुक्ल पक्ष की अष्टमी और पूर्णमासी इन दोनों तिथियों के पूर्वार्द्ध में और चौथ और एकादशी के उत्तरार्द्ध में भद्रा होती है। कृष्ण पक्ष की तीज और दशमी इन दोनों तिथियों के उत्तरार्द्ध में और सप्तमी एवं चतुर्दशी इन दोनों तिथियों के पूर्वार्द्ध में भद्रा होती है।

भद्रा तिथि	४	८	११	१५	३	७	१०	१४
भद्रा मुख प्रहर	५	२	७	४	८	३	६	१
भद्रा पूछ प्रहर	८	१	६	३	७	२	५	४

इन प्रहरों में पूर्व ५ घड़ी भद्रा का मुख अशुभ है। नीचे बताये प्रहरों में अन्त की ३ घड़ी पूछ के शुभ हैं।

तिथि के उत्तरार्द्ध में होने वाली भद्रा यदि दिन में हो तो वह = शुभ करणी होती है।
,, पूर्वार्द्ध ,, ,, ,, रात्रि ,, ,, = शुभ करणी होती है।

भद्रा का निवास

लोक	स्वर्गवास	पातालवास	मृत्यलोकवास
चन्द्र राशि	१, २, ३, ८	६, ७, ९, १०	४, ५, १०-११

जिस लोक में भद्रा का निवास हो उसी लोक में उसका शुभाशुभ फल भी होता है। अर्थात् मृत्युलोक में भद्रा हो तब मृत्युलोक वासियों को अशुभ होता है। भद्रा भूलोक में हो तो सदा वर्जित करना। कार्य सिद्ध नहीं होता। स्वर्ग में = धन धान्य प्राप्ति। पाताल में भी धन प्राप्ति फल कहा है।

भद्रा मुख पुच्छ विचार

भद्रा	मुख	गला	छाती	नाभि	कमर	पुच्छ
घटी	५	१	११	४	६	३
फल	कार्यनाश	मरण	धन हानि दरिद्रता	बुद्धिनाश कलह	कलह उन्मत्तता	विजय जय

अति आवश्यक कार्य में भद्रा का मुख केवल छोड़ देना क्योंकि सर्प के मुँह में विष है। इससे सर्पणी भद्रा का मुँह छोड़ देना। वृश्चिक के पूंछ में विष है इससे वृश्चिक को भद्रा की पूंछ छोड़ देना।

भद्रादोष—जो अपनी भलाई चाहता हो तो कोई काम भद्रा में नहीं करना, युद्ध में, राज दर्शन में, वैद्य बुलाने में, जल के तरने में, शत्रु के उच्चाटन करने में, स्त्री सेवा करने में, यज्ञ स्नान में और गाड़ी की सवारी में भद्रा का विचार नहीं करना।

करण नाम और फल

	शुक्ल पक्ष		कृष्ण पक्ष			
	पूर्व दल	उत्तर दल	पूर्व दल	उत्तर दल	स्वामी	फल
किंस्तुघ्न	१	स्थिर	०	०	वायु	सब शुभ कार्य करे
बव	५ १२	१ १५	४ ११	७ ०	इंद्र	व्रत उत्सव देवालय आदि शुभ कर्म
बालव	२ ९	५ १२	१ ८	४ ११	ब्रह्मा	ब्राह्मणों से हित करे
कौलव	६ १३	२ ९	५ १२	१ ८	पित्र	उन्माद और मित्रता करे
तैतिल	३ १०	६ १३	२ ९	५ १२	सूर्य	विवाह आदि मङ्गल कार्य करे।
गर	७ १४	३ १०	६ १३	२ ९	भूमि	बीज बोना हल चलाना।
वणिज	४ ११	७ १४	३ १०	६ १३	लक्ष्मी	देव प्रतिष्ठा घर दूकान व्यापार।
विष्टि	८ १५	४ ११	७ १४	३ १०	यम	सब वर्जित परन्तु विष घात क्रूर कर्म वर्जित नहीं।
शकुनि	स्थिर	० ०	० ०	० १४	कलि	मित्रोपदेश औषधि ग्रहपूजा।
चतुष्पद	स्थिर	० ०	३० ०	० ०	वृषभ	गौ ब्राह्मण राज्य पितृ सम्बन्धी कार्य।
नाग	स्थिर	० ०	० ०	० ३०	सर्प	सौम्य कर्म, युद्ध में जाना धीरज, विद्याभ्यास कर्म।

मुहूर्त बनाना

किसी शुभ कार्य को वर्ष मास दिन आदि की शुद्धि देख कर जिस कार्य के लिये जो मास तिथि नक्षत्र विहित कहे गये हैं वे किस दिन मिलें उस दिन अपनी जन्म राशि के अनुसार चंद्र, तारा और लग्न की शुद्धि देख कर मुहूर्त निश्चित करना चाहिये जैसा आगे बताया है।

वर्ष शुद्धि—जिस वृहस्पति सम्वत्सर के भीतर स्पष्ट गुरु का मार्गी गति से एक राशि में संचार हो वह शुद्ध वर्ष कहा जाता है।

अतिचार—जिस सम्वत्सर में मार्गी गुरु का दो राशियों में संचार हो अर्थात् वर्तमान राशि सम्वत्सर की समाप्ति के पूर्व ही अग्रिम राशि में संचार हो तो वह गुरु का अतिचार कहा गया है। इसके २ भेद हैं।

(१) यदि अतिचारानन्तर पुनः वक्र होकर वह पूर्व राशि में आ जावे तो लघ्वतिचार कहलाता है। उस स्थिति में केवल २८ दिन शुभ कर्म त्याज्य होते हैं।

महा अतिचार क्षय सम्वत्सर—यदि अतिचारानन्तर वक्र होकर पूर्व राशि में नहीं आवे तो महा अतिचार कहलाता है। इस स्थिति में पूर्व राशि सम्वत्सर का लोप हो जाता है। इस लिये लुप्त या क्षय सम्वत्सर कहलाता है।

अधिक सम्वत्सर—जिस सम्वत्सर में स्पष्ट गुरु का राशि संचार नहीं हो वह अधिक सम्वत्सर कहलाता है।

शुद्ध चंद्र मास—जिस चन्द्र मास (२ दर्शान्त के भीतर) में सूर्य की एक संक्रांति हो वह शुद्ध मास है।

क्षयमास—जिस चन्द्र मास में सूर्य की दो संक्रांति हों वह क्षयमास है।

अधिकमास— ,, ,, ,, संक्रांति न हो वह अधिकमास है।

तिथि शुद्ध—जिस तिथि में एक सूर्योदय हो वह शुद्ध तिथि है।

क्षयतिथि—जिस तिथि में सूर्योदय न हो वह क्षय तिथि है।

अधिक तिथि—जिस तिथि में दो सूर्योदय हों वह अधिक तिथि है।

मुहूर्त शुद्धि—जिस कार्य में जो नक्षत्र विहित कहे गये हैं। कार्य काल में उन्हीं नक्षत्रों को शुद्ध समझना।

लग्न शुद्धि—जन्म राशि से ८–१२ बीं राशि छोड़कर अन्य राशि लग्न हो। तथा ८–१२ स्थान में कोई ग्रह न हों। एवं लग्न से केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह और ३-६-११ स्थान में पापग्रह हों तो लग्न शुद्धि कहो जाती हैं। यदि अपनी जन्म राशि से ३-६-१० या १२ वीं राशि लग्न हो तो श्रेष्ठ है।

चन्द्र शुद्धि—जन्म राशि से ४, ८, १२ छोड़कर अन्य राशि में चन्द्र हो।

तारा शुद्धि—जन्म नक्षत्र से इष्ट दिन के नक्षत्र की संख्या में ९ का भाग देना शेष २, ४, ६, ८ बचे तो तारा शुद्ध समझो।

कार्य विशेष में सूर्य शुद्धि—जन्म राशि से २, ५, ७, ९, ११ वीं राशि में गुरु हो। इस प्रकार शुद्ध वर्षादि में चन्द्र तारा आदि की शुद्धि देख कर कार्य करना।

विशेष विचार—शास्त्र में कहा जाता है कि सब प्रकार से शुद्ध योग मिलना कठिन है इसलिये यदि निषिद्ध से विहित की संख्या अधिक हो तो अशुभ फल न होकर शुभ ही फल होता है। इससे अन्य अशुभ योग रहते हुए भी केवल लग्न शुद्धि हो जाय तो अशुभ योगों के फल न होकर शुभ फल होता है।

गुण दोष विचार—गुण या दोष में कौन अधिक है। इसका विचार यत्न से करना। क्योंकि कई गुण ऐसे हैं जो १०० दोषों को नाश करते हैं। जैसे एक बूंद गङ्गाजल लाख दोषों का नाश करता है। एक बूंद मदिरा कई शुभ नाशक है। इससे बलाबल का विचार कर समय का निर्णय करना। निर्बल दोष गुणों से नष्ट हो जाते हैं और अधिक बलवाला फल देता है।

तिथि आदिका गुण विचार—

तिथि	फल	नक्षत्र	वार	करण	योग	तारा	चन्द्र
१ गुणा	चौगुणा	८गुणा	१६गु०	३२गु०	६०गु०	१००गु०	लग्न करोड़गुणा

मासादि शुद्ध फल—जिस मास में शुद्धि हो सुख और भोग मिलता है। अच्छी तिथि = धन और आरोग्य। नक्षत्र = कार्य सिद्धि। करण = धन प्राप्ति। शुभ योग = इष्ट वस्तु की प्राप्ति। शुभ चन्द्र = अभीष्ट सिद्धि। शुभवार = सर्व सम्पत्तियों की प्राप्ति।

शुभ मुहूर्त = चित्त प्रसन्न हो। शुभ लग्न = बड़ा आनन्द। शुभ लग्नेश = पराक्रम वृद्धि। लग्न बलवान हो = सर्व गुणों का उदय।

कार्य विशेष में ग्रहबल—विवाह तथा उत्सव में गुरु का बल देखना। रजोदर्शन में—सूर्य का। संग्राम में—मङ्गल का। विद्याध्ययन में—बुध का। यात्रा में—शुक्र का। दीक्षा में—शनि का। सब कार्य में—चन्द्र का बल देखना। तारा बली होने से—शुभ चन्द्रमा बली जानो। चन्द्र बल से—सूर्य बली। सूर्य बल से—मङ्गल आदि सब ग्रह बली जानो।

जन्म राशि या नाम राशि विचार—देश, ग्राम, गृह, युद्ध, सेवा तथा व्यवहार में नाम राशि का प्रभाव है। जन्म राशि का विचार नहीं करना। विवाह एवं मंगलादि कार्य, यात्रा तथा गोचर में जन्म राशि प्रधान है नाम राशि नहीं विचारना। कईयों के जन्म नाम के अतिरिक्त व्यवहारों में दूसरा नाम चालू होता है।

स्त्री की राशि शुद्धि—विवाह तथा गर्भाधान में स्त्रियों का चन्द्र बल देखना। शेष कार्यों में पति का चन्द्र बल विचारना। स्त्रियों के सब काम पति की शुद्धि से करना। गर्भाधान आदि का काम स्त्री तथा उसको पति की शुद्धि से करना। विवाह रजोदर्शन, गर्भाधान स्त्री की शुद्धि से करना। शेष कार्य पति की शुद्धि से करना। यदि स्त्री का पति न हो तो स्त्री की शुद्धि से करना।

१२ चन्द्र कब शुभ है—उत्सव, अभिषेक, जन्म, व्रतबंध, विवाह तथा यात्रा में १२ वां चन्द्र शुभ है। पहिले कहा गया है कि ४, ८, १२ स्थान का चन्द्र शुभ कार्य में वर्जित है यह उसका अपवाद है।

चन्द्रतारा बल—शुक्ल पक्ष में चन्द्रमा बलवान होता है। कृष्ण पक्ष में तारा बलवान होता है।

वर्जित तारा—

पहिला	दशवां	१६ वां	१८ वां	२३ वां	२५ वां
जन्म नक्षत्र	कर्म न.	संघात न.	समुदाय न.	विनाश न.	मानस न.

सब कार्यों में इन नक्षत्रों को वर्जित करना।

क्षीण चन्द्र—कृष्ण अष्टमी से शुक्ल अष्टमी तक क्षीण। शुक्ल अष्टमी से कृष्ण ८ तक पूर्ण चंन्द्र है।

शुद्ध स्थान	विवाह में	यात्रा	गृहारंभ	गृहप्रवेश	अन्नप्राशन	सबकार्यों में
ग्रह रहित	सप्तम स्थान	अष्टम स्थान	दशम स्थान	चतुर्थ स्थान	दशम स्थान	अष्टम स्थान

ये स्थान ग्रह रहित होना शुभ है।

गृह प्रवेश, यात्रा, विवाह में वर्जित नक्षत्र—गृह प्रवेश में वर्जित = मङ्गल को अश्वनी में। यात्रा में = शनिवार को वर्जित। विवाह में = गुरुवार को पुष्य में वर्जित करना।

पञ्चांग शुद्धि—तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण को मिलाकर पञ्चाङ्ग कहते हैं। इन पांचों की शुद्धि को पञ्चाङ्ग शुद्धि कहते हैं। यदि पञ्चाङ्ग शुद्धि न हो तो लग्न शुद्धि करना व्यर्थ है।

लग्न शुद्धि—कहा जाता है चन्द्र का बल प्रधान है परन्तु शास्त्रों के अनुसार लग्न बल ही प्रधान है। लग्न में ग्यारहवें स्थान में सब ग्रह शुभ होते हैं। ३,८ स्थानों में सूर्य या शनि शुभ १२ या ३ स्थान में चन्द्र शुभ। ३-६ स्थान में मंगल शुभ। २,३,४, ५,६,९,१० स्थानों में बुध और शुक्र शुभ। २,५,६,८,९,१०,१२ स्थानों में राहु शुभ।

सब कार्यों में ग्रह शुद्धि—सब शुभ कार्यों में ८,१२ स्थानों में ग्रह शुभ नहीं होते। लग्न में पाप ग्रह, छटे स्थान में सौम्य ग्रह, केन्द्र या त्रिकोण में पाप ग्रह शुभ नहीं होते। केन्द्र या त्रिकोण में शुभ ग्रह—शुभ। ३,६,११ में पाप ग्रह शुभ। जो भाव अपने स्वामी या शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, वह अधिक बली होता है और पूर्ण फल देता है। यदि पापग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो विपरीत फल देता है। सम्पूर्ण शुभ कार्यों में क्रूर ग्रह से युक्त लग्न छोड़ देना चाहिए। छठा शुक्र, आठवाँ मङ्गल, छठा व आठवाँ चन्द्र दोष कारक है। जो लग्नेश नीच का हो या शत्रु गृही हो या अष्टम स्थानी हो या अस्तङ्गत हो या वक्री हो ऐसे लग्न को सब कार्यों में त्याग देना, यदि ऐसे योग में कर्म करे तो सङ्कट उपस्थित हो।

लग्न प्रशंसा—लग्न का विचार न कर कोई कार्य किया जाय वह निष्फल होता है। तिथि, नक्षत्र, योग या चन्द्र का बल लग्न की अपेक्षा कोई चीज नहीं है। लग्न की प्रशंसा गर्ग आदि ऋषियों ने की है। जो लग्न बलवान हो अर्थात् अपने स्वामी या शुभ ग्रहों से युक्त दृष्ट हो, पाप युक्त या दृष्ट न हो।

चन्द्र विचार—लग्न में स्थित पाप ग्रह और चन्द्र वर्जित है। किसी का मत है पूर्ण चन्द्र ४,२ या मेष राशि का लग्न में हो तो शुभ है। चन्द्रमा पर गुरु दृष्टि हो या गुरु से युक्त हो तो अशुभ भी चन्द्र शुभ हो जाता है। जब चन्द्र अपने उच्च का ह या शुभ नवांश में हो या अपने अधिमित्र के घर में या अपने अधिमित्र के नवांश का हो तो शुभ होता है।

कन्या को चन्द्र दोष लग्न दोष—लग्न शुभ ग्रहों से और सब गुणों से युक्त ह तब भी चन्द्रमा ६,८,१२ स्थानों में हो तो लग्न दोष होता है। वह लग्न वर्जित करना क्योंकि वह कन्या को आपत्ति कारक है।

चन्द्र संग्रह दोष—जब चन्द्र पाप ग्रह युक्त हो तो इस दोष का नाम संग्रह कारक है।

लग्न दोष परिहार—लग्न में शुक्र हो तो हजार दोष शान्त होते हैं। बुध—१० हजार। गुरु—१ लाख दोष शांत करते हैं। जब त्रिकोण में बुध हो या सप्तम स्थान को छोड़कर शेष केन्द्र स्थान में बुध हो तो हजार दोषों का नाश कारक है। शुक्र = २००, गुरु १ लाख दोषों को शान्त करता है।

जब ग्यारहवें स्थान या केन्द्र में लग्नेश या लग्न नवांशेश हो तो सब दोष नाश होते हैं। ग्यारहवें सूर्य सब दोष नाश करते हैं। केन्द्र या त्रिकोण में शुक्र, गुरु या बुध हो तो सब दोष नाश करते हैं।

सुयोग—जब एक ही दिन में अच्छा योग हो और दूसरा बुरा योग हो तो अच्छा बली योग बुरे योगों को नाश कर देता है। किसी का मत है जब लग्न की शुद्धि हो तो बुरे योग का नाश हो जाता है। तथा दोपहर के बाद भद्रा का दोष भी नहीं रहता।

रात्रि योग—जब सूर्य के नक्षत्र से चन्द्र का नक्षत्र ४, ५, ६, १०, ११ या २० वाँ हो तो रवि योग होता है, यह सब दोषों को नाश करता है। अन्य मत—सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनने से ४, ९, ६, १०, १३, २० ये अंक हों तो रवि योग सब दोषों का नाश करता है।

नक्षत्रों से शुभा-शुभ समय जानना—जन्म नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक संख्या गिनकर ९ का भाग देना। शेष १ गर्दभ = अर्थ नाश, २ घोड़ा = धन लाभ, ३ हस्ती = लक्ष्मी, ४ गेंड़ा = मरण, ५ जंबुक = स्वल्प लाभ, ६ सिंह = सर्व कार्य सिद्धि, ७ काक = निष्फल, ८ मोर = सुख प्राप्ति, ९ हंस = सर्व सिद्धि।

जन्म चन्द्र में वर्जित विशेष—जन्म का चन्द्र सब कार्यों में शुभ है। परन्तु यात्रा, युद्ध, विवाह प्रवेश व क्षौर कर्म इन ५ कार्यों में वर्जित है।

चन्द्रमा का और भी शुभाशुभ विचार—चन्द्र पाप ग्रहों के मध्य हो या पाप युक्त हो व पापग्रह से सप्तम हो तो चन्द्र शुभ भी हो तो भी उसे अशुभ जानो। शुभ ग्रह के नवांश में चन्द्र हो व अपने मित्र नवांश में हो या गुरु से दृष्ट हो तो चन्द्र अपनी राशि से अशुभ हो तो भी शुभ है। अन्य विचार—शुक्ल पक्ष की परिवा को जिसकी राशि से चन्द्र शुभ हो तो दोनों पक्ष में चन्द्र को शुभ समझना अर्थात शुक्ल पक्ष में अशुभ हो कृष्णपक्ष में शुभ हो तो दोनों पक्ष में अशुभ समझना। यह चन्द्र का बल सङ्कट में विवाह में और यात्रा में लेना।

चन्द्र का लोकवास—वर्तमान तिथि में ५ का गुणा कर एक जोड़कर तीन का भाग देना। शेष १—चन्द्र स्वर्ग में। २—पाताल में। ३—मृत्यु लोक में।

चन्द्र का भाव फल—पहिले—लक्ष्मी कारक। २—मन को सन्तोष। ३—धन-सम्पत्ति। ४—कलह। ५—ज्ञान वृद्धि। ६—सम्पत्ति दायक। ७—राज्य सम्मान। ८—मरण प्रद। ९—धर्म लाभ। १०—मनवांछित सिद्धि। ११—सर्व लाभदायक। १२—वें स्थान में हानि कारक।

ग्रह बल और दिन अनुसार कार्य—रविवार सूर्य बली हो = राजा का दर्शन। सोमवार = चन्द्र बली = सर्व कार्य। मंगलवार मंगल बली = युद्ध। बुधवार बुध बली = शास्त्र पढ़ना। गुरुबार गुरुबली = विवाह। शुक्रवार शुक्र बली = यात्रा। शनिवार शनि बली = यज्ञ की दीक्षा।

ग्रहों की संक्रान्ति में ग्रह बल से शुभत्व विचार—चन्द्रमा की संक्रान्ति काल में तारा बली हो तो अशुभ भी चन्द्र २½ दिन तक शुद्ध हो जाता है और शुभ की बात ही

उत्तम है। सूर्य की संक्रान्ति काल में यदि चन्द्र बली हो तो अशुभ भी सूर्य एक महीने तक शुभ कारक होता है, यदि शुभ हो तो और अच्छा है। मंगल की संक्रान्ति काल में यदि सूर्य बली हो तो अशुभ भी मङ्गल १॥ मास तक शुभ होता है। ऐसा ही बुध का भी सूर्य सम्बन्ध से विचारना। अन्य मत—भौमादि संक्रमण में केवल उपचय आदि में होने से शुभ होता है।

गुरु, शुक्र अस्त विचार—गुरु व शुक्र के अस्त रहते जिन-जिन शुभ कर्मों का निषेध किया है वे सब कार्य सिंह व मकर इन दोनों राशियों में गुरु के रहते वर्जित हैं। कोई आचार्य कहते हैं गुरु के वक्री रहते, अतिचार करते सूर्य और गुरु के एकत्र रहते पूर्वोक्त शुभ काम नहीं करना, इसी प्रकार दाँत से व रत्न से बने हुए आभूषणों को गुरु व शुक्र के अस्त काल में नहीं धारण करना।

सिंह के गुरु में विवाह निषेध—सिंह राशि में, सिंह के ही नवांश में गुरु हो तो उतने समय तक विवाह मना है अर्थात सिंह के नवांश छोड़कर सिंह राशि के शेष अंशों में गुरु के रहते विवाह श्रेष्ठ है। अथवा सिंह राशि में गुरु रहते गोदावरी नदी के उत्तर किनारे से लेकर गंगा के दक्षिण किनारे तक के देशों में विवाह आदि शुभ कर्म करने में दोष है। अन्य देशों में नहीं है। अथवा सिंह के गुरु रहते भी मेष के सूर्य हों तो विवाह आदि शुभ कर्म में दोष नहीं है।

सिंहस्थ गुरु दोष परिहार—मघा नक्षत्र के प्रथम चरण से लेकर पूर्वा फा० के प्रथम चरण तक पाँचों चरणों में रहते गुरु सब देशों में निन्दित है। शेष चरणों में अर्थात् पूर्वा फा० के दूसरे चरण से उ० फा० के प्रथम चरण तक ४ चरणों में रहते गङ्गा व गोदावरी इन दोनों नदियों के मध्य में बसने वाले देशों को छोड़कर अन्य देशों में गुरु दोष कारक नहीं है।

यदि मेष के सूर्य हों और गुरु सिंह के हों तो गङ्गा, गोदावरी के मध्य के देशों में भी यज्ञोपवीत व विवाह शुभ है। परन्तु कलिंग, गौड़, गुर्जर इन देशों में सम्पूर्ण सिंहस्थ गुरु वर्जनीय है।

रेवा नदी के पूर्व और गंडकी नदी के पश्चिम और शोण नदी के उत्तर दक्षिण देशों में मकर के गुरु आदि शुभ कार्यों में वर्जित नहीं हैं। किन्तु कोंकण मागध सिन्धु इन देशों में मकरस्थ गुरु शुभ कार्य में वर्जित है।

गुरु शुक्र अस्त में वर्जित कर्म—बावली, कुआँ, तालाब, बगीचा का आरंभ करना, प्रतिष्ठा करना, नवीन व्रत का आरंभ करना, वधू प्रवेश, महा दानादि, यज्ञ आरंभ करना, श्राद्ध, दाढ़ी बनाना, नवान्न, पौशाला, प्रथम रक्षा बंधन, वेद व्रत, वृषोत्सर्ग, बाजार लगाना, बालक का अन्न-प्राशन आदि संस्कार, देव प्रतिष्ठा करना, मंत्र लेना (शिष्य होना) यज्ञोपवीत, विवाह, मुंडन, प्रथम तीर्थ, प्रथम देव का दर्शन, संन्यास लेना, अग्नि तपना, राजा का दर्शन, राजगद्दी पर बैठना, यात्रा करना, चातुर्मास का व्रतारंभ, कर्णवेध, दीक्षा लेना ये सब कर्म गुरु व शुक्र के अस्त, बाल, वृद्ध में वर्जित हैं।

मकर सिंह का गुरु अस्त अतिचार—अस्त में जो कर्म वर्जित हैं वह सिंह मकर के गुरु में भी वर्जित हैं।

मतांतर—वक्र या अतिचार गुरु हो तो भी पूर्वोक्त कर्म वर्जित हैं। गुर्वादित्य में भी वर्जित हैं।

वर्जित पक्ष—पूर्वोक्त कार्यों में १३ दिन का पक्ष पड़े वह भी वर्जित है।

वर्जित समय—गुर्वादित्य १० दिन मानना चाहिए। सिंह का गुरु ३ महीने वर्जित है। अतिचार और वक्री हो तो २८ दिन वर्जित है। गुरु सूर्य अलग-अलग होकर फिर एक राशि में प्रवेश करें तो गुर्वादित्य का दोष निश्चय नहीं होता।

कुयोग वर्जित परिहार—तिथि युक्त, तिथि नक्षत्र से मिले और नक्षत्र वार आदि से मिले कुयोग हूण देश, बंग देश, खस देश में वर्जित हैं। तिथि वार नक्षत्र इन तीनों से बने कुयोग भी उपरोक्त देशों में वर्जित हैं। कुयोग में जो सिद्ध योग पड़े तो कुयोग का नाशकर सिद्धि देता है।

अन्य मत—लग्न शुद्ध होने से कुयोग आदि नाश होते हैं और दोपहर के बाद भद्रा आदिक कुयोग शुभ हैं।

लघु सम्वत्सर दोष अपवाद—२, १, ११, १२ राशियों में से किसी में गुरु उस राशि से अगली राशि में अतिचार कर गये हुए वक्री होकर फिर पूर्व राशि में जिस वर्ष में नहीं आता वह लघु सम्वत्सर कहा जाता है। यह विवाह आदि शुभ कर्म करने के लिये अति निंदित है। परन्तु नर्मदा और गंगा इन दोनों नदियों के मध्य में निन्दित नहीं है।

२७ योगों के नाम—१ विष्कम्भ, २ प्रीति, ३ आयुष्मान, ४ सौभाग्य, ५ शोभन, ६ अतिगंड, ७ सुकर्म, ८ धृति, ९ शूल, १० गंड, ११ वृद्धि, १२ ध्रुव, १३ व्याघात, १४ हर्षण, १५ वज्र, १६ सिद्धि, १७ व्यतीपात, १८ वरियान, १९ परिध, २० शिव, २१ सिद्ध, २२ साध्य, २३ शुभ, २४ शुक्ल, २५ ब्रह्म, २६ ऐन्द्र, २७ वैधृति।

योग वर्जित समय—विष्कंभ आदि योगों में खराब नाम वाले जो योग हैं उनका पहिला चरण अनिष्टकर है। परन्तु धृति और व्यतीपात योगों में चारों चरण, परिधि योग में २ चरण अनिष्ट हैं। अन्य मत है विष्कंभ और वज्रयोग में ३ घड़ी, व्याघात में ९, शूल में ५, गंड और अति गंड में ६ घड़ी शुभ कार्यों में वर्जित है।

सकल कर्म सिद्धयर्थ अभिजित मूहूर्त ज्ञान—

रविवार	सोमवार	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
२०	१६	१५	१४	१३	१२	१२ अंगुल

उपरोक्त बताये दिन को उपरोक्त अंगुल नाप की शंकु खड़ा करे जैसे इतवार को २० अंगुल नाप का शंकु खड़ा करे। दोपहर को जब छाया शंकु के मूल बराबर हो उस समय से लगाकर एक घड़ी तक अभिजित संज्ञक मुहूर्त होता है। इस समय में सर्व कार्य आरंभ करने से सिद्ध होता है। अभिजित मुहूर्त में जन्म होने से राजयोग होता है। इसमें व्यापार करने से सफलता होती है।

गल ग्रह—तिथि १३, १४, १५ (पूर्णमासी) और कृष्ण पक्ष में १, ७,८, ९, ४, ३० (अमावस्या) इन तिथियों का नाम गलग्रह है। ये यज्ञोपवीत आदि कर्म में वर्जित हैं।

ग्रह दिशा आदि—

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु
दिशा	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैऋत्य
जाति	क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	ब्राह्मण	ब्राह्मण	अंत्यज	अंत्यज
वर्ण	लाल	श्वेत	लाल	हरा	पीत	श्वेत	श्याम	श्याम

अवम तिथि—कभी कभी एक तिथि दो दिन में हो जाती है। कभी कभी एक तिथि का लोप हो जाता है। इसे अवम तिथि कहते हैं सौर मास से तारीख २४ घंटे की होती है। सौर दिन और चन्द्र दिन में २४ मिनट (२$\frac{2}{5}$ घड़ी) का अन्तर हो जाता है। चन्द्र मास २९॥ दिन का होता है। चन्द्र वर्ष ३५४ दिन का होता है इस कारण तिथि नक्षत्र योग घट बढ़ जाते हैं।

नन्दा आदि तिथियों का चक्र

तिथि नाम	नन्दा	भद्रा	जया	रिक्ता	पूर्णा
तिथियाँ	१, ६, ११	२, ७, १२	३, ८, १३	४-९-१४	५-१०-१५-३०
सिद्धा	शुक्रवार	बुधवार	मंगलवार	रविवार	गुरुवार
अधम तिथि	रविवार	सोमवार	बुधवार	गुरुवार	शनिवार
(मृत्युयोग)	मंगलवार	शुक्रवार			
शुक्लपक्ष में	१—अशुभ	२—अशुभ	३—अशुभ	४अशुभ	५—अशुभ
शुभाशुभ	६—मध्यम	७—मध्यम	८—मध्यम	९—मध्यम	१०—मध्यम
	११—शुभ	१२—शुभ	१३—शुभ	१४—शुभ	१५—शुभ
कृष्णपक्षमें	१ शुभ	२ शुभ	३ शुभ	४ शुभ	५ शुभ
शुभाशुभ	६ सम	७ सम	८ सम	९ सम	११ सम
	११ अशुभ	१२ अशुभ	१३ अशुभ	१४ अशुभ	३० अशुभ
तिथिअनुसार	५,७,८,१०	९, १२	३, ६	१, ४	२, ११
ये लग्न वर्जित हैं					

तिथि के स्वामी आदि का चक्र

तिथि	विशेष नाम	संज्ञा	स्वामी	फल	शुक्ल पक्ष में	कृष्ण पक्ष में	तिथि में वर्जित
१ प्रतिपदा	वृद्धि	नंदा	अग्नि	सिद्धि	अशुभ	शुभ	कूष्मांड
२ द्वितीया	सुमंगला	भद्रा	ब्रह्मा	कार्यसाधिनी	,,	,,	कटेरीफल
३ तृतीया	सबला	जया	गौरी	आरोग्य	,,	,,	लवण
४ चतुर्थी	खला	रिक्ता	गणेश	हानि	,,	,,	तिल
५ पंचमी	श्रीमती	पूर्णा	सर्प	शुभा	,,	,,	खटाई

६ षष्ठी	कीर्ति	नंदा	स्कंद	अशुभा	मध्यम	मध्यम	तैल
७ सप्तमी	मित्रपदा	भद्रा	सूर्य	शुभा	,,	,,	आँवला
८ अष्टमी	कलावती	जया	शिव	व्याधिनाशिनी	,,	,,	नारियल
९ नवमी	उग्रा	रिक्ता	दुर्गा	मृत्यु	,,	,,	काशीफल
१० दशमी	धर्मिणी	पूर्णा	यम	धनदा	,,	,,	परवल
११ एकादशी	नंदा	नंदा	विश्वेदेव	शुभा	शुभ	अशुभ	दलिया
१२ द्वादशी	यशोवला	भद्रा	हरि	सर्वसिद्धि	,,	,,	मसूर
१३ त्रयोदशी	जयकरा	जया	मदन	सर्वसिद्धि	,,	,,	बैंगन
१४ चतुर्दशी	क्रूरा	रिक्ता	शिव	उग्रा	,,	,,	मधु
१५ पूर्णिमा	सौम्या	पूर्णा	चंद्र	पुष्टिदा	,,	,,	घृत
३० अमावस्या	दर्श	०	पितर	अशुभा	०	०	स्त्री प्रसंग

प्रत्येक तिथि के कर्म

तिथि १—विवाह, यात्रा, व्रतबंध, प्रतिष्ठा, सीमंत, चूड़ा, वास्तु कर्म ग्रह प्रवेश आदि मङ्गल कार्य नहीं करना। परन्तु यहाँ विशेषतः शुक्ल १ या कृष्ण १ में भी कुछ होते हैं जिसका मुहूर्त मैं कहीं कहीं दिया है।

२—राज सम्बन्धी, अंग या चिह्नों के कृत्य, व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा भूषणादि कर्म शुभ होते हैं।

३—उक्त कर्म और गमन सम्बन्धी कृत्य, शिल्प, सीमंत, चूड़ा, अन्न प्राशन ग्रह प्रवेश भी शुभ है।

४—४, ९, १४ रिक्ता में अग्नि कर्म, मारण कर्म, बंधन कृत्य, शस्त्र, विष अग्नि दाह घात आदिक कृत्य शुभ और माङ्गलिक कार्य अशुभ हैं।

५—समस्त शुभ कृत्य करना, परन्तु ऋण न देना। देने से नाश होता है।

६—तेलाभ्यंग, यात्रा, पितृ कर्म और दन्त काष्ठों के बिना सभी मङ्गल एवं पौष्टिक कर्म करना तथा संग्राम उपयोगी शिल्प वस्तु भूषण वस्त्र भी शुभ हैं।

७—जो कर्म २, ३, ५, ७ में कहे हैं विरुद्ध होते हैं।

८—रण उपयोगी कर्म, वास्तु कृत्य, शिल्प, राज कृत्य, लिखने का काम, स्त्री रत्न भूषण कृत्य शुभ हैं।

१०—२, ३, ५, ७ में जो कहे हैं वे सिद्ध होते हैं।

११—व्रत उपवास आदि समस्त धर्म कृत्य, देवता उत्सव, वास्तु कर्म, संग्रामिक कर्म, शिल्प शुभ है।

१२—समस्त स्थावर जंगम के धर्म पुष्टि कारक शुभ कर्म सब सिद्ध होते हैं।

१३—२, ३, ५, ७ के उक्त कर्म शुभ दायक होते हैं।

१५—पूर्णिमा यज्ञ कर्म, पौष्टिक, मङ्गल, संग्राम उपयोगी, वास्तु कर्म, विवाह, शिल्प, समस्त भूषण आदि सिद्ध होते हैं।

३०—अमावस्या में पितृ कार्य मात्र होते हैं। कहीं २ शास्त्रोक्त उग्र कर्म भी कहे हैं।

नंदा आदि तिथियों के कार्य

नन्दा में—गीत, नृत्य, कृषि, कर्म, पितृ, उत्सव, गृहादि कर्म, वस्त्र भूषण धारण, शिल्पादि कर्म अर्थात् बढ़ई आदि का काम शुभ है।

भद्रा में—विवाह, जनेऊ, यात्रा, भूषण धारण, शिल्प कर्म, कला सीखना, हाथी घोड़ा व रथ कर्म ये सब शुभ है।

जया—फौज के कर्म, युद्ध कर्म, अस्त्र-शस्त्र का उत्सव, गृहादि कर्म, औषधि कार्य, वणिज कर्म शुभ है।

रिक्ता—शत्रु का वध, बंधनादि कर्म, शस्त्र चलाना, अग्नि लगाना, शुभ है। रिक्ता में मङ्गल कार्य कभी नहीं करना।

पूर्णा—जनेऊ, विवाह, यात्रा, राज गद्दी पर बैठना, शान्ति कर्म पौष्टिक कर्म शुभ है।

तिथि अनुसार वर्जित कर्म—छठ=तेल लगाना। अष्टमी=मांस भक्षण। चतुर्दशी=बाल बनाना। अमावस्या=मैथुन। २, १०, १३, तिथि=उबटन। ७, ९, ३०=आंवले के फल सहित स्नान वर्जित हैं।

ये वर्जित नहीं—छठ को शनिवार हो=तेल सेवन। दुर्गा अष्टमी=मांस खाना। तीर्थ में १४ तिथि को क्षौर में दोष नहीं है। दीप मालिका अमावस को मैथुन वर्जित नहीं है।

ये खाना वर्जित है—१ तिथि=कुम्हड़ा भोजन। २ बिजोरा नोबू ३-परवल। ४=भंटा। ५=बेल। ६=तिपकोरा। ७=आंवला खाना वर्जित है।

दतून निषेध—६-१-३० तिथि को दतून निषेध है।

तात्कालिक तिथि में कर्म विचार—स्नान, अभ्यंजन, दन्तधावन, मैथुन, जन्म तथा मरण में तात्कालिक तिथि लेना।

तिथिवार नक्षत्र के योग का चक्र

योग	रविवार	सोमवार	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनिवार
सिद्धा तिथि	०	०	३,८,१३	२,७,१२	५,१०,१५, ३०	१,६,११	४,९,१४
दग्धा तिथि	१२	११	५	३	६	८	९
विषाख्या तिथि	४	६	७	२	८	९	७
हुताशन तिथि	१२	६	७	८	९	१०	११
अधम तिथि	७,१२	११	१०	९	८	७	६
वर्जित तिथि न०	५ हस्त	६ मृग	७ अश्व	८ अनु.	९ पुष्य	१० रेवती	११ रोहि
मृत्यु योग तिथि	१,११,७	२,७,१२	१,६,११	३,८,३३	४,९,१४	१,६,११	४,९,१४
क्रकच तिथि	१२	११	१०	९	८	७	६
उत्पात नक्षत्र	विशाखा	पूषा	धनि.	रेवती	रोहि.	पुष्य	उफा.
मृत्यु योग नक्षत्र	अनुराधा	उषा०	शत	अश्व.	मृग.	श्ले.	हस्त
काण (काल)	ज्ये०	अभि०	पूभा.	भरणी.	आर्द्रा	मघा.	चित्रा
सिद्ध योग	मूल	श्रवण	उभा.	कृति.	पुनर.	पूफा.	स्वाती

अमृत सिद्धि	हस्त	श्रवण	अश्व.	अनु.	पुष्य	रेवती	रोहिणी
सर्वार्थ सिद्धि	हस्त मूल	रोह.मृग	अश्व.कृति.	रोह.हस्त.	पुष्य रेवती	रेवती अनु.	श्र. स्वा.
	तीनों उत्तरा	पुष्य श्र.	उभा श्लें.	अनु.कृति.	अनु.अश्व.	अश्व. श्रव.	रोह.
	पुष्य अश्व	अनुराधा		मृग	पुनर.	पुनर.	
यम दंष्ट्र	मघा धनि.	मू. विशा	कृति.रोह.	पूषा.पुन.	उषा.अश्व.	रोह.अनु.	श्र.शत
यम घ०	मघा	विशा.	आर्द्रा	मूल	कृति.	रोहि.	हस्त.
मुसल वज्र	भर०	चित्रा	उषा	धनि.	उफा.	ज्ये.	रेवती
मूसल	अभि०	पूभा.	भर.	आर्द्रा	मघा.	चित्रा	ज्येष्ठा
दग्ध नक्षत्र	भरणी	चित्रा	उषा.	धनि.	उफा.	ज्ये.	रेवती.
चर	पूषा०	आर्द्रा	विशा.	रोहि.	पुष्य	मघा	मूल
सम्वर्तक	तिथि ७	०	०	ति. १	०	०	०

योगों पर विचार—अमृत सिद्धि योग सर्व प्रकार की सिद्धि देता है। सम्वर्तक सदा वर्जित है। यम दंष्ट्र, यमघण्ट, दग्ध नक्षत्र, काण योग, मृत्यु योग, उत्पात योग, ये नाम सदृश फल देते हैं शुभ कार्यों में वर्जित हैं। क्रकच योग में वार और अंक मिलकर १३ हो जाता है। जैसे बुधवार का अङ्क ९ है बुधवार चौथा वार है मिलकर १३ हो जाते हैं, शुभ कार्य में वर्जित है। दग्ध, विष और हुताशन तिथि और वार से बने योग नाम सदृश फल देते हैं। शुभ कार्य में वर्जित हैं। ज्वालामुखी योग भी शुभ कार्य में वर्जित है। शून्य लग्न भी शुभ कार्य में वर्जित है। पक्षरंध्र तिथियों में जो वर्जित घटी बताई है। उनको छोड़कर शेष शुभ है। इन वर्ज घटियों में कार्य करने से उस कार्य का नाश होता है। ज्वालामुखी योग का अशुभ कार्यों में उपयोग होता है। यमघण्ट विशेषकर यात्रा में वर्जित है।

परिहार—यमघण्ट की ८ घड़ी, मृत्यु योग की १२ घड़ी वर्जित है। पाप योगों में मध्याह्न के उपरांत अशुभ फल नहीं होता, पङ्गु, अन्ध और काण लग्न तथा मास शून्य तिथियां गौड़ और मालवा देश में वर्जित है, अन्य देशों में नहीं।

तिथि और पाप से बने योग तथा तिथि और नक्षत्र से उत्पन्न या नक्षत्र और वार से उत्पन्न योग हूण वंग और खश देशों में वर्जित है।

यदि चन्द्रमा शुभ हो तो मृत्यु, क्रकच, दग्ध आदि योगों का अशुभ फल नहीं होता। कुछ आचार्यों का मत है एक प्रहर के बाद इन योगों का दुष्ट फल नहीं होता। अन्य मत से केवल यात्रा में ही वर्जित हैं।

यदि दुष्ट योग और सिद्ध योग दोनों साथ पड़ें तो बुरे योग को शुभ योग नष्ट कर देता है और शुभ फल देता है।

ज्वालमुखी योग = तिथि	३	४	५	८	९	
नक्षत्र	अनु.	उत्तरा	मघा	रोहणी	कृतिका	

पक्ष रंध्र तिथि	४	६	८	९	१२	१४
वर्जित घटी	८	९	१४	२५	१०	५

तिथि में आवश्यकता	तिथि	४	६	८	९	१२	१४
में वर्जित घटी	घटी	८	९	१४	२५	१०	५

तिथि की	तिथि	१	३	५	७	९	११	१३
शून्य लग्न	लग्न	७, १०	५, १०	३,६	४, ९	४, ५	९, १२	२, १२

तिथि अनुसार	१	२	३	५	७	८	९	११	१२	१३

निंदित नक्षत्र	उषा	अनु	उत्तरा तीनों	मघा	रोह. मूल	हस्त	पूभा.	कृ.	रोह.	अश्व. स्वा.	चित्रा

युगादि तिथि	शुक्ल पक्ष कार्तिक ९	वैशाख ३	कृष्ण पक्ष भाद्र १२	माघ ३०

मन्वाद्य तिथि शुक्ल पक्ष की

चैत्र	कार्तिक	आषाढ़	ज्येष्ठ	फाल्गुन	अश्विनी	माघ	पौष	भाद्र
३	१५-१२	१०-१५	१५	१५	९	७	११	३

कृष्ण पक्ष की श्रावण ३०–८

युगादि और मन्वाद्य तिथियों में विवाह आदि शुभ कर्म नहीं करना चाहिये।

नक्षत्र नाम और स्वामी

नक्षत्र	स्वामी	नक्षत्र	स्वामी	नक्षत्र	स्वामी
१ अश्विनी	अश्विनी कुमार	११ पू. फा.	भग देवता	२१. उ. षा	विश्वे देव
२ भरणी	यमराज	१२ उ. फा.	अर्यमा	२२ अभिजित	विधि (ब्रह्मा
३ कृतिका	अग्नि	१३ हस्त	सूर्य	२३ श्रवण	विष्णु
४ रोहणी	ब्रह्मा	१४ चित्रा	विश्वकर्मा	२४ धनिष्ठा	वासुदेव
५ मृग.	चन्द्र	१५ स्वाती	वायु	२५ शत.	वरुण
६ आर्द्रा	शिव	१६ विशा.	इंद्र व अग्नि	२६ पू. भा.	अज चरण
७ पुनर्वसु	अदिति देव	१७ अनु.	मित्र	२७ उ. भा.	अहिर्बुध्न्य
८ पुष्य	वृहस्पति	१८ ज्येष्ठा	इन्द्र	२८ रेवती	पूषा
९ आश्लेषा	सूर्य	१९ मूल	राक्षस		
१० मघा	पितर	२० पूषा	जल		

(१) ध्रुव, स्थिर नक्षत्र—उ० फा०, उ० षा०, उ० भा०, रोहिणी ये ४ नक्षत्र व रविवार इन नक्षत्रों में स्थिर कार्य करना; बीज बोना, घर बनाना, शांति कर्म करना व गाँव के समीप बगीचा आदि लगाना और मृदु (६) संज्ञक नक्षत्रों का भी कार्य ये सब सिद्ध होते हैं। इन नक्षत्र और इस वार में कार्य सिद्ध होते हैं।

(२) चर व चल नक्षत्र—स्वाती, पुनर, श्रवण, धनि०, शत०, ये ५ नक्षत्र व सोमवार। इनमें हाथी घोड़ा आदि पर चढ़ना, बगीचे आदि में जाना, यात्रा करना और लघुसंज्ञक (४) नक्षत्रों का भी कार्य सिद्ध होते हैं।

(३) क्रूर व उग्र नक्षत्र—पू० फा०, पू० षा०, पू० भा०, भरणी, मघा और मंगलवार इनमें मारण, अग्नि का कार्य, शठता का कार्य, विष का कार्य, हथियार का कार्य। इसमें दारुण संज्ञक (७) नक्षत्रों का कार्य भी सिद्ध होते हैं।

(४) क्षिप्र व लघु—नक्षत्र = हस्त, अश्व, पुष्य, अभिजित व गुरुवार इसमें बाजार का कार्य, स्त्री संयोग, शास्त्र आदि का ज्ञान, आभूषण बनवाना, दूकान का काम, पहिनना व चित्रकारी, गाना बजाना आदि कला के कार्य और चर संज्ञक (२) नक्षत्रों के भी कार्य सिद्ध होते हैं।

(५) मिश्र या साधारण नक्षत्र—विशाखा, कृतिका और बुधवार इनमें अग्नि होत्र व शुभाशुभ मिला कार्य व वृषोत्सर्ग आदि और उग्र संज्ञक (३) नक्षत्रों का भी कार्य सिद्ध होते हैं।

(६) मृदु व मैत्र नक्षत्र—मृग, रेवती, चित्रा, अनुराधा और शुक्रवार इनमें गाना व वस्त्र पहिरना आदि व स्त्री के साथ क्रीड़ा व मित्र कार्य, आभूषण पहिरना आदि सिद्ध होते हैं।

(७) तीक्ष्ण व दारुण नक्षत्र—मूल, ज्येष्ठा, आर्द्रा, श्लेषा और शनिवार इनमें अभिचार (जादू) अर्थात् पुरश्चरण आदि से मारना और घात (हथियार से मारना) और उग्र अर्थात् निर्दय कार्य, पशु दमन (हाथी घोड़े आदि का सिखाना) आदि काम सिद्ध होते हैं।

नक्षत्र में वस्तु न मिले—तीक्ष्ण संज्ञक, मिश्र संज्ञक, ध्रुव संज्ञक, उग्र संज्ञक नक्षत्रों में और भद्रा व व्यतीपात में जो द्रव्य किसी को दिया या धरोहर धरा या व्याज पर कर्ज दिया या कहीं गिर गया या चोरी गया वह फिर किसी प्रकार से नहीं मिले।

(१) अधोमुख नक्षत्र (नीचे देखता है)—तीनों पूर्वा, मघा, श्ले०, विशा०, कृति०, भरणी मूल—इनमें भूमि कार्य, उग्र कार्य, कुआँ, बावली आदि खोदना, युद्ध करना आदि नीचे के कार्य शुभ हैं।

(२) ऊर्ध्व मुख—तीनों उत्तरा, पुष्य, रोह०, श्रव०, धनि०, शत०,—इनमें देव स्थान व मंडप बनाना, बंदनवार पताका बांधना, छत्र धारण, ऊँचे मकान बनवाना, गृह कार्य, अभिषेक, घोड़े की सवारी आदि कार्य शुभ है।

(३) तिर्यङ्मुख—रेवती, अश्व०, ज्ये०, अनु०, हस्त, चित्रा, स्वा०, मृग, पुनरा० इनमें वृक्ष लगाना, वाणिज्य कर्म, वाहन, यंत्रादि अर्थात् गाड़ी आदि, रहूंट यात्रा आदि शुभ है।

अन्धाक्ष आदि नक्षत्र

अंधाक्ष = धनि०, पुष्य, रोह०, पूषा, विशा०, उफा० रेवती=अंध लोचन, मंदाक्ष= हस्त, उषा, अनु०, शत०, श्ले०, अश्व, मृग = मंद लोचन, मध्याक्ष = आर्द्रा, मघा, पूभा०, चित्रा, ज्ये०, अभि०, भरणी = काण लोचन = स्वक्ष = स्वा, पुन०, श्रव०, कृति०, उभा०, मूल, पूफा = सुलोचन। फल = कोई वस्तु चोरी जाय या गुमे तो = अंध

लोचन = शीघ्र मिले। मंदाक्ष = प्रयत्न अर्थात् बड़े उपाय से मिले। मध्याक्ष = दूर से सुन पड़े मिले नहीं। म्वक्ष = किसी तरह भी न मिले।

६ नाड़ी नक्षत्र

जन्म नाड़ी—जिस नक्षत्र में जन्म हुआ—उपतापित होने से—चेष्टा, देह व अर्थ हानि
कर्म नाड़ी—जन्म नक्षत्र से दशवीं नाड़ी—,, ,, —कर्म की हानि
संघातिक नाड़ी— ,, १६वां नक्षत्र—,, ,, —देह, धन व बंधुओं की हानि
समुदाय ,, — ,, १८वां ,, —,, ,, —मित्र भृत्य और अर्थ का नाश
विनाश ,, — ,, २३वां ,, —,, ,,—शरीर धन और सम्पत्ति का नाश
मानस ,, — ,, २५वां ,, —,, ,, मानस पीड़ा

राजाओं की तीन नाड़ी अधिक हैं।

स्वजाति नाड़ी = स्वजाति निरूपित नक्षत्र

देश नाड़ी = देश नाम की जो नाड़ी (नक्षत्र)

अभिषेक नाड़ी = जिस नक्षत्र पर अभिषेक हो।

जन्म प्रभृति ६ नाड़ियों के मध्य में मनुष्य की कोई एक नाड़ी या समस्त नाड़ियाँ दूषित हों तो उन दोषों की शांति के लिये एक दिन उपवास कर गायत्री पाठ पूर्वक अग्नि में दूध वाले वृक्ष की समिधा द्वारा अष्टोत्तर सहस्र हवन करे।

प्रत्येक नक्षत्रों के कार्य—इनमें करने योग्य कर्म

(१) अश्विनी = वस्त्र, उपनयन, क्षौर, सीमंत, भूषण, स्थापना, गज, स्त्री, कृषि कर्म।

(२) भरणी = बावली, कुआँ, तालाब आदि, विष शस्त्रादि उग्र एवं दारुण कर्म रंध्र प्रवेश, गणित, धरोहर वस्तु रखना।

(३) कृतिका = अग्न्याधान, अस्त्र शस्त्र, उग्र कर्म, मिलाप, विग्रह, दारुण कर्म, संग्राम, औषधि आदि कर्म।

(४) रोहिणी = सीमंत, विवाह, वस्त्र भूषण, स्थिर कर्म, अश्व, गज के कर्म अभिषेक प्रतिष्ठा।

(५) मृग० = प्रतिष्ठा, भूषण, विवाह, सीमंत, क्षौर, वास्तु कृत्य, यात्रा, गज, अश्व, ऊँट के कृत्य।

(६) आर्द्रा = ध्वजा, तोरण, संग्राम, दीवाल, संधि, विग्रह, अस्त्र शस्त्र कर्म, वैर, रसादि कर्म।

(७) पुन० = प्रतिष्ठा, सवारी, सीमंत, वस्त्र, वास्तु, उपनयन, धान्य भक्षण।

(८) पुष्य = विवाह विना, समस्त शुभ कृत्य।

(९) श्लेषा = झूठ, व्यसन, द्यूत, धातुवाद, औषधि, संग्राम, विवाद, रस क्रिया, व्यापार।

(१०) मघा = कृषि, व्यापार, गौ, अन्न, विवाह, नृत्य गीत, रण उपयोगी कृत्य।

(११) तीनों पूर्वा = कलह, विष, शस्त्र, अग्नि, दारुण, उग्र संग्राम, मांस विक्रय।

(१२) तीनों उत्तरा = प्रतिष्ठा, सीमंत, अभिषेक, व्रतबंध, प्रवेश, स्थापना, वास्तु कर्म।

(१३) हस्त = प्रतिष्ठा, विवाह, सीमंत, उपनयन, सवारी, वस्त्र, क्षौर, वास्तु, भूषण, अभिषेक।

(१४) चित्रा=क्षौर, प्रवेश, वस्त्र, सीमंत, व्रतबंध, प्रतिष्ठा, वास्तु, विद्या, भूषण।

(१५) स्वा०=प्रतिष्ठा, उपनयन, विवाह, सीमंत, वस्त्र, भूषण, विवाद, कृषि, क्षौर, हस्ति कर्म।

(१६) विशा०=वस्त्र, भूषण, व्यापार, लिखना, नृत्य गीत, रस, धान्य संग्रह, शिल्प आदि।

(१७) अनु०=प्रवेश, स्थापना, विवाह, व्रतबंध, अष्ट प्रकार मंगल, वस्त्र, भूषण, संधि विग्रह, वास्तु, स्थापना।

(१८) ज्ये०=क्रूर कर्म, उग्र कर्म, शस्त्र व्यापार, भैंसे गौ का कृत्य, जल कर्म, नृत्य, आदि शिल्प, लोहे का कर्म, पत्थर का काम लिखना।

(१९) मूल विवाह, कृषि, वाणिज्य, उग्र, दारुण, संग्राम, औषधि, नृत्य, शिल्प, संधि विग्रह, लेखन।

(२२) श्रवण=प्रतिष्ठा, क्षौर, सीमंत, उपनयन, यात्रा, औषधि, पुर, ग्राम गृह प्रवेश, पट्टाभिषेक।

(२३) धनि०=शस्त्र, सीमंत, उपनयन, क्षौर, प्रतिष्ठा, सवारी, भूषण, वास्तु प्रवेश।

(२४) शत०=प्रवेश, स्थापना, क्षौर, मौंजी, सीमंत, औषधि, अश्व कर्म, वास्तु कर्म।

(२७) रेवती=विवाह, व्रतबंध, सीमंत, प्रतिष्ठा, सवारी, अश्व कर्म, प्रवेश, वस्त्र, क्षौर, औषधि, कृत्य।

अन्तरङ्ग बहिरङ्ग नक्षत्र—सूर्य के नक्षत्र से ४ नक्षत्र अन्तरङ्ग हैं। बाद ३ नक्षत्र बहिरङ्ग। फिर ४ अन्तरङ्ग इसी क्रम से गिनना। इसमें वैसा ही कर्म करना। जैसे पशुओं का लाना अन्तरङ्ग में भेजना बहिरङ्ग में।

तारा ज्ञान—जन्म नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना फिर ९ का भाग देना। शेष १—जन्म तारा। २—सम्पत। ३—विपत्। ४—क्षेम। ५—प्रत्यरि। ६—साधक। ७—बध। ८—मैत्र। ९—अति मैत्र तारा। कृष्ण पक्ष में तारा बली है। शुक्ल पक्ष में चन्द्र बली है। पण्डित लोग कृष्ण पक्ष में तारा ग्रहण करते हैं। चन्द्रमा नहीं ग्रहण करते।

शुभ तारा ६ है १, २, ४, ६, ८, ९, अशुभ तारा ३, ५, ७ हैं।

प्रथम आवृत्ति में अधिक दोष होता है। दूसरे में दोष कम हो जाता है। तीसरे आवृत्ति के तारे को ग्रहण करना।

दोष परिहार—बध तारा = सुवर्ण तिल। विपत = गुड़। प्रत्यरि = लवण दान करना। तीनों जन्म ताराओं में शाक के दान से दोष शान्त होता है।

तारा दोष का दूसरा परिहार—जन्म नक्षत्र से २७ वें नक्षत्र तक तीन आवृत्तियाँ होती हैं। उसमें पहिली आवृत्ति में (३) विपत, (५) प्रत्यरि, (७) मृत्यु (बध)

ये सम्पूर्ण तारा शुभ नहीं होते, दूसरी आवृत्ति में इन्हीं ताराओं का पहिला विपत, दूसरा प्रत्यरि, तीसरा बध का अंश शुभ नहीं होता। अर्थात तीसरा विपत तारा के पहिले २० अंश अशुभ और अगले ४० अंश शुभ हैं। पाँचवाँ प्रत्यरि तारा के मध्य के २० अंश अशुभ आदि के २० अंश और अन्त के २० अंश शुभ होते हैं। सातवाँ बध तारा में अन्त के २० अंश अशुभ और मध्य के ४० अंश शुभ होते हैं। तीसरी आवृत्ति में ये तीसरा, पाँचवाँ और सातवाँ तारा सम्पूर्ण शुभ है। अर्थात पहिली आवृत्ति में ३, ५, ७ की पूरी ६० घड़ी नेष्ट। दूसरी आवृत्ति में विपत के आदि की २० घड़ी प्रत्यरि के मध्य का २० घड़ी, बध के अन्त का २० घड़ी छोड़ देना। तीसरी आवृत्ति में सभी शुभ है।

द्विपुष्कर योग—यदि रविवार, मङ्गलवार, शनिवार इन दिनों में यदि २, ७, १२ तिथि हो और धनिष्ठा, चित्रा, मृग का नक्षत्र हो तो द्विपुष्कर योग होता है। इनमें किसी की मृत्यु हो तो २ की मृत्यु हो। कोई वस्तु खो जाय या लाभ हो तो दो की हानि या लाभ हो।

त्रिपुष्कर योग—रविवार, मङ्गल, शनिवार इन दिनों में २, ७, १२ तिथि हो और विशाखा, उत्तरा फाल्गुनी, पूर्व भाद्रपद, पुनर्वसु, कृतिका, उ०षा० ये नक्षत्र हों तो त्रिपुष्कर योग होता है। इनमें यदि किसी के घर में कोई मरे तो ३ प्राणी मरें, कोई वस्तु खो जाय तो तीन वस्तु गुमें, कोई वस्तु का लाभ हो तो ३ वस्तुओं का लाभ हो। इनके आपस में मिलने से ये योग बनता है।

पञ्चक—धनिष्ठा का उत्तरार्द्ध, शत० पूभा० उभा० और रेवती इन ४॥ नक्षत्रों को पञ्चक कहते हैं। अर्थात कुंभ मीन के चन्द्र में पञ्चक होता है।

इनमें मुर्दा का जलाना, दक्षिण दिशा की यात्रा, खाट बिनना, घर छाना, इन सब काम को त्यागे। तम्बू बनावे, घास, लकड़ी, काष्ट एकत्र न करे।

प्रत्येक वार के कर्म—

रविवार—राज्य अभिषेक, उत्सव कर्म, यात्रा करना, गौ पालन, अग्नि में हवन, मन्त्रोपदेश, औषधि खाना, शस्त्र बनाना, सोना, ताँवा, ऊन, चर्म व काष्ठ का काम तथा युद्ध कर्म, बाजार लगाना।

सोमवार—शङ्ख, कमल, मोती, चाँदी का काम, भोजन, स्त्री-भोग, वृक्ष लगाना, कृषि कर्म, जल कर्म, भूषण आदि बनवाना, गान विद्या सीखना, यज्ञ कर्म, दूध-दही मथना, सींग मढ़ना, पुष्प कर्म, वस्त्र कर्म शुभ है।

मङ्गलवार—भेद कर्म, अन्याय कर्म, (चोरी आदि) विष कर्म, अग्नि कर्म, मद्य कर्म, घात कर्म, शाठ्य कर्म, दम्भादि कर्म, सोना निवेश व धातु मूँगा रत्न आदि कर्म शुभ है।

बुधवार—चतुरता, पुण्य, विद्या पढ़ना, कला सीखना, शिल्प विद्या सीखना, धातु कर्म, सोने का आभूषण जड़ना, मोती आदि मित्रता व विवाद ये कर्म शुभ हैं।

गुरुवार—धर्म क्रिया, पुष्टि कर्म, यज्ञ कर्म, विद्या अभ्यास करना, मांगलिक कर्म करना, सोना या वस्त्रादि कर्म, गृह बनवाना, यात्रा करना, रथ बनवाना, औषधि, यात्रा, भूषण धारण।

शुक्रवार—स्त्री-प्रसंग, गान विद्या सीखना, शैया बनाना, मणि रत्न कर्म, भेदनादि कर्म, वस्त्र कर्म, उत्साह, अलंकार व भूमि कर्म, बाजार कर्म, गौ कर्म, द्रव्य कर्म, खेती कर्म।

शनिवार—गृह प्रवेश, दीक्षा लेना, हाथी बांधना, स्थिर कर्म करना, दास कर्म, शस्त्र कर्म, झूठ बोलना, चोरी करना ये कर्म शनिवार को करना शुभ है।

वार दोष परिहार—जिस वार का जो कृत्य है वह न मिले तो उसी वार के होरा में करना शुभ है। दूसरा परिहार वार का दोष रात्रि को नहीं होता। कुछ का मत है कि रविवार, मंगल, शनिवार का दोष रात्रि को विशेष कर नहीं है।

वार का होरा जानना $\frac{\text{इष्ट} \times २}{५} \div ७ = \text{शेष}$ १ २ ३ ४ ५ ६ ७ शनि गुरु मंगल सूर्य शुक्र बुध चंद्र

जो वार हो उस वार से उसमे शेष अंक उपरोक्त गिनने से इस काल में वार का होरा प्राप्त होगा। जैसे सोमवार को इष्ट ४० पर क्या होरा होगा जानना है। $\frac{४०\times २}{५} = ८ \times २ = १६ \div ७ =$ शेष २। सोमवार से २ गिना १ चंद्र, दूसरा शनि। इससे शनि का होरा आया। दूसरा उदाहरण इतवार को इष्ट ३० पर $\frac{३०\times २}{५} = ६ \times २ = १२ \div ७$ शेष ५ इतवार से ५ गिना इतवार, शुक्र, बुध, चंद्र, शनि। यहां पांचवां शनि होने से शनि का होरा आया। जब ५ का भाग देने से शेष बचता है तो अंतिम शेष में १ बढ़ा देना चाहिये। जैसे सोमवार इष्ट $\frac{३८\times २}{५} = \frac{७६}{५} = १५\frac{१}{५}$ यहां शेष १ बचा है इससे १५ ÷ ७=शेष १ + १=२ चंद्रवार से दूसरा शनि आया=शनि का होरा। दूसरी रीति= (इष्ट × २) − ($\frac{\text{इष्ट} \times २}{५}$ का शेष) ÷ ७=इष्ट दिन से क्रमानुसार शेष संख्या तक गिनने पर जो आवे वह होरा होगा जैसे सोमवार इष्ट ३८ × २=७६। $\frac{३८\times २}{५} - \frac{७६}{५} - १५\frac{१}{५} =$ शेष १, ७६−१=७५ ÷ ७=शेष ५ + १=६ इधर वार सोमवार है इससे क्रमानुसार गिना सोम १, मंगल २, बुध ३, गुरु ४, शुक्र ५, शनि ६.=शनि का होरा आया।

इष्ट काल (इष्ट घटी) के अनुसार होरा चक्र

इष्ट घटी			वार का काल होरा						
२॥	२०	३७॥	५५	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
५	२२॥	४०	५७॥	शुक्र	शनि	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु
७॥	२५	४२॥	६०	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	सूर्य	चंद्र	मंगल
१०	२७॥	४५	०	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	सूर्य

इष्ट घटी			वार का काल होरा					
१२॥	३०	४७॥	०	शनि	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र
१५	३२॥	५०	०	गुरु	शुक्र	शनि	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध
१७॥	३५	५२॥	०	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	सूर्य	चंद्र

अपनी राशि के स्वामी के शत्रुग्रह की होरा में नीचे बताये हुए कार्य नहीं करना।

होरा के कार्य—जिन-जिन ग्रहों का जो वार है उसमें कहा कर्म उसके होरा में भी करे। रवि के होरा में—राज सेवा शुभ। चंद्र—सर्व कार्य शुभ। मंगल—युद्ध कार्य शुभ। बुध—ज्ञान प्राप्ति शुभ। गुरु—विवाह कार्य शुभ। शुक्र—गमन में शुभ। शनि होरा—द्रव्य संग्रह शुभ।

वार	रविवार	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
वार स्वामी	शिव	दुर्गा	कार्तिकेय	विष्णु	ब्रह्मा	इंद्र	काल
क्रूर या शुभ	क्रूर	शुभ	क्रूर	शुभ	शुभ	शुभ	क्रूर
उग्र मृदु आदि	स्थिर	क्रूर	उग्र	सम	लघु	मृदु	तीक्ष्ण
देवता	अग्नि	जल	पृथ्वी	हरि	इंद्र	इंद्राणो	ब्रह्मा

वार प्रवेश जानना

सूक्ष्म रीति से वार का आदि कब से समझा जाय इसके लिये वार प्रवेश का समय निकालने का गणित करना पड़ता है। रीति=मध्याह्न रेखा से अपने स्थान का अन्तर निकालकर मिनट बना लेना ६ घंटा में इसे जोड़ने से इष्ट स्थान का वार प्रवेश का समय प्रगट होगा। यदि वार प्रवेश के समय से सूर्योदय बाद को होगा तो दोनों के अन्तर का जो समय होगा उतने मिनिट पहिले वार प्रवेश होगा। यदि वार प्रदेश का समय सूर्योदय के समय से अधिक हो तो दोनों के अन्तर का समय होगा उतने मिनिट सूर्योदय बाद वार प्रवेश होगा।

जैसे नरसिंहपुर का वार प्रवृत्ति समय जानना है। इसके लिये जानना है कि मध्याह्न रेखा से नरसिहपुर पूर्व या पश्चिम है। यहाँ उज्जैन को मध्य रेखा मान कर देशान्तर निकालेंगे।

नरसिंहपुर देशान्तर ७९–११

उज्जैन	७५–४५	
अन्तर	३–२६	
	×४	
	१३–४४	
	=१४ मि०	

नरसिंहपुर में सदा घंटा–मि०

	६–०
	+–१४
वारप्रवृत्ति	=६—१४

सूर्योदय से वार प्रवृत्ति अधिक है तो

+अन्तर। कम हो तो ऋण अन्तर

जैसे वार प्रवेश ६—१४ — सूर्योदय ५–४० = घं० मि० ०—३४ =सूर्योदय के बाद वार प्र० होगा।

जैसे सूर्योदय ६–३० — वार प्रवेश ६—१४ = घं० मि० ०—१६ =सूर्योदय के पहिले वार प्र० होगा।

दूसरा उदाहरण—देशान्तर कम अर्थात् पश्चिम का

उज्जैन ७५–४५	घं० मि०	वार प्रवेश–सूर्यान्तर=अन्तर मिनट
पूना ७३–५२	६—०	सूर्योदय के बाद वार प्र०
	०—७–३२	
	१–५३ ५—५२–२८	सूर्योदय–वार प्र०=अन्तर मिनट
	×४ =५—५२ पर	सूर्योदय के पहिले वार प्र०
पश्चिम ऋण	१–३२ वार प्रवृत्ति	होगा।

इस प्रकार वार प्रवेश का समय जानकर उस समय से वार के समय को जान कर २॥–२॥ घड़ी के बाद इष्ट समय पर कौन सा होरा होगा जान लेना।

मध्य रेखा—लंका से उज्जैन, कुरु क्षेत्र आदि देशों से होती हुई सुमेर पर्वत तक गई है उस रेखा के नीचे जितने देश बसते हैं। वही पृथ्वी की मध्य रेखा के देश हैं।

बिन नक्षत्र और वार के अनुसार आनन्द आदि २८ योग

क्रम	योग	फल	नक्षत्र	इ० सो० मं० बु० गु० शु० श० [योग का क्रम यहाँ दिया गया है]
१	आनंद	सिद्धि	१ अश्विनी	१ २५ २१ १७ १३ ९ ५
२	काल दंड	मृत्यु	२ भरणी	२ २६ २२ १८ १४ १० ६
३	धूम्र	असुख	३ कृतिका	३ २७ २३ १९ १५ ११ ७
४	प्रजापतिधाता	सौभाग्य	४ रोहिणी	४ २८ २४ २० १६ १२ ८
५	सौभाग्य	बहुत सुख	५ मृग०	५ १ २५ २१ १७ १३ ९
६	ध्वांक्ष	धन नाश	६ आर्द्रा	६ २ २६ २२ १८ १४ १०
७	ध्वज (कंतु)	सौभाग्य	७ पुनर्वसु	७ ३ २७ २३ १९ १५ ११
८	श्रीवत्स	सौभाग्यसौख्य	८ पुष्य	८ ४ २८ २४ २० १६ १२
९	वज्र	क्षय	९ श्लें०	९ ५ १ २५ २१ १७ १३
१०	मुद्गर	लक्ष्मीवान	१० मघा	१० ६ २ २६ २२ १८ १४
११	छत्र	राज मान्य	११ पूफा०	११ ७ ३ २७ २३ १९ १५
१२	मैत्र (मित्र)	पुष्टि	१२ उफा	१२ ८ ४ २८ २४ २० १६
१३	मानस	सौभाग्य	१३ हस्त	१३ ९ ५ १ २५ २१ १७
१४	पद्माख्य(पद्म)	धनागम	१४ चित्रा	१४ १० ६ २ २६ २२ १८
१५	लुम्बक (लुम्ब)	धनक्षय	१५ स्वाती	१५ ११ ७ ३ २७ २३ १९
१६	उत्पात	प्राण नाश	१६ विशाखा	१६ १२ ८ ४ २८ २४ २०
१६	मृत्यु	मृत्यु	१७ अनु०	१७ १३ ९ ५ १ २५ २१
१८	कणाख्य(काण)	क्लेश	१८ ज्ये०	१८ १४ १० ६ २ २६ २२
१९	सिद्धि	कार्य सिद्धि	१९ मूल	१९ १५ ११ ७ ३ २७ २३
२०	शुभ	कल्याण	२० पूषा	२० १६ १२ ८ ४ २८ २४
२१	अमृत	राज सन्मान	२१ उषा	२१ १७ १३ ९ ५ १ २५

२२ भूसत्य	धनक्षय	२२ अभिजित	२२	१८	१४	१०	६	२	२६
२३ गदाख्य	अक्षय विद्या	२३ श्रवण	२३	१९	१५	११	७	३	२७
२४ मातंग	कुल वृद्धि	२४ धनिष्ठा	२४	२०	१६	१२	८	४	२८
२५ राक्षस (रक्ष)	महा कष्ट	२५ शत०	२५	२१	१७	१३	९	५	१
२६ चर	कार्य सिद्धि	२६ पूभा०	२६	२२	१८	१४	१०	६	२
२७ सुस्थिर(स्थिर)	गृहारंभ	२७ उभा०	२७	२३	१९	१५	११	७	३
२८ प्रवर्धमान	विवाह लग्न	२८ रेवती	२८	२४	२०	१६	१२	८	४

यहाँ दिन के नीचे जो अंक दिये हैं वे आनन्द आदि योगों के क्रमांक हैं। जैसे मृग० नक्षत्र बुधवार को है तो बुध के नीचे जो २१ अङ्क दिया है। तो २१ के क्रम में अमृत योग दिया है। उस दिन अमृत योग हुआ फल राज सन्मान है।

ये योग नाम सदृश फल देते हैं। यहाँ अभिजित सहित नक्षत्र दिये हैं।

मान लो शनिवार को स्वाती है नीचे १९ अङ्क से १९ वाँ योग सिद्धि प्राप्त हुआ इसी प्रकार योग ज्ञान कर लेना।

आवश्यक कार्य में परिहार—

ध्वज, वज्र मुद्गर—प्रथम ५ घटी
पद्म, लुम्ब— ,, ४ ,,
गद ,, ७ ,,
धूम्र ,, १ ,,
काण ,, २ ,, इनके पश्चात् कार्य करना

रक्ष, उत्पात, मृत्यु, काल—शुभ कार्य में सम्पूर्ण वर्जित हैं।

नक्षत्र विष घटी चक्र

क्रम	नक्षत्र	ध्रुव	विष घटी				
१	अश्वि०	५०	५१	५२	५३	५४	
२	भरणी	१४	२५	२६	२७	२८	
३	कृतिका	३०	३१	३२	३३	३४	
४	रोहिणी	४०	४१	४२	४३	४४	
५	मृग०	१४	१५	१६	१७	१८	
६	आर्द्रा	२१	२२	२३	२४	२५	
७	पुनर	३०	३१	३२	३३	३४	
८	पुष्य	२०	२१	२२	२३	२४	
९	श्ले०	३२	३३	३४	३५	३६	
१०	मघा	३०	३१	३२	३३	३४	
११	पूफा०	२०	२१	२२	२३	२४	
१२	उफा०	१८	१९	२०	२१	२२	
१३	हस्त	२१	२२	२३	२४	२५	

तिथि विष घटी

तिथि	ध्रुव	विष घटी				
१	१५	१६	१७	१८	१९	
२	५	६	७	८	९	
३	८	९	१०	११	१२	
४	७	८	९	१०	११	
५	७	८	९	१०	११	
६	५	६	७	८	९	
७	४	५	६	७	८	
८	८	९	१०	११	१२	
९	७	८	९	१०	११	
१०	१०	११	१२	१३	१४	
११	३	४	५	६	७	
१२	१०	११	१२	१३	१४	
१३	१२	१३	१४	१५	१६	

१४ चित्रा	२०	२१	२२	२३	२४	१४	७	८	९	१०	११
१५ स्वा०	१४	१५	१६	१७	१८	१५	८	९	१०	११	१२
१६ विशा०	१४	१५	१६	१७	१८						
१७ अनु०	१०	११	१२	१३	१४						
१८ ज्ये०	१४	१५	१६	१७	१८						
१९ मूल	५६	५७	५८	५९	६०						
२० पूषा	२४	२५	२६	२७	२८						
२१ उषा	२०	२१	२२	२३	२४						
२२ श्रवण	१०	११	१२	१३	१४						
२३ धनि०	१०	११	१२	१३	१४						
२४ शत०	१८	१९	२०	२१	२२						
२५ पूभा०	१६	१७	१८	१९	२०						
२६ उभा०	२४	२५	२६	२७	२८						
२७ रेवती	३०	३१	३२	३३	३४						

वार	ध्रुव	विष घटी				
इतवार	२०	२१	२२	२३	२४
सोमवार	४	५	६	७	८
मंगल	१२	१३	१४	१५	१६
बुधवार	१०	११	१२	१३	१४
गुरुवार	७	८	९	१०	११
शुक्रवार	५	६	७	८	९
शनिवार	२५	२६	२७	२८	२९

वार विष घटी

यहाँ नक्षत्र तिथि वार की विष घटी दी है। ध्रुव प्रत्येक का दिया है उसके आगे की ४ घटियां विष घटी होती हैं जो शुभ कार्य में वर्जित हैं। जैसे मघा का ध्रुव ३० हैं तो उसके आगे की ४ घटियाँ ३१, ३२, ३३, ३४ केवल विष घटी समझना। ६० घटी का नक्षत्र माना जाय तो उपरोक्त विष घटी होगी।

यदि ६० घटी से कम ज्यादा नक्षत्र का भमोग हो तो $\frac{\text{नक्षत्र भमोग} \times \text{ध्रुव}}{६०}$ आरंभ की विष घटी प्राप्त होंगी उसमें ४ जोड़ देने से विष घटी कब तक रहेगी प्रगट होगा।

उदाहरण—अनुराधा भमोग ६२–६ है (६२–६) × ध्रुव १० ÷ ६०=६२१ ÷ ६०=१०–२१, १०–२१ + ४–०=१४–२१=१०–२१ से १४–२१ तक विष घटी।

दूसरा उदाहरण—कृतिका भमोग ५७–१६५ ध्रुव ३० ÷ ६०=१७१८ ÷ ६=२८–३८, २८–३८ + ४–०=३२–३८ तक विष घड़ी रहेगी।

मास चक्र

मास	देवता	देवी	मास कृष्ण पक्ष	शून्य तिथि शुक्ल पक्ष	मास शून्य नक्षत्र	शून्य राशि
चैत्र	विष्णु	रमा	८, ९,	८, ९	रो० अश्व	११
वैशाख	मधुसूदन	मोहिनी	१२	१२	चि० स्वा०	१२
ज्येष्ठ	त्रिविक्रम	पद्माक्षी	१४	१३	उषा पुष्य	२
आषाढ़	वामन	कमला	६	७	पूफा धनि०	३
श्रावण	श्रीधर	कांतिमती	२,३	२, ३	उषा श्रव०	१
भाद्रपद	हृषीकेश	अपराजिता	१,२	१, २	शत० रेव	६

आश्विन	पद्मनाभ	पद्मावती	१०, ११	१०, ११	पूभा०	८
कार्तिक	दामोदर	राधा	५	१४	कृति० मघा	७
मार्गशीर्ष	केशव	विशालाक्षी	७, ८	७, ८	चि० विशा०	९
पूष	नारायण	लक्ष्मी	४, ५	४, ५	आर्द्रा अश्वि हस्त	४
माघ	माधव	रुक्मिणी	५	६	श्रव० मूल	१०
फाल्गुन	गोविन्द	धात्री	४	३	भर० ज्ये०	५

उपरोक्त मासों में राशियां शून्य हैं। इन लग्नों में कोई शुभ कार्य नहीं करना। शून्य मास में कोई शुभ कार्य नहीं करना। इनमें कार्य करने से धन नाश होता है।

परिहार—मासों की शून्य तिथियाँ, शून्य लग्न मध्यदेश में वर्जित है अन्य देश में नहीं। पंगु, अंध और जितनी लग्नें हैं और मासों की शून्य राशियां जितनी हैं ये सब गौड देश, मालव देश इन दोनों में त्याज्य हैं। अन्य देशों में वर्जनीय नहीं है।

	दिन लग्न	रात्रि लग्न	मतान्तर
पंगु अंधादि	बहरे=४–८	९–१०	७, ८, ९ लग्न दोपहर के बाद
लग्न दोष	पंगु=११	१२	१०, ११, १२ लग्न प्रातः व
	अंध=१,२,५	१, ४, ६	सायं पंगु

फल—बहरे लग्न में विवाह=दरिद्रता। दिशा अंत में विवाह=कन्या विधवा। अंध लग्न में विवाह=लड़का मरे। पंगु में विवाह=सब धन नाश। परन्तु लग्न का स्वामी व गुरु लग्न को देखते हों तो दोष नहीं होता।

सूर्य संक्रांति दोष—विषुव=तुला, मेष और अयन=कर्क, मकर इन चारों संक्रांतियों में जिस दिन संक्रांति हो वह दिन और उसके एक दिन आगे पीछे इन तीन दिनों को विवाह आदि शुभ कार्य में त्यागे इन दिनों शुभ कार्य नहीं करना। अन्य संक्रांतियों में जिस काल में संक्रांति हो उस काल से पहिले १६ घड़ी और आगे की १६ घड़ी त्यागे। इन ३२ घड़ियों में विवाह आदि शुभ कार्य नहीं करना।

सूर्य आदि ग्रहों की संक्रांतियों में निषिद्ध घटियां	संक्रांति वर्ज घटी	सूर्य ३३	चंद्र २	मंगल ९	बुध ६	गुरु २८	शुक्र ९	शनि १६०

ये विवाह आदि शुभ कार्य में त्यागना। इन सब में सूर्य की संक्रांति की ३३ घड़ियाँ अति अशुभ हैं। ग्रह के एक राशि से दूसरी राशि में जाने के समय को संक्रांति कहते हैं।

चतुर्थ घटिका राहु चक्र

दिशा	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	ईशान	पश्चिम	आग्नेय	उत्तर	नैर्ऋत्य
दिन घटी	३॥।	७॥	११।	१५	१८॥।	२२॥	२६।	३७ घटी
रात्रि घटी	३३॥।	३७॥	४१।	४५	४८॥।	५२॥	५६।	६० घटी

राहु उपरोक्त दिशा क्रम से ३॥। घड़ी प्रत्येक दिशाओं में रहता है। पूर्व ६॥। + ३॥। = ७॥ वायव्य + ३॥। = ११ दक्षिण। उत्तर २६। + ३॥। = ३० दिन में। ३० + ३॥। = ३३॥। घटी पूर्व में इत्यादि प्रकार से रहता है। सूर्योदय से ये

घड़ियां पूर्व आदि उपरोक्त क्रम से गिनना। राहु विरुद्ध क्रम में २ दिशाओं को पारकर तीसरी में जाना बताया है।

यात्रा में राहु दक्षिण शुभ, चंद्र सन्मुख शुभ, योगिनी बायें और पीठ पीछे शुभ है।

मुहूर्त विचार

२ घड़ी का एक मुहूर्त होता है। दिन में १५ मुहूर्त और रात्रि में १५ मुहूर्त होती हैं। दिनमान में घट बढ़ होने से १ मुहूर्त के समय में घट बढ़ हो जाता है। दिनमान ÷ १५ = १ मुहूर्त। ३ मुहूर्त प्रातः, ३ मु० संगवः, ३ मु० मध्याह्न, ३ मु० अपराह्न, ३ मुहूर्त सायंकाल। सूर्यास्त से ३ मुहूर्त तक प्रदोष। अर्द्धरात्रि के मध्य में २ घड़ी महानिशा। ५५ घड़ी में उषः काल, ५७ घड़ी में अरुणोदय। ५८ में प्रातःकाल तदनंतर सूर्योदय कहलाता है।

१५ मुहूर्त के नाम आदि। ये मुहूर्त नक्षत्र स्वामियों के नाम हा हैं।

	मुहूर्त के नाम		मुहूर्त के नक्षत्र			
क्रम	दिन में	रात्रि में	दिन के	रात्रि में	वार	वर्जित मुहूर्त
१	शिव	१ शिव	आर्द्रा	आ०	इतवार	अर्यमा
२	सर्प	२ अजपाद	श्ले०	पूभा०		१४
३	मित्र (सूर्य)	३ अहिर्बुध्न्य	अनु०	उभा	सोम०	राक्षस, ब्रह्म
४	पितर	४ पूषा	मघा	रेव०		१२ ८
५	वसु	५ अश्विनीकुमार	धनि०	अश्व	मंगल	अग्नि पितर
६	जल	६ यमराज	पूषा	भर०		७ ४
७	विश्वे देव	७ अग्नि	उषा	कृति	बुध	अभिजित
८	अभिजित	८ ब्रह्मा	अभि०	रोह		८
९	विधाता	९ चंद्रमा	रोह	मृग	गुरु	जल राक्षस
१०	इन्द्र	१० अदिति	ज्ये०	पुन०		६ १२
११	इंद्राग्नि	११ वृहस्पति	विशा०	पुष्य	शुक्र	ब्रह्म पितर
१२	राक्षस	१२ विष्णु	मूल	श्रव		८ ४
१३	वरुण	१३ सूर्य	शत०	हस्त	शनि	शिव सर्प
१४	अर्य्यमा	१४ त्वष्टा	उफा०	चित्र		१ २
१५	भग	१५ वायु	पूफा०	स्वा०		

यहाँ मुहूर्त के साथ नक्षत्र देने का आशय यह है कि जब किसी नक्षत्र में कोई काम करना आवश्यक है वह नक्षत्र न मिले तो उस नक्षत्र का जो मुहूर्त है उस मुहूर्त में काम कर लेना। जैसे आर्द्रा नक्षत्र में काम करना है यदि वह न हो तो उसके मुहूर्त शिव में काम कर लेना चाहिये परन्तु यदि उस दिन शनिवार है उसे त्याग देना क्योंकि शनिवार को शिव मुहूर्त वर्जित है।

प्रदोष काल—द्वादशी के दिन अर्द्धरात्रि तक त्रयोदशी हो तो प्रदोष। षष्ठी के दिन १॥ प्रहर रात्रि तक सप्तमी प्रवेश हो तो प्रदोष होता है। तृतीया के

दिन एक प्रहर रात्रि के भीतर तक चतुर्थी हो तो प्रदोष होता है। यह व्रतबंध में वर्जित है।

पर्व—कृष्ण १४–८, अमावस्या, पूर्णमासी और संक्रांति का दिन पर्व संज्ञक हैं।

अनाध्याय—आषाढ़ शुक्ल १०, ज्येष्ठ शुक्ल २, पौष शुक्ल ११, माघ शुक्ल १२–१४, पूर्णमासी या अमावस्या, प्रतिपदा, अष्टमी संक्रांति का दिन व्रतबंध में अनध्याय हैं।

गौधूलिका—जब सूर्य अस्त होने को हो, जिस समय गौओं की धूली आकाश में पूरित हो उस समय जितने मंगल कार्य हों वे सब शुभ हैं।

सदा शुभ मुहूर्त—चैत्र शुक्ल १, अक्षय तृतीया (वैशाख शुक्ल ३) विजय दशमी (आश्विन शुक्ल १०) कार्तिक शुक्ल १, इनमें मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं है। ये सदा शुभ हैं।

उत्तरायण में शुभ कर्म—गृह प्रवेश, विवाह, देव प्रतिष्ठा, मुंडन, जनेऊ और दीक्षा उत्तरायण में करना। अशुभ कर्म दक्षिणायन में करना। दक्षिणायन में विवाह, व्रतबंध, मुंडन जलाशय आदि खनन, देवादि प्रतिष्ठा, वृक्षारोपण नहीं करना।

अम्बुपाची काल—जिस वार में जिस समय सूर्य मिथुन राशि में जाय उस वार के उसी समय को अम्बुपाची काल कहते हैं अर्थात् उस समय से ३ दिन तक पृथ्वी रजस्वला होती है। उस दिन खेत में बीज नहीं बोना। उस समय के उत्पन्न धान को नहीं खाना इस समय दूध पीने से सर्प का भय नहीं रहता। उस समय खनन नहीं करना जल के बीच उस समय शौचादि क्रिया नहीं करना।

पुण्यकाल—१४ तिथि को आर्द्रा नक्षत्र और व्यतीपात योग हो उस समय गंगा स्नान करने से दुर्लभ फल होता है मौन धारण कर प्रातः स्नान करने से ३ कुल का उद्धार होता है।

त्रिपुष्कर योग पर विचार—वार तिथि और नक्षत्रों के योग से यह योग बनता है। यदि त्रिपुष्कर योग में किसी की मृत्यु हो जाय तो पुत्र, भाई, स्त्री आदि सम्बंधियों की ३ की मृत्यु होगी। पक्ष के मध्य में, ३ पक्ष में, ६ मास या सम्वत्सर के मध्य में अवश्य दो और सम्बंधियों की मृत्यु होगी। त्रिपुष्कर में वार दोष से धान की एवं पुत्र की हानि तिथि दोष से गौ का नाश, नक्षत्र दोष से गोत्र के सम्बंधियों की मृत्यु होती। त्रिपुष्कर दोष से वास्तुकैव वृक्ष तक का नाश हो जाता है।

त्रिपुष्कर दोष में विचार—१८ अंक + मृत्यु की तिथि + वार के अंक के योग में + १७ और मिलाकर योग में ३ का भाग दे = शेष १—दोष स्वर्ग में। २—पाताल में ३ वा०—पृथ्वी में। पृथ्वी का दोष हानिकारक है।

इसको शांति के लिये हवन और दान आदि करना सौ, सहस्र, दश सहस्र या या शक्ति अनुसार समिधा के हवन करने से दोष शांत हो।

त्रिपुष्कर में वार मंगल, रविवार वा शनिवार में से हो तिथि २-७-१२ में से हो। नक्षत्र कृत्ति, पुनर०, उफा०, विशा०, उषा, पूभा० में से कोई होने से यह योग होता है।

जन्म नक्षत्र पर विचार—इसमें अधिकांश मत है इसमें शुभ कार्य नहीं करना। मामला मुकदमा, यात्रा, लड़ाई, खेती, औषधि सेवन भी इसमें नहीं करना परन्तु मतान्तर है कि इसमें नवीन वस्त्र आभूषण धारण, मंत्र ग्रहण देव प्रतिष्ठा उपनयन आदि भी जन्म नक्षत्र तथा जन्म लग्न में शुभ है।

भिन्न-भिन्न योगों का परिहार

यहाँ कई योग बताये हैं उनमें वर्जनीय योग अधिक हैं जिनके कारण मुहूर्त खोजने में बहुत कठिनाई होती है। शुभ समय मिलता ही नहीं। इसके लिये ऋषियों ने बहुत परिहार बताये हैं जिसके कारण मुहूर्त खोजने में सुगमता होती है। यद्यपि कुछ परिहार पहिले बता चुके हैं। परन्तु उन सबको एक स्थान में देना उचित है जिससे परिहार खोजने में कठिनाई न हो।

(१) तिथि में सिद्ध योग पड़ जाने से रिक्ता दग्धा आदि तिथि दोष नहीं रहता।

सिद्ध योग दिन	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
तिथि	जया	भद्रा	पूर्णा	नंदा	रिक्ता

और भी लग्न पर लग्नेश तथा बुध, गुरु की दृष्टि होने से तिथि आदि का दोष नहीं रहता या शुभ ग्रह केन्द्र त्रिकोण में बलवान् तथा अपने नवांश आदि में रहने से यह दोष नहीं रहता अमृत सिद्ध योग भी तिथियों के अनेक दोषों को नाश करता है।

(२) वार—जो कार्य जिस वार में कहा है वह न मिले या निषेध हो तो उस वार के होरा में वह कार्य कर लेना। अर्थात् इच्छित वार का होरा जिस समय हो वह कार्य कर लेना शुभ है। वार का होरा निकालना बता चुके हैं।

(३) नक्षत्र—इष्ट नक्षत्र न मिले तो एक दिन के भीतर ही २७ नक्षत्र भुक्त हो जाते हैं। वह दिन रात के मुहूर्त के अनुसार विचारना। इन मुहूर्त के नाम नक्षत्र स्वामी के अनुसार हो हैं। इष्ट नक्षत्र जिस मुहूर्त में हो उस मुहूर्त में शुभ कार्य कर लेना चाहिये। दिन में १५ और रात्रि में १५ मुहूर्त होते हैं। उनका चक्र दे चुके हैं।

(४) योग—ऐसे ही सूक्ष्म योग भी हैं। इष्ट योग की भभोग घटी में २७ का भाग देना। लब्धि उतनी घटी पल एक सूक्ष्म योग की होगी। जो वर्तमान हो उससे क्रमानुसार ३७ योग गिनकर जब उस दिन का इष्ट योग प्राप्त हो तब तक वह कार्य कर लेना शुभ है।

(५) चन्द्रमा—चंद्र का वास इष्ट दिन में ही इस प्रकार होता है।

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	योग
घटी	१७	१५	२१	१६	१८	१९	१५	१४	१३५
घंटा	६–४८	६–०	८–२४	६–२४	७–१२	७–३६	६–०	५–३६	५४

विवाह आदि में अशुभ स्थान में चंद्र हो तो गोचर में अपने उच्च, स्वगृही, मित्रगृही या पूर्ण चंद्र होने पर शुभ हो जाता है। यदि चंद्र शुभ ग्रह के या मित्र ग्रह के नवांश में हो और गुरु से दृष्ट हो तो गोचर में अशुभ स्थान में हो तो भी शुभ फल देता है। चंद्र गोचर में शुक्ल पक्ष को शुभ स्थान में हो तो समस्त शुक्ल पक्ष शुभ है। चंद्र

दुष्ट फल नहीं देगा। गोचर में कृष्णपक्ष प्रतिपदा में यदि चंद्र अनिष्ट स्थान में हो तो समस्त कृष्ण पक्ष अशुभ होगा। इसके विपरीत जिस कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा में चंद्र अशुभ हो तो उन पक्षों में चंद्र का दुष्ट स्थान गत दुष्ट फल नहीं होता।

(६) तारा विपत, प्रत्यरि और वध तारा प्रथम आवृति में शुभ नहीं होते वर्जित हैं। दूसरी आवृत्ति में विपत् के आदि की २० घड़ी प्रत्यरि की मध्य की २० घड़ी, वध के अंत की २० घड़ी त्याग देना तीसरी आवृत्ति में सभी शुभ है।

(७) पंगु अंध काण लग्न, मास शून्य राशि—गौड़, मालवा देश और मध्य देश में वर्जित है अन्य देशों में इनका दोष नहीं है। केन्द्र त्रिकोण या उपचय में शुभ ग्रह या एक भी बलवान ग्रह हो तो शून्य तिथि, शून्य नक्षत्र का दोष नाश करता है। लग्नेश या गुरु लग्न को देखे तो पंगु अंध आदि दोष नहीं होता।

(८) भद्रा जिस लोक में वास करती है उस लोक वालों को दोष है अन्य में नहीं। अर्थात् मृत्युलोक में भद्रा का वास होगा तब भद्रा दोष करेगी अन्य लोक में हो तो दोष नहीं और भी भद्रा के मुख की ३ घड़ी शुभ है।

(९) यम घंट का दोष विन्ध्य से उत्तर हिमालय तक है। अन्य देशों में दोष नहीं। केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह हो या चंद्र हो तो यमघंट का दोष नहीं होता। और ८ घड़ी से अधिक दिन में या रात्रि में इसका दोष नहीं होता। वशिष्ठ का मत है कि मृत्यु दायक पाप योग जो कहे हैं वे दिन में फल करते हैं। रात्रि में दोष नहीं है।

(१०) सिंह मकर के गुरु और अतिचार का परिहार—

(१) गोदावरी के उत्तर और गंगा के दक्षिण देशों में विवाह आदि शुभ कार्य वर्जित है। अन्य देशों में शुभ है।

(२) सिंह राशि, सिंह अंशक गुरु में भी सूर्य मेष का हो तो किसी देश में शुभ है।

(३) मघा का ४ पाद पूफा० का १ पाद तक सिंह गत गुरु सभी देशों में वर्जित है। अन्य चरण में जब गुरु रहे तब गंगा गोदावरी के स्थान को छोड़कर अन्य सभी देशों में दोष नहीं है।

(४) मेष के सूर्य में गंगा गोदावरी के मध्य के देश में सिंह के गुरु का दोष नहीं। परन्तु कलिंग, गौड़ और गुर्जर में समस्त सिंह का गुरु वर्जित है।

(५) मकर का गुरु—नर्मदा के पूर्व भाग और गंडकी के पश्चिम सोन नदी के उत्तर तथा दक्षिण में विवाह आदि शुभ कार्य वर्जित नहीं है। कोकण, मगध गौड़ और सिंध देश में वर्जित है।

(११) मघा सिंह का गुरु—माघ को पूर्णिमा यदि मघा नक्षत्र युक्त हो और उन्हीं दिनों मघा के गुरु हों तो उसी वर्ष में उपरोक्त ३ परिहारों के अतिरिक्त देश तथा समय में गुरु का दोष है। माघी पूर्णिमा मघा युक्त न हो तो सिंह के गुरु का दोष नहीं है। माघी मघा युक्त हो और गुरु भी मघा पर हो तो मघा मास कहलाता है। इसमें विवाह आदि शुभ काम नहीं करे। जब मघा को छोड़कर गुरु पूफा० पर चला जावे तब शुभ है।

मकर गत गुरु के ६० दिन मात्र वर्जित करना क्योंकि इतने दिन गुरु नीच अंश में रहता है। अन्य अंशों में शुभ कार्य करना। नीच गत और वक्री गुरु मगध में वर्जित है। अन्य देश में शुभ है।

(१२) लुप्त सम्वत्सर—१, २, १२, ११ राशि में से अन्य राशियों में गुरु अतिचार करे अर्थात् वक्र होकर पुनः मुक्त राशि पर न आवे तो वह लुप्त सम्वत्सर होता है। शुभ कार्यों में नर्मदा और भागीरथी के मध्यवर्ती देशों में अति निंद्य है। अन्य देशों में इसका दोष नहीं है।

अन्य परिहार—वारम्बार आने जाने में, प्राचीन गृह के प्रवेश में, अन्न प्राशन में, वस्त्र पहिरने में, वधू प्रवेश में गुरु शुक्र के अस्त का दोष नहीं है। संकट की यात्रा में, राजपीड़ा, दुर्भिक्ष को पीड़ा, तथा स्थान छोड़कर बहुत दिन व्यापनी यात्रा में शुक्र का दोष नहीं अर्थात् शुक्र के सन्मुख दक्षिण का विचार नहीं। देव मनुष्य सम्बन्धी उत्सव में, चतुर्मास के व्रत नियमों में गुरु शुक्र का अस्त दोष नहीं है।

साधारण शुभ काम मुहूर्त—लग्न से ८-१२ स्थान कोई ग्रह से युक्त न हो, कर्ता के जन्म राशि या लग्न से ३, ६, ११, १०वां कोई लग्न होकर शुभ ग्रह युक्त या दृष्ट हो, चंद्र लग्न से ३, ६, ११, १० में से किसी स्थान में हो तब शुभ कार्य आरंभ करना।

कार्य में वर्जित–देव प्रतिष्ठा, विवाह, चूड़ा कर्म, यज्ञोपवीत, अग्न्याधान, गृह प्रवेश, राजतिलक और भी जिनका कोई नियत काल नहीं है ये सब शुभ कर्म दक्षिणायन में नहीं करना। और गुरु शुक्र दोनों के अस्त, बाल्यावस्था, वृद्धावस्था और केतु के उदय में नहीं करना। कोई आचार्य कहते है जब केतु दिखे या पक्ष भर शुभ कर्म वर्जित है।

केतु—वाराह जी ने ६० प्रकार के केतु कहे हैं जिनका उदय अशुभ होता है राजाओं में संग्राम होने का संयोग होता है और भी ३३ प्रकार के केतु होते हैं जो दारुण प्रभाव उत्पन्न करते हैं वशिष्ट जी ने एक ब्रह्मपुत्र नामक केतु का वर्णन किया है उसका उदय संहार कारक होता है।

साधारण मुहूर्त

दतून (दंतधावन) निषेध—अमावस्या, षष्ठी, प्रतिपदा, रविवार आशय यह है कि वृक्षों की दतून तोड़कर दतून इन दिनों न करे। साधारण प्रकार से दांत की सफाई कर लेना।

तेल लगाना—तिथि ९ को एवं पौर्णमासी, अमावस्या, चतुर्दशी, अष्टमी के दिन तेल लगाना, स्त्री प्रसंग, मांस सेवन वर्जित है। सप्तमी तथा रविवार को भी वर्जित है। वार अनुसार तैलाभ्यंग फल—रविवार—कष्ट। सोमवार—कीर्ति। मंगल—मृत्यु, बुध—धन लाभ। गुरु—धन हानि। शुक्र—शोक। शनि—दीर्घायु। परिहार—रविवार फल युक्त तेल लगाना। मंगल—मिट्टी युक्त। गुरु—दूर्वा युक्त। शुक्र—गोबर युक्त तेल लगाने से दोष नहीं। मूंगा, दांत, वस्त्र, चूड़ी आदि धारण करना—रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी, अश्विनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, धनिष्ठा, पुष्य,

पुनर्वसु इन नक्षत्रों में और रिक्ता को छोड़कर अन्य तिथियों में और सोमवार, मंगल, शनि इन दिनों को छोड़कर अन्य दिनों में, मूंगा, दांत बंधाना, चूड़ी पहिरना, शंख सुवर्ण इनके आभूषण व वस्त्र धारण करना शुभ है ।

मंगल के दिन लाल वस्त्र धारण करना । तीनों उत्तरा पुनर्वसु पुष्य इन नक्षत्रों में सधवा स्त्री पूर्वोक्त मूंगा आदि न धारण करे । अन्य मत है शतभिष नक्षत्र में भी सधवा स्त्री मूंगा आदि धारण व स्नान न करे । यदि ऐसा कार्य भूल से हो जावे तो पति की पूजा करने से दोष शांत हो जाता है । नूतन वस्त्र धारण—रविवार—शीघ्र जीर्ण हो । सोम—जल से सदा गीला रहे । मंगल—शोक प्रद । बुध—धन प्राप्ति । गुरु—ज्ञान प्राप्ति । शुक्र—मित्र प्राप्ति । शनि—पहिरने से वस्त्र मलिन रहे ।

नवीन वस्त्र कहीं जल जाने आदि में शुभाशुभ विचार—कदाचित पहिरने के दिन नवीन वस्त्र कहीं जल या फट जावे या गोबर आदि लग जाय तो उसका फल विचार—

शुभ	अशुभ	शुभ
राक्षस	देव	
राक्षस	मनुष्य	
राक्षस	देव	

उस वस्त्र को यहाँ बताये चक्र के अनुसार ९ भाग में बाँटना । चारों कोनों में देव । मध्य में ३ भाग राक्षस के विचारना छोरों पर देव के बीच मनुष्य कल्पना करना । देखना फटा या जलादि स्थान यहाँ बताये चक्र के अनुसार कहाँ पड़ता है । देव—शुभ योग व पुत्र प्राप्ति । राक्षस—वस्त्र शुभ नहीं है । मनुष्य—शुभ है भोग दाता है । यदि राक्षस, देव, मनुष्य इन तीनों भागों में जला है तो वह वस्त्र शुभ कारक नहीं होता ।

ऐसा विचार शैया, आसन और खड़ाऊँ में भी करना ।

आसन, शैया, पादुका आदि धारण—अनु० रेव० मृग० मर० पुन० अश्व० चित्रा० हस्त० तीनों उत्तरा, श्र० पुष्य रोह० इन नक्षत्रों में शुभ दिन में ये धारण करना शुभ है ।

निंद्य काल में भी कब वस्त्र धारण करना—किसी ब्राह्मण के स्वयं कहने से और विवाह आदि में और प्रीत पूर्वक राजा के दिये हुए वस्त्र को निंद्य भी वार या नक्षत्र ह तो धारण करना उचित है ।

चूड़ी धारण—जिस नक्षत्र में सूर्य हो उस नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें । प्रथम ३ नक्षत्र सूर्य के अशुभ । ५ नक्षत्र मंगल के अशुभ ।

ग्रह क्रम	सूर्य	मंगल	शुक्र	बुध	राहु	शनि	गुरु	चंद्र	केतु
नक्षत्र अन्तर	३	५	३	४	७	२	१	२	१
फल	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ

इत्यादि क्रम से चक्र के अनुसार जान लेना

नीला काला वस्त्र धारण—पुन०, धनि०, अश्व०, हस्त, स्वा०, विशा० तीनों पूर्वा तीनों उत्तरा और शनिवार इतवार में नीला व स्याह वस्त्र धारण करना ।

रोम वाले वस्त्र—शुभ है। नील वस्त्र के जो नक्षत्र है उनमें रोम वाले वस्त्र शुभ हैं रेवती व पुष्य नक्षत्र भी शुभ है।

पट्ट वस्त्र (रेशमी) धारण—गुरुवार रविवार, बुध, शुक्रवार एवं वस्त्रोक्त नक्षत्र व श्रवण नक्षत्र तथा शुभ ग्रह युक्त स्थिर लग्न में रेशमी वस्त्र धारण शुभ है।

वस्त्र धारण नक्षत्र फल—अश्व० = वस्त्र प्राप्त हो। भरणी = पहिने तो वित्तक्षय। कृति० = अग्नि भय हो। रो० = सर्व सम्पदा। मृग० = मूषक भय। आर्द्रा = मृत्यु। पुन०, पुष्य = धन धर्म व महोत्सव। श्ले० = शोक। मघा = मरण। पूफा = राज भय। उफा = धनागम। हस्त = कर्म सिद्ध। चित्रा = श्रेष्ठ सम्पदा। स्वा० = भोजन। विशा० = आनन्द प्राप्ति। अनु०=मित्र प्राप्ति। ज्ये०=वस्त्र चोरी हो। मूल=जल में डूबे। पूषा = महा रोग। उषा=मिष्ठान प्राप्त। श्रव०=नेत्र रोग। धनि० = धनागम। शत० = विष भय। पूभा = जल भय। उभा = धनागम। रेवती में वस्त्र धारण = रत्न प्राप्ति।

पहले पहल कपड़ा धोना धुलवाना या धोबी को देना—रिक्ता तिथि ४–९–१४ और पर्व दिन अर्थात् कृष्ण ८–१४, अमावस्या, पूर्णिमा, सूर्य संक्रांति के दिन छटि व पित्र श्राद्ध का दिन शनिवार बुधवार इन सब को छोड़ कर अन्य तिथि वारों में, धनि० अश्व० हस्त० चित्रा, स्वा० विशा० अनु० पुन० पुष्य इन नक्षत्रों में पहले पहल कपड़ा स्वतः धोना या धोबी को धोने को देना शुभ है।

क्षार साबुन आदि से कपड़े धुलवाना—शनिवार व मंगलवार १–६–१२ तिथि में व श्राद्ध के दिन एवं उपरोक्त पर्व के दिन धोबी से कपड़े धुलाने को देना अशुभ है या साबुन क्षार आदि से पर्व के दिन कपड़े धोना वर्जित है।

स्त्री का सुवर्ण आदि वस्त्र चूड़ी आदि धारण—अश्व० धनि० रेव० चित्रा, स्वा० विशा० अनु० इन नक्षत्रों में स्त्री को सुवर्ण रत्न चूड़ी आदि एवं वस्त्र धारण करना शुभ है।

भूषण बनवाना व धारण—जिस दिन त्रिपुष्कर योग हो उस दिन और श्रवण, तीनों उत्तरा इनमें भूषण बनवाना व धारण करना चाहिये।

वृक्ष रोपण या बोना—विशा० मूल, रेव० चित्रा० अनु० मृग०, ३ उत्तरा, रोह० हस्त अश्व० पुष्य, अभिजित इन नक्षत्रों में वृक्ष लगाना या रोपण करना शुभ है। शुक्रवार, सोम० बुध या गुरुवार शुभ है। वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, कार्तिक, फाल्गुन ये मास वृक्ष लगाने में शुभ हैं।

वृक्ष चक्र—सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिने और क्रम से यहाँ चक्र में नक्षत्र संख्या स्थापित करे और ठीक बताये चक्र के अनुसार फल जाने।

स्थान	मूल	त्वचा	शाखा	पत्र	शीर्ष	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
नक्षत्र क्रम	३	३	४	२	३	१	५	२	४

फल रोगप्रद धनागम नाशप्रद दरिद्रता शुभप्रद मृत्यप्रद पुत्रनाश धनप्रद लाभप्रद

हल चक्र से बीज बोना—सूर्य जिस नक्षत्र को छोड़ चुका हो उस नक्षत्र से गिनना ९ अशुभ और ८ शुभ हैं। जैसे सूर्य आर्द्रा में हो तो बीज बोने के लिये मृग० आर्द्रा० पुनर नक्षत्र अशुभ है। पुष्य से स्वाती तक शुभ विशाखा से धनिष्ठा तक अशुभ। शत० से रोहिणी तक शुभ है। इसमें अभिजित की भी गिन्ती करना।

राहु के नक्षत्र से बीज बोने का फल—राहु जिस नक्षत्र पर हो उससे ८ नक्षत्र अशुभ ३ शुभ, १ अशुभ, ३ शुभ, १ अशुभ, ३ शुभ, १ अशुभ, ३ शुभ और ४ नक्षत्र अशुभ हैं। इसमें अभिजित की गिन्ती नहीं करना।

सस्य वृक्षलता आदि सींचना—सस्य रोपण के जो मुहूर्त कहे हैं उनमें खेती के वृक्ष व लता आदि सींचना शुभ हैं। परन्तु बुधवार व इतवार का दिन मघा और हल नक्षत्र वर्जित हैं।

हल चक्र सूर्य अन्य मत से—सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना क्रमानुसार फल विचारना।

नक्षत्र	३	३	३	५	३	५	३	२
फल	हानि	वृद्धि	हानि	वृद्धि	हानि	वृद्धि	हानि	वृद्धि

पहले पहल हल चलाना—मूल विशा० मघा० श्रव० धनि० शत० पुन० स्वा० तीनों उत्तरा रोह० चित्रा अनु० मृग० रेव० अश्व० पुष्य हस्त इन १९ नक्षत्रों में और शनिवार, रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में पाप ग्रहों के निर्बल रहते और जल राशि के चन्द्र के रहते शुक्र के उदय रहते और लग्न में पूर्ण चन्द्र व गुरु के रहते पहले-पहल हल चलाना शुभ है। वही ५, ११, ४, १, १०, ७ लग्नों में और ४, ९, १४, ६,८ तिथियों में क्षय कारक होता है।

बीज बोना—मूल, मघा, तीनों उत्तरा, रोह०, मृग०, चित्रा, अनु०, रेव०, हस्त, अश्व०, पुष्य०, धनि०, स्वा० नक्षत्रों में मंगलवार को छोड़कर शेष दिनों में तिथि ४-६-९, १४-३० को छोड़कर शेष तिथियों में शुभ होता है।

धान रोपना—विशा० पूमा० मू० रोहि० शत० उ० फा० नक्षत्र और रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार और तिथि ४-९-१४-३० छोड़कर अन्य तिथियों में शुभ है।

बीजोप्ति वर्जित—जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करे तब से ३ दिन तक पृथ्वी रजस्वला धर्म को प्राप्त होती है उस समय बीज बोना वर्जित है।

अन्यमत से शस्य रोपण अंकुर रोपना—हस्त, चित्रा, स्वा०, तीनों उत्तरा, मूल०, धनि०, रेव०, मृग०, पुष्य, अश्व, अनु०, मघा ये नक्षत्र शुभ हैं। एवं शुभ वार में शस्य रोपण शुभ है। रिक्त तिथि शनि मंगलवार वर्जित है। इसमें एक स्थान से उखाड़ कर दूसरे स्थान में लगाना शुभ है।

खेत काटना—मूल०, ज्ये०, आर्द्रा०, श्ले०, पूमा०, हस्त, कृति०, धनि०, श्रव०, मृग०, स्वा०, मघा, तीनों उत्तरा, पूषा०, भर०, चित्रा, पुष्य नक्षत्र शनिवार व

मंगलवार को छोड़कर शेष वार शुभ हैं। तिथि ४, ९, १४ को छोड़कर सब शुभ हैं वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ लग्न शुभ है।

अन्यमत से धान्य छेदन—आर्द्रा, मघा, हस्त०, मृग०, पुष्य०, स्वा०, इनमें नवीन धान्य छेदन शुभ है तथा मूल श्रव०, धनि०, भी धान्य छेदन में शुभ है। गुरुवार, शुक्रवार शुभ है। रिक्ता तिथि और मंगल व शनिवार वर्जित है।

अन्न गाहना धान मर्दन—पूफा०, उफा०, श्रव०, मघा, ज्ये०, रोहि०, मूल०, अनु०, रेवती इन नक्षत्रों में कण मर्दन (खलिहान में अनाज का पीटना गाहना) शुभ है।

अनाज भरना—विशा०, कृति०, तीनों पूर्वा, भर०, मघा, आर्द्रा, श्लै०, ज्ये०, इनको छोड़कर अन्य नक्षत्र में और ४-१-७ इन राशियों को छोड़कर अन्य लग्न में, सोम, बुध, शुक्र, गुरु इन दिनों में धान्य को बखारी कंडा आदि में रखना या संचय करना शुभ है।

अनाज बाढ़ी पर देना—तीनों उत्तरा, रोह०, पुष्य०, विशा०, ज्ये०, अश्व०, धनि०, शत० पुनः स्वा० इन नक्षत्रों में धान्य वृद्धि के लिए अर्थात् ड्योढ़ी या सवाई पर आसामियों को देना शुभ है।

प्रत्येक वर्ष में नवान्न भक्षण—श्रव०, धनि०, शत०, पुन०, स्वा०, अश्व०, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनु०, मृग०, रेव० नक्षत्रों में और शुभ ग्रहों से युक्त व दृष्ट शुभ ग्रहों के लग्न में शुभ है और १-६-११ व रिक्त तिथि व विष घटी और पूष चैत्र मास व मंगल रविवार इन सबको छोड़ कर अन्य तिथि वार मास में नया अन्न भक्षण करना श्रेष्ठ है।

नवान्न चक्र—बुध के नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना। क्रमानुसार फल विचारे।

नक्षत्र क्रम	५	५	५	५	४	२	१
फल	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

नये बर्तन में भोजन—सोना, चाँदी, काँसा आदि के बने हुए नवीन पात्र में भोजन करने को चर, क्षिप्र, मृदु, ध्रुव नक्षत्रों में बुध, शुक्र, गुरुवार व अमृत योग में भोजन करना शुभ है।

नवीन पात्र चक्र—सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनकर क्रमानुसार फल विचारे। रिक्ता तिथि, अमावस्या तथा षष्ठी एवं देवशयनी ११ से देव उत्थानी तक वर्जित है।

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋ०	पश्चि०	वाय०	उत्तर	ईशा०	मध्य
	२	२	२	२	२	२	२	२	११
	बंधन	सुख	हानि	लाभ	सुख	मृत्यु	पुत्रलाभ	शोक	वृद्धि

गाय, बैल, खरीदना-बेचना—अश्व०, पुष्य०, हस्त०, रेव०, विशा०, पुन०, ज्ये०, शत० धनि० इन नक्षत्र में गाय, बैल खरीदना-बेचना शुभ है।

गौ न बेचे—तिथि ३०, १४, ८, रोहिणी, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, अश्व०, भर० और चित्रा नक्षत्र, रवि, मंगल, शनिवार में भद्रा और व्यतीपात योग में गौ पालन और बेचने से शुभ फल नहीं होता।

गाय-बैल लेना—उफा० से दिन नक्षत्र तक गिनकर फल विचारे—

अंग	सिर	मुख	पद	हृदय	स्तन	भग	गुह्य
नक्षत्र	३	२	६	५	६	१	४
फल	लाभ	हानि	अर्थलाभ	सुख	महालाभ	प्रजा	भय

भैंस लेना—भैंस लेना हो तो सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनकर उपरोक्त अनुसार ही फल विचारे—

बैल लेना—सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें फल—

सिर	मुख	पद	हृदय	स्तन	गुह्य
३	२	१६	२	२	२
लाभ	हानि	अर्थ लाभ	सुख	महा लाभ	भय

गौशाला प्रवेश—तीनों पूर्वा, धनि०, रेव०, मृग०, विशा०, श्ले०, अश्व०, इनमें गौ आदि के गृह प्रवेश की यात्रा शुभ होती है।

गौ प्रवेश वर्जित—तीनों उत्तरा, रोहि०, श्रव०, हस्त, चित्रा और ३०, १४, ८ तिथि में गौ यात्रा या प्रवेश न करावे।

पशु यात्रा वर्जित अन्य मत—रिक्ता तिथि, अष्टमी, अमावस्या और मङ्गलवार को तथा चित्रा श्रवण तीनों उत्तरा, रोहिणी, में पशु यात्रा या पशु प्रवेश वर्जित है।

पशुओं की रक्षा—जब शुभ ग्रहों की राशि लग्न में हो और लग्न के आठवें स्थान में कोई पाप ग्रह न हो और अपनी योनि का नक्षत्र हो तब पशुओं की रक्षा करना चाहिये अथवा चर स्वा०, पुन०, श्रव०, धनि०, शत०, इन नक्षत्रों में पशुओं की रक्षा करना चाहिये। उपरोक्त वर्जित समय में पशुओं को घर से बाहर ले जाना या ले आना या घर में रखना शुभ नहीं है।

पशुओं का गमन क्रय विक्रय आदि—मङ्गलवार सोमवार शनिवार को तथा श्रवण चित्रा, ध्रुव, नक्षत्रों को छोड़ कर अमावस्या रिक्ता तिथि अष्टमी को छोड़ कर हस्त, पुष्य, आर्द्रा, मृग, मिश्र नक्षत्र और पुन०, धनि०, अश्वनी तीनों पूर्वा, ज्येष्ठा, शत०, रेवती नक्षत्र में पशुओं का गमन और क्रय विक्रय आदि शुभ है।

		उफा.	१६॥	२५॥	१६॥	२२॥	३१॥	१७॥	९॥	२५	२६	२२	२१	१२॥	१८॥	११॥	१५॥	१६॥	२७॥	२५
		१	१२		१२	−१२		१३	१३५	५+	५+	६	६	१६	१	१३	३	३६	−६	−६।
कन्या		उफा.	१६॥	२५॥	१६॥	१९	२८	१४	१४	२९॥	३०॥	२६	२५	१६॥	१६॥	१०॥	१४॥	१८॥	२९	२७
		३	−१२४	४+	−१२४	१२		१३	१३			+५	५+	+१५	−१६	३१६	३६	३		
		ह.	२०	२६॥	१८॥	२१	२७	१४	१५	२७	२८॥	२४	२५	२१	२१	८॥	१५॥	१९	२७	२८
		२	०४	४+	४+			३	३			५+	५+	५+	−६	३६२	३६	३		
		चि.	२०	२०	२६॥	२९	१२	२६	२७	१३	२१	१७॥	१९	१७	१७	२४	१७॥	२१	११	२२
		४	३४	०४	४+		३			१३	१	१५	५+	३५	३६	−६	१६	१	१३२	

वर

		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
	वर	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन.	पुन.	पु.	श्ले.	म.	पूफा	उफा.	उफा.	ह.	चि.
	कन्या	४	४	१	३	४	२	२	४	३	६	४	४	४	४	१	३	४	२
तुला	चि.	२३॥	१५॥	२८॥	२३॥	२०	१३	१४	२०	१९॥	२१	१३	२६॥	२५॥	११॥	१७॥	१७॥	२१	२३
		२		१३		६+	१६	३६	३५	१५	५+		३		१३		१२	१२४	४+	३४
	स्वा.	२८॥	२९॥	१७॥	१२॥	१५॥	२६	२७	२६	२७	२८॥	२८	१४	१२॥	२४॥	२५॥	२५॥	२७॥	२१
		४	२+		३	३६	३६	−६	५+	५+	५+		३	३				४+	४+	४+
	वि.	२३॥	२३॥	२०॥	१५॥	१०॥	१९॥	२०॥	२०	२१	२२॥	२२॥	१८	१७॥	१९॥	१७॥	१७॥	१९॥	२७॥
		३		१	३	३६	१३६	−६	५+	१५	५+		३	३	१		१२	१४२	४+	४+
वृश्चिक	वि.	१७॥	१७॥	१४॥	१९॥	१४॥	२३॥	१३	१३॥	१३॥	१९	१९	१४॥	२१॥	२३॥	२१॥	१८	१९		३८
		१	६+	१६	३६	३	१३		६	१६	६	−५	५−	५−	३		१	१२	१२	
	अनु.	२४॥	१५॥	१९॥	२४॥	२७॥	२०॥	११	१६	२०॥	२५	१८	२०	२४॥	२०॥	२९॥	२६	२६		१२
		४	−६	३६	−६		३	३६	२६	६	−५	३५	−५							३
	ज्ये.	१२	१७॥	२४॥	२९॥	२१॥	२३॥	१३	३	५	१०॥	२१	२५	३१	२३॥	१८॥	१३	१२		२५
		४	३६	१६	−६		१	६	३१६२	६३	५३	५+	५−		१	१३	१३	३		
धनु	मू.	१२	२०	२४॥	१९	१३	१४	२२	१५	१३	९॥	१८॥	२४	२४	१८	९॥	१३	१४		२६
		४	३५	१५	५+	६	१६	६		१३	३	३६	६	६	५+	१५	१५३	३१	३	
	पूषा.	२६	१९	१८	१२॥	२०	१२	१९	२७	२७	२३॥	१३॥	१७॥	१९		१७	२५	२८॥	२७	१२
		४	+५	३५	−१२४	१६२	६	३६	३			६	२३६	१६	−१५	३५	५+			१३
	उषा.	२५॥	२७	१४	८॥	११॥	१८	२५	२७	२७	२३॥	२४॥	९॥	९॥		२५	२६	२९॥	२८॥	२१
		१	५+	५+	१३५	१३६	२३६	२६	२+			६	६	१६३	१५३	५+	५+			१

वर

		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह		कन्या		
	वर	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन.	पुन.	पु.	श्ले.	म.	पूफा.	उफा.	उफा.	ह.	चि.
	कन्या	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२
मकर		उषा. २८	२९॥	१६॥	१४	१७	२३॥	२०॥	२२॥	२२॥	२८	२९	१४	५॥	२१	२२	२५॥	२४॥	१७॥
		३		१३	१३५	२३५	२१+	२६+	−६	−६			१३	१३६	६	६	५+	११	१५
		श्रव. २८	२७	१४॥	१२	१७	२७	२४	२१॥	२२॥	२८	२६	१५	७॥	१८॥	२०	२३॥	२४॥	१८॥
		४		३२	३५२	३५	५+	−६	−६	−६		२+	३	३६	६	६	५+	५+	५
		ध. २१	११	२६	२३॥	२०	१३	१०	१७	१७	२३	१३	२८	१९॥	४॥	१२॥	१६॥	२०॥	१६॥
		२		१३२		+५	१५	३५	३६	१६	−६			३		६	१३६	१६	१५	५+	३५
कुंभ	कन्या	ध. २१	११	२६		३०॥	२७	२०	१३	१९	१९॥	१५	५	२०	२४॥		१०॥	१९॥	१७॥	२२	१८
		२		१३२			१	३	३५	१५	५+	६	३६	६			१३	१	१६	६+	३६
		श. १६	२१	२८		३२॥	२५॥	२७	२१	१२	१३	८॥	१६	२१	२६॥		१९॥	१२॥	११॥	१०॥	२५
		४ ३	१				१		५+	१३५	३५	३६	६	६			१	१३	१३६	२३६	६
		पूभा. १८	२५	२०		२४॥	३१॥	३१॥	२४॥	१७	१८	१३॥	२१॥	१४	१८॥		२४॥	१६०	१५॥	१७॥	१८॥
		३ ३	२+	−१		−१			५+	३५	३५	३६	६	१६	१			३	३६	३६+	१६
मीन		पूभा. १४॥	२१॥	१६॥		१९	२६	२६	२६	१८	१९	१८	२६	१८॥	१६॥	२२॥	१४॥	१६॥	१८॥	१९॥
		१ ३४	४२+	−१४		१				३	३	३५	५	१५	−१६	६+	३६	३	३	१+
		उभा. २५॥	१५॥	१८॥		२१	२५	१७	१७॥	२५॥	२७	२६	१९	२०	१७॥	१५॥	२५॥	२७॥	२६॥	९॥
		४ ४+	३४	−१४		१		३	३			५	३५	१५	−१६	३६	६+			१३२
		रे. २६	२४॥	११॥		१४	१७	२६	२५॥	२४॥	२५॥	२५॥	२७	१४	१३	२३॥	२३॥	२५॥	२६॥	२०॥
		४ ४+	४+	३४		३	४					५	५	३५	३६	६+	६+			

वर

वर	तुला			वृश्चिक		धन			मकर			कुंभ			मीन		
कन्या	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा.	उषा	उषा	श्र.	ध.	ध.	श.	पूभा.	पूभा.	उभा.	रे.
	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४
चि.	२८	२८	३४॥	२३॥	७॥	२१॥	२७	१३	२२	२५॥	२७	२५	१९	२६	१९॥	१४	४	१५
२	३	०		४	३४	४		१३	१	०१		३	३५	५+	१५	१६	१३६	२६
स्वा.	२८	२८	२०	१०	२१॥	१६॥	२३	२७	१९	२२॥	२३॥	२९	२३	२१	२७	२१॥	२०	१३
४		३	६०	३४०	४	४			३	३	३		१+	५२	+५+	६	६	३६
वि.	३४॥	२०	२८	१८	१७	२०॥	२७	२१	१४	१७॥	१७॥	३१॥	२५॥	२६	२१॥	१५॥	१३॥	६
३		३	३	३४	०४	४		१	१३	१३	३		५+	५+	१५	१६	१६२	३६
वि.	२३॥	८	१७	२८	२८	३१॥	२२॥	१५॥	९॥	१२	१२	२६	२५	२५॥	२१॥	२०	१८	११॥
१	३	३४	३४	३	०		४+	४१	१३४	१३	३				१	१५	१५	३२५
अनु.	७॥	२१॥	१७	२८	२८	३१	१६॥	१३॥	२१॥	२५	२६	१३	१३	२१	२६॥	२५	१८	२७
४	३	४	४		३	०	२४+	३४	४+			३	३			५+	३५	५+
ज्ये.	१९॥	१५॥	१९॥	३१॥	३१	२८	१५	१६	१६॥	२०	२१	२६	२६	१८	१२	१०॥	२१	२१
४	४	४	४			३	०२३४	१४	१४	१				३	१३	१३५	१५	५+
मू.	२६	२२	२६	२३॥	१६॥	१६	२८	२८	२६॥	१५॥	१६॥	२०	२८॥	२१॥	१४॥	१६॥	२५॥	२८
४				४+	+२४	३४२	३	०१	१	१४	४	४		३	१३	१३	१	
पूषा.	१२	२७	२०	१६॥	१६॥	१८॥	२८	२८	३४	२३	२४॥	८॥	१६॥	२३॥	३०॥	३२॥	३२॥	३२॥
४	१३		३	−१४	३४	−१४	१+	३	०	०४	४	१३४	१३				३	
उषा.	२१	१९	१३	१०॥	२४॥	१८॥	२५॥	३४	२८	१७	१५	१५॥	२३॥	२३॥	२९॥	३१॥	३२॥	२३॥
१	१	३	१३	१३४	४+	−१४	−१		३	३४	३४०	१४	१	१				३

वर

		तुला				वृश्चिक		धन			मकर			कुंभ			मीन		
	वर	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा.	उषा	उषा	श्र.	ध.	ध.	श.	पूभा.	पूभा.	उभा.	रे.
	कन्या	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४
मकर	उषा.	२४॥	२२॥	१६॥	१४	२८	२२	१६॥	२५॥	१९॥	२८	२६	२६॥	१७॥	१७॥	२३॥	३०॥	३१॥	२२॥
	३	−१	३	१३	३१		१	१४	४	३४	३	३०	१+	१४+	१४+	४+			३
	श्र.	२५॥	२२॥	१६॥	१४	२८	२३	१७॥	२३	१४॥	२५	२८	३०	२०॥	१८॥	२३॥	३०॥	२९॥	२२॥
	४		३	३	३			४	४	३४	३	३	०	०४	४+	४+			३
	ध.	२३॥	२७॥	३०॥	२८	१५	२८	३१॥	९	१६॥	२६॥	३०	२८	१८॥	२३॥	१९॥	२६॥	१५॥	२३॥
	२	३				३		४	३४१	४१	१		३	३४	४०	१४	१	१३	२+
कन्या	ध.	१९	२३	२५॥	२७	१३	२७	२९॥	१७॥	२४॥	१८॥	२२	२०	२८	३३	२८॥	१८॥	७॥	१५॥
	२	३५	−५	−५		३			१३	१	१४	४+	३४	३	०	१	१४	१३४	४२
कुंभ	श.	२६	२१	२६	२७॥	२२	१९	२२॥	२४॥	२४॥	१८॥	१९॥	२५	३३	२८	१९	९	१७॥	१७॥
	४	५+	५+	५+			३	३	१	१	१४	४+	४+		३	१३०	१३४	१४	४
	पूभा.	१९॥	२८	२१	२२॥	२७॥	१३	१५॥	३१॥	३०॥	२४॥	२५॥	२०॥	२८॥	१९	२८	१८	२३	२०॥
	३	−१५	५+	−१५	१		१३	१३			+४	४+	−१४	−१	१३	३	३४	०४	४२
मीन	पूभा.	१२॥	२१॥	१४	२१	१७	११॥	१५॥	३१	३०॥	२९॥	३०॥	२५॥	१७	७॥	१६॥	२८	३३	३०॥
	१	१६	६	१६	−१५	५+	१३५	१३					१	१४	१३४	३४	३	०	२+
	उभा.	२॥	१९	१२॥	१९	२०	२२	२४॥	२२	३१	३०॥	२९॥	१४॥	६	१६॥	२१॥	३३	२८	३४
	४	१३६२	६	१६२	१५२	३५	−१५	−३	३				१३	१३४	१४	४		३	०
	रे.	१३॥	११॥	५॥	१२॥	२७	२२	२६॥	३०	२१॥	२०॥	२२॥	२२॥	१४	१६॥	१८॥	२९॥	३४	२८
	४	६	३६	३६	३५	५+	५+			३	३	३	−२	४२	४	४२	२+		३

गुण मिलान सारणी का स्पष्टीकरण

गुण मिलान चक्र में जो अंक दिये हैं। वे गुण के अंक हैं अर्थात् इतने गुण मिलते हैं। उनके नीचे जो अङ्क दिये हैं वे दोष के अङ्क है। १—गण दोष। २—वैर योनि। ३—नाड़ी दोष। ४—द्विर्द्वादश। ५—नवम पंचम। ६—षड़ाष्टक। ७—पूरा दोष। ८—थोड़ा दोष। ० पर के नक्षत्र के पूर्व का वधू का नक्षत्र।

गुण के अङ्कों में भिन्न मत से अल्प अङ्कों का अन्तर पड़ सकता है। जहाँ शङ्का हो भिन्न दिये चक्रों के आधार पर उनके अङ्कों का योग कर स्पष्ठ गुण जान सकते हो क्योंकि कभी छापे की भूल आदि से अङ्कों में शङ्का हो जाती है।

गुण मिलान का उदाहरण—वर उफा० के तीसरे चरण का जन्म है। कन्या कृतिका के चौथे चरण का जन्म है। दोनों के सीध में २१ दिया है। अर्थात् २१ गुण मिलते हैं। नीचे १५ दिया है। १—गण दोष ५ नवम पंचम दोष है। इस प्रकार विचार लेना।

गुण मिलान में आधा से लेकर दो गुण तक अन्तर भिन्न २ पंचांगों में मिलने का कारण वश्य के गुण हैं। क्योंकि वश्य के २ गुण होते हैं। इसमें कुछ वश्य की गणना में मतांतर है। दूसरे पूर्वाषाढ़ा और श्रवण के चरणों के विभाग होने से गणना में अन्तर पड़ सकता है।

पूर्वाषाढ़ा में वश्य	श्रवण में वश्य
मनुष्य १ चरण—३°–२०′	चतुष्पद १।। चरण—५°–०′
चतुष्पद ३ चरण–१०–०	जलचर २।। चरण—८–३०

ज्येष्ठ मास विचार—विवाह में ज्येष्ठ महीना, ज्येष्ठ वर या ज्येष्ठ महीना ज्येष्ठ कन्या ये दोनों ज्येष्ठ मध्यम हैं। अर्थात् शुभ या अशुभ भी नहीं है। परन्तु ज्येष्ठ कन्या, ज्येष्ठ वर और ज्येष्ठ महीना ये तीनों ज्येष्ठ किसी तरह शुभ नहीं है। अर्थात् वर्जित है। कोई आचार्य का मत है। कृतिका नक्षत्र में जब सूर्य हो तो ज्येष्ठ वर कन्या का ज्येष्ठ मास में भी विवाह शुभ होता है।

सन्तान भेद से विचार—जन्म मास व जन्म नक्षत्र व जन्म तिथि व जन्म लग्न इन में पहिले-पहल उत्पन्न पुत्र व कन्या इन दोनों को उपरोक्त काल में विवाह निषिद्ध है। और दूसरी बार आदि में उत्पन्न पुत्र या कन्या इन दोनों का विवाह पुत्र का दान देने वाला शुभ है।

६ महीने तक क्या नहीं करना—एक कुल में किसी लड़के के विवाह के बाद ६ महीने के भीतर किसी लड़की का विवाह नहीं करना और उसी तरह किसी लड़के लड़की के विवाह के बाद ६ महीने के भीतर ही किसी का मुंडन नहीं कराना। अर्थात् लड़को के विवाह के बाद लड़के का विवाह और मुंडन के बाद विवाह करना चाहिये। और सगे दो भाइयों का, सगी २ बहनों का विवाह और ६ महीने के भीतर ही नहीं कराना। सौतेले भाइयों व सौतेली बहनों का विवाह ६ महीने के भीतर हो सकता है।

पितृ श्राद्ध आदि अशुभ क्रियाओं का अनुष्ठान मङ्गल कार्य में न पड़े। इससे विवाह का लग्न ठीक करना। यदि संवत्सर बदल जाय तो ६ महोने के भीतर ही किया हुआ मुंडन आदि शुभ है। जैसे माघ में किसी का विवाह हुआ हो तो वैशाख में उसी कुल में मुंडन आदि शुभ है।

विपत्ति में विवाह विचार—यदि किसी के विवाह की निश्चित होने पर तब यदि वर या कन्या के ३ पुरुष के मध्य में कोई मर जाय तो उसके मरने के १ महीना बाद गणेश पूजन आदि शान्ति करके विवाह करे तो शुभ है। यदि आवश्यक हो तो अपने वर्ण के अनुसार अशौच व्यतीत हो जाने पर शान्ति करके विवाह करे तो शुभ होता है।

आपत्ति में विचार—नारद का वाक्य है जब राजा का संकट आ पड़े या युद्ध में कन्या हरण आदि की शङ्का हो तथा माता पिता के प्राणों का संकट आ पड़े उस समय और कन्या की बड़ी अवस्था होने में ग्रहों के अनुकूल होने का विचार नहीं करना बिना बिचारे कन्या दे देना जन्म पत्री मिलान मुहूर्त आदि का विशेष विचार की आवश्यकता नहीं है।

कन्या वरण मुहूर्त—उषा०, स्वा०, श्रव० ३ पूर्वा, अनु०, धनि०, कृत० इन नक्षत्रों में विवाह के नक्षत्र आदि में वस्त्र, भूषण, खाने की मीठी वस्तु और फल फूल आदि कन्या को देकर फिर उसका वरण करें।

वर वरण फलदान—रोह० ३ उत्तरा, कृति०, ३ पूर्वा इन नक्षत्रों में शुभ दिन तिथि लग्न आदि में गीत बाजा आदि युक्त होकर ब्राह्मण या कन्या का भाई बस्त्र यज्ञोपवीत द्रव्य फल आदि से वर का वरण करे।

विवाह मुहूर्त—मूल, अनु०, मृग०, रेव०, हस्त ३ उत्तरा, स्वा०, मघा, रो०, ये नक्षत्र ज्येष्ठ माघ, फाल्गुन, वैशाख, अगहन, अषाढ़ इन महीनों में विवाह शुभ है।

विवाह में वर कन्या को सूर्य गुरु चंद्र का विचार

	वर का सूर्य	कन्या का गुरु	दोनों का चंद्र
शुभ स्थान	३, ६, १०, ११	२, ५, ७, ९, ११	१,२,३,५,६,७,९,१०,११
पूज्य ,,	१, २, ५, ७, ९	१, ३, ६, १०	०
अपूज्य ,,	४, ८, १२	४, ८, १२	४, ८, १२

विवाह में वर के सूर्य, कन्या के गुरु शुभ स्थान में हो और दोनों के चन्द्र शुभ स्थान में हो तो विवाह शुभ।

विवाह महीना—मिथुन, कुंभ, मकर, वृश्चिक, वृष, मेष इनके सूर्य में विवाह शुभ है। परन्तु मिथुन के सूर्य में अषाढ़ शुक्ल १ से दशमी तक वृश्चिक के सूर्य में, कार्तिक में मकर के सूर्य में, पौष में मेष के सूर्य में चैत्र में भी विवाह हो सकता है। जब मीन का सूर्य हो चैत्र मास हो तो विवाह वर्जित है। हरि शयन में भी वर्जित है।

गुरु सूर्य दोष पर परिहार—गुरु ४, ९, १२ राशि के हों या मित्र गृही, वर्गोत्तम हो या स्व नवांश या मित्र नवांश हो तो ४, ८, १२ स्थान में रहते शुभ समझना। नीच मकर का व शत्रु गृही ३, ६, २, ७ राशि का हो तो शुभ होने पर भी अशुभ है। उपरोक्त सूर्य के सम्बन्ध में भी विचारना।

कन्या की १० वर्ष की अवस्था होने तक सूर्य गुरु चन्द्र का विचार करे। बाद कन्या रजोवती कहलाती हैं। इसके लिये सूर्य आदि की शुद्धि का विचार न करे। जब कन्या १० वर्ष से अधिक अवस्था की हो जावे तो गुरु आदि की शुद्धि का विचार न करे। तारा, चन्द्रमा तक लग्न की शुद्धि में उसका विवाह कर दे। १२ वर्ष की अवस्था के बाद गुरु सब स्थानों में शुभ हैं। शुभ गोचर का विचार केवल पांचवें या छटवें वर्ष में ह ता है। १० वर्ष की आयु के मध्य में कन्या का विवाह होने से ग्रहों की गोचर शुद्धि, अब्द शुद्धि (युग्मायुग्म का विचार) मास शुद्धि अयन शुद्धि ऋतु शुद्धि वार शुद्धि आदि देखना।

यह मत ज्योतिष तत्व सुधार्णव ज्योतिष तत्व विवेक निबन्ध एवं सुगम ज्योतिष का भी है और नारदोक्त है।

विवाह के नक्षत्र—सूर्यादि ग्रहों के विद्ध नक्षत्रों को छोड़कर मृग०, हस्त, मूल, अनु०, मघा, रोह०, रेव०, उत्तरा, स्वा०, इन नक्षत्रों में और ४, ९, १४, ३० इन तिथियों को छोड़कर अन्य सब तिथियों में, शुभ दिन सोमवार बुध, गुरु, शुक्रवार में विवाह शुभ होता है। वेध आगे बताया है।

६ नक्षत्र वर्जन—(१) नन्म नक्षत्र, (२) जन्म नक्षत्र से दशवां कर्म नक्षत्र, (३) सोलहवां—संघात, (४) अठारहवां—समुदाय, (५) तेइसवां—विनाश, (६) पच्चीसवां—मानस नक्षत्र कहलाते हैं। शुभ कर्मों में ये नक्षत्र वर्जित हैं। विनाश नक्षत्र विशेष कर वर्जित है। कोई बाइसवां नक्षत्र को विनाश कहते हैं। इन ६ नक्षत्रों में यदि पाप ग्रह हो तो अशुभता के निमित शान्ति के लिये दान जप होम आदि करना।

लग्न या चन्द्र से अष्टम विचार—जन्म लग्न या जन्म राशि से अष्टम लग्न में विवाह करना शुभ नहीं है। या कोई पाप ग्रह लग्न में हो तो शुभ नहीं है। या जन्म लग्न या जन्म राशि से आठवें राशि का नवांश या आठवें राशि का स्वामी लग्न में हो तो विवाह शुभ कारक नहीं होता। इसी प्रकार बारहवां राशि या १२ वें राशि का नवांश या बारहवां राशि का स्वामी लग्न में हो तो विवाह होने के बाद स्त्री पुरुष दोनों में झगड़ा हो।

परिहार—यदि जन्म लग्नेश व जन्म राशिश इन दोनों में से कोई जन्म लग्न या जन्म राशि से आठवें राशि का स्वामी हो या इस अष्टममेश का मित्र हो तो उक्त दोष नहीं होता।

स्त्री व पुरुष के जन्म लग्न या जन्म राशि से आठवीं राशि १२, २, ४, ८, १०, ६ में से कोई लग्न में हो तो आठवे लग्न का दोष नहीं होता। क्योंकि जन्म

लग्न व जन्म राशि का स्वामी और इनमें से किसी से आठवीं राशि का स्वामी ये दोनों परस्पर मित्र या एक ही हैं और उक्त स्वामियों की परस्पर मित्रता व एक ही होने से दोष नहीं होता।

जैसे किसी का जन्म लग्न या जन्म राशि ९ है इससे आठवाँ ४ राशि हुई ९ का स्वामी गुरु और ४ का चन्द्र है जो गुरु का मित्र है मेष राशि से आठवाँ वृश्चिक हुआ दोनों का स्वामी एक है इस कारण अष्टमेश का दोष नहीं होता।

क्रूर ग्रहों से विद्ध आदि नक्षत्रों का दोष विचार—जो ग्रह क्रूर ग्रहों से पंच-सलाका या सप्तसलाका चक्र से बेधे गये हों और विद्ध नक्षत्रों को क्रूर ग्रह ने भोग कर शीघ्र ही छोड़ दिया हो और जिन नक्षत्रों में क्रूर ग्रह हो और जिन नक्षत्रों में क्रूर ग्रह जाने वाला हो और जिन नक्षत्रों में, भौम, देव, अंतरिक्ष इन ३ प्रकार के उत्पात में से कोई हुआ हो। ये सब नक्षत्र शुभ नहीं होते। इनको विवाह आदि शुभ कार्य में नहीं लेना।

परिहार—इन्हीं नक्षत्रों को चन्द्रमा एक बार भोगकर छोड़ दिया हो तो शुभ हो जाते हैं। अर्थात् एक महीने के बाद वे सब नक्षत्र शुभ कार्य के लिये शुभ हो जाते हैं।

सप्त सलाका वेध

एक रेखा के दोनों छोर पर जो नक्षत्र हैं उनका परस्पर वेध होता है जैसे मृग और, उषा का अश्व और पूफा० का इत्यादि साम्हने वाले नक्षत्रों का परस्पर वेध विचारना। यहाँ भी ग्रह का किया हुआ वेध होता है। आम्हने साम्हने दो नक्षत्रों में से किसी एक में कोई ग्रह हो तो वह उसी रेखा पर दूसरे नक्षत्र को वेध करता है। जैसे मूल में कोई ग्रह हो तो पुनर्वसु को वेध करता है या पुनर्वसु में कोई ग्रह हो तो मूल को वेध करता है। इसी प्रकार सप्त सलाका चक्र में क्रूर ग्रह से वेध हुआ नक्षत्र और शुभ ग्रह से वेध हुआ नक्षत्र का एक पाद विवाह आदि शुभ कार्यों में त्यागना। दीपिका नामक ग्रंथ में कहा है जिस स्त्री के विवाह काल में सप्त सलाका चक्र में पाप ग्रहों से या शुभ ग्रहों से चंद्रमा विद्ध हो वह स्त्री विवाह काल ही के वस्त्र पहिने रोती श्मशान भूमि को जाती है।

पंच सलाका वेध



यहां एक रेखा के दोनों छोर पर जो नक्षत्र रहते हैं उन दोनों का परस्पर वेध होता है जैसे पुष्य का ज्येष्ठा से हस्त का उभा० से श्ले० का धनि० से आदि। परन्तु यह वेध ग्रह कृत होता है अर्थात् एक रेखा में स्थित दो नक्षत्रों में से किसी एक में जो ग्रह हो वह दूसरे को वेधता है। जैसे आर्द्रा में कोई ग्रह हो तो पूषा को वेध करता है। पूषा में कोई ग्रह हो तो आर्द्रा को वेध करता है। ऐसे ही सब नक्षत्रों का वेध विचारना।

पाद वेध—इसी चक्र में पाद वेध का विचार होता है। उसकी रीति यह है तीसरे पाद में हो तो दूसरे पाद को वेधता है। दूसरे पाद में हो तो तीसरे पाद को वेधता है। ऐसे ही यदि एक रेखा में स्थित किसी नक्षत्र के पहले पाद में कोई ग्रह हो तो वह उसी रेखा में स्थित दूसरे नक्षत्र के चौथे पाद को वेधता है। जैसे रोहिणी के पहले चरण में स्थित ग्रह अभिजित् के चौथे चरण को वेधता है। दूसरे चरण में स्थित ग्रह अभिजित् के तीसरे चरण को वेधता है। तीसरे चरण में स्थित ग्रह अभिजित् के दूसरे चरण को वेधता है। चौथे चरण में स्थित ग्रह अभिजित् के पहले चरण को वेधता है। इसी प्रकार अन्यत्र भी पादभेद विचारना।

वधू-प्रवेश, दान व यज्ञादि में ब्राह्मण-वरण व विवाह इन सब शुभ कार्यों में पंच-सलाका वेध का विचार करना। अर्थात् चक्र में क्रूर ग्रह से वेधे हुए नक्षत्र में और शुभ ग्रह से वेधे हुए नक्षत्र से वेधे हुए नक्षत्र पाद में उक्त वधू-प्रवेश आदि कार्य नहीं करना।

पंचसलाका वेध में विवाह—सूर्यादि ग्रह जब एक रेखा में हो तब पंचसलाका चक्र में वेध होता है। इस वेध में विवाह करे तो कन्या एक महीना भी जीवित नहीं रहती। शुभ ग्रह का वेध हो तो नक्षत्र चरण त्यागना चाहिये। पाप ग्रह का वेध हो तो सम्पूर्ण नक्षत्र वर्जित करना। वधू प्रवेश, कन्यादान, वरण व विवाह में पंचसलाका चक्र से विचार करना। अन्यत्र सप्तशलाका चक्र से विचार होता है।

वेध फल—सूर्य का वेध = कन्या विधवा। मंगल = कुलक्षय। बुध = कन्या बांझ। गुरु = कन्या प्रवज्या (वैराग्य) ग्रहण करे। शुक्र = संतान न हो। शनि व चंद्र वेध = दुःख। राहु = कन्या व्यभिचार करे। केतु = कन्या स्वच्छंद-चारिणी होती है।

सप्तम स्थान की शुद्धि—विवाह लग्न में स्थित नवांश से सप्तमेश यदि लग्न से सातवें भाव में स्थित नवांश को या सातवें भाव को देखता हो या उसी में स्थित हो तो स्त्री को अति शुभदायक है।

उदाहरण—लग्नस्थ मिथुन नवांश से सातवें धन नवांश का स्वामी गुरु कर्क में स्थित अपने नवांश को नहीं देखता है और लग्न से तुला सप्तम भाव को देखता है या उसी में स्थित है। और यहाँ कही हुई रीति से विपरीत हो तो अशुभ जानना। अर्थात् पूर्वोक्त नवांशों के स्वामी पूर्वोक्त नवांशों को या भावों को न देखता हो और न उसमें स्थित हो तो वर कन्या की मृत्यु होती है।

अन्य प्रकारांतर—लग्न में स्थित नवांश से सातवें नवांश का स्वामी लग्न से सातवें भाव को देखता हो या दोनों परस्पर देखते हों अर्थात् उक्त नवांश का स्वामी उक्त भाव को और उक्त भाव का स्वामी उक्त नवांश को देखता हो तो कन्या को शुभ होता है।

लग्न-नवांश स्वामी—विवाह कालिक लग्न में स्थित नवांश का स्वामी लग्न में स्थित नवांश को देखता हो या नवांश या लग्न में स्थित हो तो वह वर को अति शुभ दायक होता है।

जैसे मेष लग्न में स्थित मिथुन नवांश का स्वामी बुध है। तुला में स्थित मिथुन नवांश को देखता है या उसी में स्थित है।

लग्न का उदाहरण—मेष लग्न में स्थित मिथुन नवांश का स्वामी बुध मकर राशि में स्थित मिथुन नवांश को नहीं देखता है और मेष लग्न को देखता है या उसी में स्थित है।

अन्य प्रकार—लग्न में स्थित नवांश के स्वामी का मित्र होकर शुभ ग्रह यदि लग्नस्थ नवांश को या लग्न को देखता हो तो वर को शुभ होता है और लग्न में स्थित नवांश के सातवें नवांश स्वामी का मित्र हो शुभ ग्रह यदि लग्न से सातवें भाव में स्थित नवांश को या सातवें भाव को देखता हो तो स्त्री को शुभ होता है।

लग्नस्थ शुभ नवांश फल—लग्न में ९, ७, ६, ३, १२ इनके नवांश में यदि विवाह हो तो विवाह के बाद कन्या पतिव्रता होती है।

निंदित नवांश निषेध—वर्गोत्तम नवांश को छोड़कर लग्न के अंत्य नवांश में कोई कन्या का विवाह नहीं करना। जैसे मेष लग्न में धन नवांश और वृष लग्न में कन्या नवांश आदि और तुला व मकर राशि में चंद्र के रहते चर लग्न में चर नवांश का योग न करे अर्थात् १, ४, ७, १० इन लग्नों में स्थित इन्हीं के नवांश में विवाह न करे। क्योंकि ऐसे योग में ब्याही स्त्री अति कामी होकर पूर्व पति को छोड़ कर दूसरे को ग्रहण करती है।

लग्न भंग योग—विवाह कालिक लग्न से बारहवें स्थान में शनि और दशम में मंगल, तीसरे में शुक्र, लग्न में चंद्र या पाप ग्रह शुभ नहीं होते और आठवें स्थान में चंद्रमा, लग्नेश तथा शुभ ग्रह, मंगल ये शुभ नहीं होते। और सातवें स्थान में सम्पूर्ण शुभ ग्रह शुभ नहीं होते। लग्नेश शुक्र तथा चंद्र छठे स्थान में भी शुभ नहीं होते।

शुभ लग्न—लग्न से ३, ११, ८, ६ स्थानों में सूर्य, शनि, राहु, केतु शुभ हैं। ३, ६, ११ घर में मंगल शुभ २, ३, ११ स्थान में चंद्र शुभ, ७, १२, ८ घर छोड़कर अन्य स्थानों में बुध गुरु शुभ, ८, ३, ७, ६ स्थान छोड़कर अन्य स्थान में शुक्र शुभ है।

विवाह लग्न में या लग्न से त्रिकोण या ४, १० में गुरु या शुक्र हो तो लग्न आदि में जो दोष हों वे नष्ट हो जाते हैं। लग्न में या लग्न से त्रिकोण या ४-१० में बुध गुरु या शुक्र हो तो सुख होता है २ या ११ में उक्त ग्रह धन देते हैं।

लग्न का विशोपिका बल—अपने शुभ स्थानों में (जैसा नैसर्गिक मैत्री में बताया है) स्थित रहते ग्रहों का विश्वावल बुध २, शुक्र २, चंद्र ५, सूर्य ३, गुरु ३, शनि १॥ राहु १॥, केतु १॥ है और उक्त स्थानों से अन्यत्र हों तो ० बल होता है। विवाह काल में सब बल मिलकर शुभ १५-२०, मध्यम १०-१५, अशुभ ५-१०। ५ से कम बल हो तो लग्न वर्जित है। १० विश्वा से अधिक शुभ है।

कर्तरी दोष—यदि पाप ग्रह मार्गी होकर लग्न से १२वें हों और दूसरा पाप ग्रह वक्री होकर दूसरे घर में हो तो कर्तरी दोष होता है। विवाह आदि शुभ कार्यों में कर्तरी दोष मृत्यु या दरिद्र या शोकप्रद होता है। ऐसे ही कोई पाप ग्रह मार्गी होकर चंद्र के स्थान से १२वें हो और दूसरा पाप ग्रह वक्री होकर चंद्र के स्थान से दूसरे स्थान में हो वह भी कर्तरी हुआ। इस रीति से सब भावों में कर्तरी होती है वह भी उपरोक्त अशुभ फल दायक है।

कर्तरी परिहार—यदि कर्तरी कारक दोनों ग्रह क्रूर हों या शत्रु गृही, नीच के या अस्त हों तो कर्तरी दोष नहीं होता। यदि शुक्र शत्रु गृही या नीच का होकर लग्न से छठे हो तो उसका दोष नहीं होता। यदि मंगल शत्रु गृही, नीच या अस्त होकर लग्न से ८वें हो तो उसका दोष नहीं होता। यदि चंद्र नीच का या नीच नवांश में होकर ६, ८, १२वें हो तो उसका दोष नहीं होता।

बुध, गुरु, शुक्र केन्द्र या त्रिकोण में हो तो वर्ष, अयन, ऋतु, मास, नक्षत्र, पक्ष, दग्ध तिथि, अंध, काण, वधिर आदि लग्न दोष नाश हो जाता है तथा पाप ग्रह युक्त चंद्र का या पापयुक्त नवांश का दोष भी नाश हो जाता है। केन्द्र (सप्तम को छोड़कर) या त्रिकोण में गुरु हो या लाभ में सूर्य हो या वर्गोत्तम चंद्र लग्न में हो या लग्न से चंद्र ३, ६, १०, ११ में हो तो सब दोषों का नाश करता है। दुष्ट मुहूर्त, निषिद्ध नवांशों का भी दोष नष्ट हो जाता है।

यदि सप्तम स्थान को छोड़कर केन्द्र या त्रिकोण में बुध हो तो १०० दोषों का नाश करता है। शुक्र २०० दोषों का। गुरु लाख दोषों को शांत करता है। लग्नेश या लग्न नवांशेश ११-१-४-१० स्थानों में हो तो दोषों के समूहों का नाश करता है।

सग्रह दोष—चंद्र के साथ एक राशि में अन्य ग्रह रहने का नाम संग्रह है। विवाह काल में यदि चंद्र सूर्य से युक्त = दोनों दरिद्री, मंगल = दोनों का मरण। बुध = शुभ। गुरु = सुख। शुक्र = स्त्री की सौत आती है अर्थात् पुरुष को दूसरा विवाह करना पड़े। शनि = दोनों में परस्पर वैराग्य अर्थात् प्रीत नहीं होती। यदि चंद्र २-३ पाप ग्रहों से

युक्त = दोनों का मरण। नारद जी के मत से बुध के योग से संतान हानि। गुरु = भाग्य हानि। शनि = संन्यास। राहु = दोनों में झगड़ा। केतु = सदा कष्ट दरिद्रता।

तात्पर्य यह है कि चंद्र यदि उच्च में, मित्र-गृही या स्वगृही होकर शुभ ग्रह से युक्त हो तो शुभ फल है। इसके विपरीत हो तो पूर्वोक्त अशुभ फल हो।

जामित्र दोष—लग्न या चंद्र से सप्तम में कोई ग्रह हो तो विवाह नहीं हो सकता।

विवाह में पुष्य वर्जनीय—यद्यपि मुनियों ने पुष्य की प्रशंसा की है यह नक्षत्र सब कार्यों में सिद्धिदायक है। तथापि विवाह में पुष्य नक्षत्र वर्जित है। गुरुवार को पुष्य हो तो विवाह नहीं करना।

विवाह में और भी विचार—संक्रांति दोष, तारा दोष, सिंहस्थ गुरु दोष आदि का भी विचार करना। इनका वर्णन एवं परिहार पहले दे चुके हैं।

विवाह आदि शुभ कार्यों में त्यागने योग्य दोष—दिग्दाह, प्रसिद्ध मकान या वृक्ष आदि का गिरना, उल्कापात, बड़ी आँधी का आना, चंद्र सूर्य का मंडल होना, स्यार का फिकरना और भी ग्राम सम्बन्धी उत्पात हों।

तथा क्रांत साम्य, दग्ध तिथि, व्यतीपात, वैधृति आदि दुष्ट योग और चंद्र शुक्र गुरु इनका अस्त, दक्षिणायन तथा तिथि की हानि वृद्धि, तथा नक्षत्र, तिथि लग्न इनके गंडांत, भद्रा, संक्रांति दिन और लग्नेश व लग्नस्थ नवांश का स्वामी, इन दोनों का अस्त, तथा लग्न से ६, ८वें स्थान में स्थित लग्न का स्वामी व लग्नस्थ नवांश का स्वामी और लग्न में पाप ग्रहों के गृह, होरा, द्रेष्काण, नवांश, द्वादशांश, त्रिंशांश और चंद्र व क्रूर ग्रह इन दोनों से संयुक्त लग्न व लग्नस्थ नवांश और लग्न शुद्धि, सप्तम स्थान की शुद्धि तथा चण्डायुध अर्थात् इसी प्रकरण में आगे बताया हुआ पात, खार्जूर दोष तथा १० योगों सहित जामित्र तथा लत्ता दोष, वेध दोष, बाधा दोष, उपग्रह दोष पाप कर्तरी दोष तथा तिथि नक्षत्र से या तिथि वार से या नक्षत्र वार से व तिथि नक्षत्र वार से उत्पन्न दुष्ट योग, अर्द्धयाम, कुलिक आदि वार दोष और क्रूर ग्रह युक्त नक्षत्र, क्रूर ग्रह का योग किया हुआ नक्षत्र और जिसमें क्रूर ग्रह आने वाला हो या सूर्य ग्रहण हुआ हो वह नक्षत्र और जिसमें पूर्वोक्त उत्पात हुए हों या केतु का उदय हुआ हो वह नक्षत्र और सूर्य के अस्त काल में प्रारंभ होने वाला अर्थात् सूर्य के नक्षत्र से १४ वां नक्षत्र और ऐसे ही जिसमें ग्रह का युद्ध हुआ हो वह नक्षत्र और लग्न के दोष इन सब को विवाह आदि शुभ कार्यों में त्यागे।

टिप्पणी—इन सब दोषों पर विचार करते रहने से लग्न की शुद्धि में बहुत कठिनाई होगी। इस कारण इन सबके वर्णन करते समय उनका परिहार भी दिया है और कई योग हैं जिनसे इन सबके दुष्ट फल का नाश हो जाता है। सम्पूर्ण परिहारों का अध्ययन कर ध्यान में रखने से लग्न की शुद्धि प्राप्त करने में कठिनाई नहीं होगी। तारा और चंद्र शुभ होने पर सब ग्रह शुभ फल देते हैं। चन्द्रबल हो तो तारा का बल भी नहीं देखना। चंद्र सब दोषों को नाश कर देगा।

सूर्य चंद्र मंगल गुरु फल—गुरु = जीवन प्रदान करने वाला है। चंद्र = जन्म प्रदान करने वाला है। सूर्य तेज प्रदान करता है। मंगल = भूमि प्रदान करता है।

जिस कन्या का गुरु हीनबल हो वह नहीं जीती। वर का सूर्य हीनबल हो तो वह नहीं जीता। चंद्र हीनबल = लक्ष्मी हीन। मंगल बलहीन = स्थानहीन।

स्त्री के जन्म गुरु फल—लग्न में गुरु = संतान नाश। दूसरे = धनवती। तीसरे = विधवा। ४ = कुत्सित स्वभाव। ५ = पुत्र युक्त। ६ = पति हीन। ७ = सौभाग्यवती। ८=पुत्र हीन। ९=पति प्रिया। १०=पति पुत्र से रहित। ११=धनाढ्य। १२=वांझ।

अन्य दोषों का परिहार—५, ९, १, ४, १० स्थान में गुरु रहने या लग्न से ११ स्थान में सूर्य हो तथा लग्न के वर्गोत्तम में या अपने वर्गोत्तम में चंद्र रहते सब दोष नाश हो जाते हैं। लग्न से ११ स्थान में चंद्र रहते दुष्ट मुहूर्त दोष तथा पाप ग्रह नवांश दोष ये सब नष्ट हो जाते हैं।

चंद्र शुद्धि—जन्म चन्द्र से ६, ७, ११ स्थान में सदा शुभ। शुक्ल पक्ष में २, ५, ९ स्थान में शुभ। ३, ६, १०, ११ में भी शुभ। जन्म नक्षत्र न होने से जन्म चन्द्र भी शुभ।

सूर्य शुद्धि—जन्म राशि से ३, ६, १०, ११ घर में सदा शुभ। २, ५, ९ घर में १३ दिन बाद शुभ। ८ घर = स्त्री विधवा। १, २, ४, ५, ७, ९, १२ घर में रोना, दुःख शोक। १, ७, ८, १२ घर में = अशुभ फल। ४, ८, १२ में कन्या विधवा हो।

यदि गोचर में सूर्य अशुभ स्थान में हो तो संक्रांति के १३ दिन छोड़कर विवाह आदि कार्यों में अशुभ फल नहीं देता।

सन्मुख शुक्र दोष विचार—यदि शुक्र सामने या दाहिने (दक्षिण) तर्फ पड़ते हों तो उस काल में चाहिये कि बालक युक्त, गर्भवती, या नवीन विवाही स्त्रियाँ दूसरी बार अपने पति के घर न जायें। क्योंकि शुक्र के सामने या दाहिने रहते स्वामी के घर जाने वाली स्त्री, बालक युक्त स्त्री का बालक मर जाता है। गर्भवती का गर्भ नष्ट हो जाता है, नवीन व्याही स्त्री बाँझ हो जाती है।

परिहार—किसी भारी शहर में जाने में और देश में किसी दुर्भिक्ष आदि में, या राजा आदि के किये हुए उपद्रव में और विवाह में, देव यात्रा में, तीर्थ यात्रा में, राजदंड तथा वधू प्रवेश में सन्मुख शुक्र दोष कारक नहीं होता। और पिता ही के घर में जिसके पूरे स्तन तथा रजोदर्शन हुआ हो अर्थात् युवा हो गई हो उन स्त्रियों को सन्मुख शुक्र का दोष नहीं होता। और ऐसा ही भृगु, अंगिरा, वत्स, वशिष्ठ, कश्यप, अत्रि, भरद्वाज इन ऋषियों के कुल में सम्मुख शुक्र का दोष नहीं होता।

शुक्र अंधा—चन्द्र नक्षत्र रेवती से पहले मृग तक शुक्र अंधा रहता है तब सन्मुख दक्षिण शुभदायक है। चन्द्र नक्षत्र रेवती से कृत्तिका के पहले चरण तक शुक्र अंधा रहता है तब यात्रा में सन्मुख रहने का दोष नहीं रहता। जब चन्द्र रेवती से लेकर कृत्तिका के प्रथम चरण के बीच रहता है तब शुक्र अंधा हो जाता है इसमें सन्मुख या दक्षिण का दोष नहीं है।

विवाह के १० महादोषों का विचार

विवाह लग्न रेखा—(१) लत्ता, (२) पात, (३) युति, (४) वेध, (५) जामित्र, (६) वाण, (७) एकार्गल, (८) उपग्रह, (९) क्रान्ति साम्य, (१०) दग्धा तिथि ये १० दोष बलवान हैं। इनको छोड़कर विवाह का लग्न ठहराना। इनमें भी प्रथम ५ अवश्य वर्जनीय हैं। दूसरे ५ आवश्यकता में ग्रहण करते हैं। इसी क्रम से रेखा में १० दोषों को शुभ या अशुभ सूचित किया जाता है।

(१) लत्ता—जिस नक्षत्र में बुध हो उससे पिछले सातवें नक्षत्र पर लत्ता दोष करता है। राहु पिछले नवें नक्षत्र पर। सूर्य चंद्र पिछले २२ वें नक्षत्र पर। शुक्र पिछले पाँचवें नक्षत्र पर लत्ता दोष करता है। अर्थात् लात मारता है। सूर्य आगे के १२ वें नक्षत्र पर। शनि आगे के आठवें नक्षत्र पर। गुरु आगे के छटवें नक्षत्र पर। मङ्गल आगे के तीसरे नक्षत्र पर लत्ता दोष करते हैं। सूर्य लत्ता-धन नाश। राहु—नाश—नित्य दुःख। चन्द्र—नाश। मङ्गल—मृत्यु कारक। गुरु—बंधु नाश। शनि—कुलक्षय। बुध—नाश।

मालव देश में लत्ता का, कौशल देश में पात का, काश्मीर में एकार्गल का, सब देशों में वेध वर्जित। इनका विचार करना चाहिये।

लत्ता	सूर्य	शनि	गुरु	मङ्गल	चंद्रपूर्ण	राहु	बुध	शुक्र
	अगले	अगले	अगले	अगले	पिछले	पिछले	पिछले	पिछले
	१२ वें	८ वें	६ वें	३ रे	२२ वें	९ वें	७ वें	५ वें
	नक्षत्र पर	न० पर	पर	पर	पर	पर	पर	
फल	धन नाश	कुल क्षय	बंधु नाश	वर कन्या नाश	कन्या नाश	कन्या नाश	कन्या नाश	कार्य दुःख

परन्तु राहु की विशेष बात यह है कि वह सदा वक्री है। उसका अगला ही पिछला गिना जाता है। जैसे अश्विनी में राहु हो तो पिछला नवाँ नक्षत्र श्लेषा होता है। प्रयोजन यह है कि इन नक्षत्रों में इन ग्रहों की लात होने से इनमें विवाह नहीं करना।

(२) पात दोष—हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतीपात, गंड, शूल इन योगों में समाप्त काल में जो नक्षत्र हो वह पात दोष से दूषित होता है। जैसे किसी दिन कृत्तिका २४–१० घड़ी है और हर्षण २०–१५ घड़ी है। यहाँ हर्षण योग कृत्तिका नक्षत्र में ही समाप्त है। इस कारण कृत्तिका नक्षत्र पात से दूषित हुआ। ऐसे नक्षत्र विवाह आदि शुभ कार्यों में त्याज्य हैं।

इसी पात दोष को नारद व वशिष्ठ जी ने अन्य प्रकार से कहा है। सूर्य जिस नक्षत्र पर हो उस नक्षत्र से लेकर श्लेषा, मघा, रेवती, चित्रा, अनु०, श्रवण इन नक्षत्रों तक गिनने से जितनी संख्या हो अश्विनी से लेकर उतनी ही संख्या वाला दिन नक्षत्र पात दोष से दूषित होता है। जैसे ज्येष्ठा में सूर्य है। उससे लेकर श्रवण तक गिनने में ५

संख्या हुई। अब अश्विनी से ५ मृगशिरा हुआ। यही पात दूषित हुआ। ऐसे ही और नक्षत्रों का जानना। इस पात को चंद्रांश या चंद्रायुध भी कहते हैं।

टिप्पणी—पात उपग्रह लत्ता में भी चरण वेध दूषित है। जैसे पात का उपग्रह जिस चरण पर हो वह चरण दूषित नक्षत्र का वर्जित है। तथा जिस ग्रह को लत्ता है वह जिस चरण पर अपने नक्षत्र के स्थित है, उतनी संख्या दिन नक्षत्र के चरण पर दोष होता है। और पर नहीं। अर्थात् सम्पूर्ण नक्षत्र दोषी नहीं होता। यह पात बंग व कलंग देश में वर्जित है।

क्रान्ति साम्य योग—मेष सिंह इन राशियों में किसी एक में चंद्र और दूसरे में सूर्य हो तो क्रान्तिसाम्य योग होता है। ऐसे ही, वृष मकर में। तुला कुंभ में। कन्या मीन में। कर्क वृश्चिक में। धनु मिथुन में क्रम से या विपरीत सूर्य चंद्र स्थित हो तो अर्थात् विवाह आदि की लग्न ऐसे विचारना चाहिये जिसमें यह दोष न हो।



इस क्रांतिसाम्य चक्र से समझ लेना इनमें सूर्य या चन्द्र परस्पर वेध हो तो मङ्गल कार्यों में शुभ नहीं है। जैसे मिथुन में सूर्य हो और धन में चंद्र हो तो क्रान्तिसाम्य हो जाता है। कहा है शस्त्र से मारा हुआ, सर्प से डसा हुआ जी सकता है। परन्तु क्रान्तिसाम्य में विवाह किया हुआ नहीं जीता। चंद्र सूर्य के क्रान्तिसाम्य में वैधृति व्यतीपात योग होते हैं। उनमें शुभ कर्म का आरम्भ करने से दुःख या मृत्यु होती है।

एकार्गल खार्जूर दोष—जिस दिन व्याघात, गंड, व्यतीपात, विष्कुम्भ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगंड योगों में से कोई योग हो और जिस नक्षत्र में सूर्य हो उस नक्षत्र से लेकर विषम नक्षत्र में चंद्र हो उस दिन एकार्गल दोष होता है। परन्तु विशेष यह है कि सम विषम गणना में अभिजित् को भी ग्रहण करना। यह योग विवाह आदि शुभ कार्यों में निंदित है जैसे रविवार को द्वादशी और मूल नक्षत्र है और व्याघात योग है। सूर्य ऊषा में हैं। इससे ऊषा से अभिजित सहित मूल नक्षत्र तक २७ हुए। यहाँ सूर्य से चन्द्रमा विषम नक्षत्र पर है इससे एकार्गल दोष हुआ। इस दिन विवाह आदि करना अच्छा नहीं है। इस दोष को खार्जूर कहते हैं। यदि चन्द्रमा सम नक्षत्र पर हो तो यह दोष नहीं होता विवाह प्रथम और सीमन्त, कर्णवेध, व्रतबन्ध, अन्नप्रासन में खार्जूर वर्जित है।

उपग्रह दोष—जिस नक्षत्र पर सूर्य हो उस नक्षत्र से ५, ८, १०, १४, ७, १९, १५, १८, २१, २२, २३, २४, २५ वाँ चंद्रमा हो तो ये १३ नक्षत्र उपग्रह दोष से दूषित होते हैं। कुरु तथा वाल्हीक देशों में शुभ कार्य में अशुभ माने जाते हैं अर्थात सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र ५, ८, १०, १४, ७, १९, १५, १८, २१, २२, २३, २४, २५ वाँ हो तो उपग्रह दोष होता है। वह कुरु तथा वाल्हीक देश में वर्जित है।

जामित्र—विवाह के लग्न से १४ वें नक्षत्र पर कोई ग्रह हो तो जामित्र दोष होता है। विवाह काल में लग्न से १४ वां नक्षत्र जामित्र है वह शुभ ग्रह से युक्त हो तो लिया जाता है पाप ग्रह युक्त वर्जित है।

जामित्र दोष—विवाह आदि काल के लग्न वा चन्द्र इन दोनों से सातवें स्थान में यदि कोई ग्रह हो तो जामित्र दोष होता है। इस दोष में विवाह वर्जित है। अथवा लग्न व चन्द्र जिस नवांश में हो उससे लेकर ५५ वें नवांश में यदि कोई ग्रह हो तो और कोई ग्रह जिस नवांश में हो उस नवांश से लेकर ५५ वें नवांश में यदि लग्न व चन्द्र हो तो भी जामित्र दोष होता है। जामित्र दोष विवाह आदि शुभ कार्यों में अति अशुभ कारक है। इसमें विवाह आदि शुभ कार्य नहीं करना।

अर्द्धयाम दोष = दिन	रविवार	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनिवार
अशुभ अर्द्धयाम	४	७	२	५	८	३	६

दिनमान ÷ ८ = अर्द्धयाम घटी पल। एक दिन में = ८ अर्द्धयाम। उसमें १ अशुभ होता है उसके जानने की रीति—

रविवार से इष्ट दिन तक गिनने से जितनी संख्या हो × ३ ÷ ८ = शेष + १ योग।

उतनी संख्या वाला अर्द्धयाम अशुभ होता है। जैसे रविवार से बुध तक ४ दिन ४ × ३ = १२ ÷ ८ = शेष ४ + १ = ५। इससे बुध का पाँचवाँ अर्द्धयाम अशुभ होता है। इसे शुभ कार्य में त्यागना।

युति दोष—जिस घर में चन्द्र हो उसी घर में और कोई ग्रह हो तो युति दोष होता है। अन्य मत है शुभ ग्रह का दोष नहीं होता।

जिस नक्षत्र पर कोई ग्रह हो उसे युति कहते हैं उसमें विवाह करने से कन्या व्यभिचारिणी होती है।

चन्द्रमा सूर्य युक्त—हानि। मंगल युक्त—मृत्यु। राहु, केतु, शनि युक्त—फल नाश करे।

परिहार—यदि चन्द्रमा वर्गोत्तम, उच्च या मित्रगृही हो तो युति दोष नहीं होता। दम्पत्ति सुखी रहेंगे।

युति दोष—युति कूर्माचल में विशेष प्रसिद्ध है। बालबोध में लिखा है कि जब शनि, राहु, मंगल, सूर्य जन्म राशि में स्थित हों तो यदि कन्या का विवाह किया जाये तो कन्या विधवा हो।

जिस नक्षत्र में ग्रह स्थित हो उसे युति कहते हैं इत्यादि आशय से जन्मराशि में विशेषतः जन्म-नक्षत्र में जिस वर्ष या जिस मास में पाप ग्रह स्थित हो उसे युति दोष कहते हैं। इस दोष में विवाह आदि शुभ कार्य नहीं करना। आवश्यकता में पाद वेध वर्जित करते हैं।

कुलिक दोष वार	रविवार.	सोम.	मंगल.	बुध.	गुरु.	शुक्र.	शनिवार
दिन में	१४	१२	१०	८	६	४	२
रात में	१३	११	९	७	५	३	१–१५

दिनमान ÷ १५ = मुहूर्त घटी पल। १ दिन में १६ मुहूर्त होते हैं। यही सब मुहूर्त १ कमकर उन्हीं दिनों की रात्रि में कुलिक होते हैं। जैसे रविवार को १४वां मुहूर्त दिन में १ कम अर्थात् पहला और २५वां मुहूर्त रात्रि में कुलिक है ये विवाह आदि शुभ कार्यों में अशुभ हैं, इनमें विवाह आदि शुभ कार्य नहीं करना।

वार	रविवार	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनिवार
तिथि	७	६	५	४	३	२	१

इन दिनों और तिथियों में कुलिक योग होता है। विवाह आदि में शुभ नहीं है।

दग्धा तिथि	संक्रांति	धन	वृष	कर्क	कन्या	सिंह	मकर
	दग्धा	मीन	कुंभ	मेष	मिथुन	वृश्चिक	तुला
	तिथि	२	४	६	८	१०	११

जब इन राशियों में सूर्य हो तो ये तिथियां दग्ध होती हैं। इनमें विवाह आदि शुभ कार्य नहीं करना।

पंचक दोष—सूर्य के गतांश और १५, १२, १०, ८, ४ इनको अलग-अलग रख के जोड़ना और योग में ९ का भाग देना। शेष ५ बचे तो क्रम से ५ स्थान में ५ पंचक होते हैं। १ रोग, २ अग्नि, ३ राज, ४ चोर और ५ मृत्यु पंचक। ये विवाह में वर्जित हैं। अर्थात् उपरोक्त ५ अंकों में सूर्य गतांश पृथक-पृथक जोड़कर ९ का भाग देने पर इन अंकों के शेष में क्रमानुसार उक्त पंचक होते हैं। यदि शेष ५ न हो तो उक्त पंचक नहीं होंगे।

परिहार—रात्रि में चोर और रोग पंचक वर्जित है। दिन में राज (नृप) पंचक वर्जित है। अग्नि पंचक सदा वर्जित है। दोनों संध्या में मृत्यु पंचक वर्जित है।

वार अनुसार	वार	रविवार	शनि	बुध	मंगल
परिहार	वर्जित पंचक	रोग पंचक	राज पंचक	नृप पंचक	अग्नि चोर

जनेऊ में रोग पंचक, मकान बनाने में अग्नि पंचक, राजसेवा में नृप पंचक, यात्रा में चोर पंचक, विवाह में मृत्यु पंचक वर्जित है।

बाण दोष दक्षिण में प्रसिद्ध—शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर जितनी तिथि बीत गई हों उनमें लग्न की राशि संख्या को जोड़कर ९ का भाग देना। शेष ८—रोग बाण। २—अग्नि बाण। ४—राज बाण। ६—चोर बाण। १—मृत्यु बाण। इस रीति से कहा हुआ बाण दक्षिण देश में प्रसिद्ध है। ये विवाह आदि शुभ कार्यों में अशुभ होते हैं।

पूर्व पश्चिम उत्तर देश में प्रसिद्ध बाण दोष—निरयन सूर्य की स्पष्ट संक्रांति के भोगे हुए अंशों की संख्या को ५ स्थानों में रखे फिर क्रम से ६, ३, १, ८, ४ को जोड़कर ९ का भाग दो। पहिले स्थान में ५ बचे—रोग बाण। दूसरे में शेष ५—अग्नि बाण। तीसरे में—राज बाण। चौथे में—चोर बाण। पांचवें में शेष ५ रहें तो—मृत्यु बाण जानो।

जैसे सूर्य की स्पष्ट संक्रांति का ५ अंश बीत गया है। इसे ५ जगह रखो।

५	५	५	५	५
+६	+३	+१	+८	+४
११	८	६	१३	९
शेष २	८	६	४	०

यहाँ किसी में ५ नहीं बचा तो कोई वाण नहीं। यदि किसी में ५ बचता तो जिस क्रम का बचता उसी क्रम का वाण होता। दूसरे रीति से कहे हुए वाण में काष्ठ का भी फर रहता है इसलिये अतिअशुभ कारक नहीं होता।

लोहे के फर वाले वाण—कहे हुए ५ स्थानों के शेष में जोड़ में ९ का भाग देने पर यदि ५ शेष रहें तो वह लोहे के फर वाला वाण हुआ जैसे—२+८+६+४+०=योग २०÷९=शेष २=इसलिये यह अति अशुभ कारक नहीं हुआ।

समय और वार भेद से वाण दोष परिहार—चोर व रोग ये दो वाण रात्रि में, अग्नि वाण–सब काल में, मृत्यु वाण—प्रातः व संध्या काल की संध्या में शुभ नहीं होते।

दिन	शनिवार	बुध	मंगल	रविवार	ये वाण इन दिनों
वर्जित वाण	राज वाण	मृत्यु	अग्नि व चोर	रोग वाण	वर्जनीय हैं

यज्ञोपवीत, घर का छवाना, राजा की सेवा (नौकरी) आदि, सवारी करना, विवाह इन ५ कार्यों में क्रम से रोग अग्नि, राज, चोर और मृत्यु वाण त्यागना। अर्थात् यज्ञोपवीत में रोग वाण, घर छवाने में अग्नि वाण, राज सेवा में राज वाण, सवारी में चोर वाण, विवाह में मृत्यु वाण वर्जित करना।

सूर्य चाहे जिस नक्षत्र पर हो यदि उसके गतांश निम्न हो तो वाण दोष अवश्य त्यागना।

सूर्य गतांश	८-१६-२६	३-११-२०-२९	४-१३-२२	६-१५-२३	१-१०-१९-२८
वर्जित	रोग वाण	अग्नि वाण	नृप	चोर	मृत्यु वाण

ऐकार्गल आदि दोष परिहार—यदि विवाह लग्न सूर्य चंद्र के स्वोच्च स्थान स्थित रूप बल से युक्त हो अर्थात् जब सूर्य और चंद्र के बल से युक्त लग्न हो तो ऐकार्गल, उपग्रह, पात, लत्ता, जामित्र, कर्तरी, उदयास्त दोष, ये सब नष्ट हो जाते हैं।

देश भेद से उपरोक्त दोष परिहार—कुरु और वाल्हीक इन पश्चिम के देशों में उपग्रह दोष युक्त नक्षत्र का और कलिंग वंग इन पूर्व के देशों में पात दोष का और सौराष्ट्र व शाल्व इन पश्चिम के देशों में लत्ता दोष युक्त नक्षत्र का और सब देशों में पंच सलाका आदि चक्र द्वारा क्रूर शुभ ग्रहों के वेध हुए नक्षत्र का त्याग करना।

१० योग का दोष—अश्विनी से लेकर सूर्य के नक्षत्र तक और चंद्र के नक्षत्र तक भी अलग-अलग गिने फिर उन दोनों संख्याओं को जोड़कर २७ का भाग दे। यदि ०, १, ४, ६, १०, ११, १५, १८, १९, २० ये अंक शेष बचें तो दोष होगा। अर्थात् इनमें से कोई एक अंक बाकी बचे तो उस नक्षत्र में विवाह नहीं करना। जैसे उषा में चंद्र और अनुराधा में सूर्य है तो अश्विनी से चन्द्र नक्षत्र तक २१ हुए और सूर्य के

नक्षत्र तक १७ हुए। २१ + १७ = ३८ ÷ २७ = शेष ११ तो उक्त रीति से यह अंक दोषी है। इसलिये उषा नक्षत्र में विवाह शुभ नहीं है। ये १० अंक गिनाये गये हैं इसलिये इनको १० योग नाम पड़ गया है।

उक्त दोषों का फल—ऊपर रीति से शेष ० = विवाह काल में बहुत वायु चले। १ = बादल बहुत हों। ४ = आग लगे। ६ = राजदंड हो। १० = चोरी हो। ११ = मरण। १५ = रोग। १८ = बिजली गिरे। १९ = झगड़ा हो। २०=हानि हो।

१० दोषों का परिहार—पूर्व कहे हुए १० अंकों में से यदि सम अंक वाला योग आ पड़े तो उसके २ भाग करके १ भाग में १४ और मिलाना। यदि विषम अंक वाला योग आ पड़े तो उसमें १ और मिलाकर सम करे। बाद उसके दो भाग कर एक में १४ और मिलाना। तब जितनी संख्या हो अश्विनी से लेकर उतनी संख्या वाले नक्षत्र को आड़ी १४ लकीरों से बने हुए चक्र को आदि लिखकर फिर उसके क्रम से अभिजित् सहित २८ नक्षत्र रेखाओं के छोरों पर लिखे और उन नक्षत्रों में जो ग्रह हो उनको भी वहाँ लिख दें। यदि चक्र में किसी ग्रह व चन्द्र का परस्पर वेध हो तो वह शुभ नहीं होता।

श०

के० चंद्र

मूल ज्ये० अनु० वि० स्वा० चि० ह० उफा० पूफा० म० श्ले० पु० पुन० आर्द्रा

पूषा० उषा० अभि० श्र० ध० श० पूभा० उभा० रेवती अश्व० भर० कृ० रो० मृग

शु० सू० गु० मं०

बु० रा०

अर्थात् इस चक्र में किसी एक ही रेखा के एक छोर पर चन्द्र हो और दूसरे छोर पर शुभ या अन्य कोई पाप ग्रह हो तो पूर्वोक्त १० योगों में से वह योग अति अशुभ कारक होता है। यदि दूसरे छोर पर कोई ग्रह न हो तो अति अशुभ कारक नहीं होता।

जैसे इन योगों में ११ अंक वाला अंक आया। १० ÷ २ = ५ + १४=१९ अश्व० से लेकर १९ मूल होता है। मान लो ११ संख्या का अंक आया ११ + १=१२ ÷ २ = ६ + १४ = २० वाँ उभा० आया। मान लो १० अंक से प्राप्त १९ वाँ मूल आया तो मूल को आदि लेकर १४ लकीरों के चक्र में लिखा जैसा ऊपर बताया है। क्रमानुसार सब नक्षत्र और उन पर जो ग्रह हो लिख दिया। यहां छठवीं रेखा पर चित्रा पर चन्द्र है दूसरे छोर पर शत० है। उसमें कोई ग्रह नहीं है। इस कारण चन्द्र का किसी ग्रह से परस्पर वेध नहीं होता। यदि इस चित्रा में विवाह हो तो पूर्वोक्त १० योग दोष अशुभ कारक नहीं हो सकते। इस १० योग का साधक योग व्यास जी ने कहा है। यदि विवाह लग्न शुक्र या गुरु से युक्त या दृष्ट हो तो १० योग दोष नष्ट हो जाते हैं।

मर्म, कंटक, शल्य, छिद्र वेध विचार—

(१) लग्न में पाप ग्रह = मर्म वेध फल मृत्यु ।

(२) ९, ५ में पाप ग्रह = कंटक बेध = कुल क्षय ।

(३) ४, १० में पाप ग्रह = शल्य वेध = राजभीति ।

(४) सप्तम में पाप ग्रह = छिद्र वेध = पुत्र नाश ।

ग्रहण उत्पात—जिस नक्षत्र में महा उत्पात या ग्रहण हुआ हो उस नक्षत्र में ६ महीने तक सब शुभ काम वर्जित है ।

विवाह भंग योग—कृष्ण पक्ष में यदि चन्द्रमा वृष, कर्क आदि सम राशियों में होकर प्रश्न लग्न से ६ या ८ स्थान में हो और पाप ग्रहों से दृष्ट हो तो विवाह का भंग करता है ।

विवाह सम विषम वर्ष विचार—सम वर्ष में कन्या का विवाह और विषम वर्ष में पुत्र का विवाह शुभ फल दायक है विपरीत वर्षों में करने से दु.ख या रोग होता है ।

विवाह पश्चात्—विवाह के पश्चात् चतुर्थी कर्म के भीतर श्राद्ध का दिन या अमावस्या नहीं होनी चाहिये । यदि हो तो कन्या विधवा या संतान-हीन होती है ।

विवाह में रिक्ता फल—यदि शनिवार तथा रिक्ता तिथि के दिन कन्या का विवाह किया जावे तो पति की सम्पत्ति की वृद्धि होती है ।

विवाह में वर्जित नक्षत्र—मघा के प्रथम चरण में, मूल के प्रथम चरण में, रेवती के चौथे चरण में विवाह करना प्राणों का नाश करता है ।

विवाह ८ प्रकार के हैं—(१) ब्राह्म विवाह—वर को बुलाकर उसकी कुछ हानि न करके जो कन्या यथाशक्ति अलंकार युक्त दी जावे उसकी संतान २१ पुरुषों का उद्धार करती है ।

(२) दैव—यज्ञ कराके दक्षिणा में कन्या दी जाय उसकी संतान पूर्व के १४ और बाद के ६ पुरुषों को पवित्र करे ।

(३) प्राजापत्य—जो वर के माँगने पर धर्म सहायार्थ दी जावे ।

(४) आर्ष—एक गौ एक वृष या दो गौ यज्ञ के लिए या कन्या के लिए वर से लेकर कन्या दी जाय परन्तु मूल्य बुद्धि से न हो यह भी देव तुल्य है ।

(५) आसुर—कन्या के मित्र आदि को धन देकर या कन्या को धनादि से संतुष्ट करके जो विवाह हो ।

(६) गांधर्व—प्रथम ही कन्या वर के प्रेम आलिंगन आदि हुए में उनके इच्छानुसार विवाह ।

(७) राक्षस—संग्राम में जीतकर व बलात्कार से कन्या हरण कर ।

(८) पैशाच—सोते में या नशा आदि से बेहोशी में बलात्कार कन्या का धर्षण करे ।

देव पितृ ऋण गृहस्थ मनुष्य पर होता है। उसके उद्धार के निमित्त संतान होती है। संतान शुभ लक्षण वाली स्त्री के आधीन है उसके शुभ गुण बली होने के लिए विवाह के शुभ मुहूर्त आवश्यक है।

वर्णसंकर के विवाह का मुहूर्त—कृष्ण पक्ष में और शनिवार, मंगल, रविवार में और जो नक्षत्र विवाह में वर्जित हैं उनमें वर्णसंकर का विवाह हो तो पुत्र, आयुष्य, बल, प्रीति, धन, लाभ इन सबकी प्राप्ति होती है।

गांधर्व विवाह—गांधर्व विवाह आदि में, सूर्य नक्षत्र से ४ नक्षत्र अशुभ बाद २ नक्षत्र शुभ, बाद ३ अशुभ, बाद १ शुभ, बाद १ अशुभ, बाद ४ शुभ तदनंतर ६ अशुभ, ३ शुभ, १ अशुभ, ३ शुभ होते हैं।

गांधर्व विवाह का त्रिपदी चक्र—सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक गिनकर गांधर्व विवाह में विचारे पुनर्विवाह या गांधर्व विवाह का मुहूर्त इसमें विचारे।

नक्षत्र	४	२	३	१	१	४	६	३	१	३	=२८
फल	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	नक्षत्र
अन्य नक्षत्र	४	२	३	१	१	४	५	१	३	३	=२७
मत फल	अशुभ	शुभअ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	नक्षत्र

गौधूलिकी प्रशंसा—मुनियों ने सम्पूर्ण कार्यों में गौधूलि ऐसी शुभ कही है कि इनमें नक्षत्र, तिथि करण वार नवांश विधान, योग, अष्टम स्थान की शुद्धि, जामित्र दोष ये सब विशेष नहीं विचारे जाते और लग्न का भी विचार नहीं किया जाता और मुहूर्त का भी विचार नहीं अर्थात् बहुत से सुयोगों के रहते कोई एक कुयोग भी हो तो विवाह गौधूलिका में करना शुभ हो जाता है। अथवा पूर्व देशों में तथा कलिंग देश में गौधूलिका मुख्य होती है। अथवा गांधर्व विवाह तथा वैश्य आदिकों के विवाह में गौधूलिका शुभ है। अथवा कोई शुभ लग्न न हो और कन्या युवती हो गई हो तो विधवा आदि भारी दोषों को छोड़कर गौधूलिका में विवाह श्रेष्ठ है।

गौधूलिका काल—हेमंत ऋतु। अगहन आदि ४ महीनों में—कुहिरा से ढककर सायंकाल में सूर्य भात के गोले के समान (स्वच्छ) तेज रहित दीख पड़े तब। तापस (चैत्र आदि ४ महीनों में)—सूर्य के आधे अस्त हो जाने पर गौधूलिका होती है। वर्षा काल (श्रावण आदि ४ महीनों में)—सूर्य के सम्पूर्ण अस्त हो जाने पर गौधूलिका होती है। यह ३ प्रकार की गौधूलिका सम्पूर्ण शुभ कार्यों में काम लाने योग्य है।

गौधूलिका—सायंकाल में इकट्ठा होकर गौएँ वन से घरों को वापिस आते हुए गौओं के खुरों से उठी हुई पृथ्वी की धूल से आकाश भर जाता है वह काल गौधूलिका है।

गौधूलिका में त्याज्य दोष—सूर्यास्त होने के पूर्व गौधूलिका शुभ होती है परन्तु गुरुवार सूर्यास्त के पूर्व अर्द्धयाम दोष रहता है और शनिवार को सूर्यास्त के बाद कुलिक दोष रहता है। इन दोनों कालों में गौधूलिका निषिद्ध है और लग्न से ६ या ८ या

लग्न में चन्द्रमा रहते कन्या का नाश तथा ७ या ८ स्थान या लग्न में मंगल के रहते वर का नाश फल कहा है। इसलिए गौधूलिका काल में ऐसे लग्न भी निषिद्ध हैं। और लग्न से ११, २ या ३ स्थान में चन्द्र रहते वर कन्या दोनों को सौख्य है। इस कारण गौधूलिका काल में ऐसे लग्न श्रेष्ठ होते हैं।

अपवाद—अगहन और माघ में गौधूलिका में विवाह से कन्या विधवा होती है। फागुन में धन पुत्रादि की वृद्धि। वैशाख—सुख संतान धन युक्त। ज्येष्ठ—पति की मान दात्री। आषाढ़—धन धान्य बहु पुत्र प्राप्त। इसलिए उत्तम वर्ण का विवाह विशुद्ध लग्न में करना। हीन वर्ण का गौधूलिका में प्रशस्त है। जिस समय विशुद्ध लग्न न मिले तब गौधूलिका की व्यवस्था करे।

लग्नपत्रिका का उदाहरण—

श्री गणेशाय नमः

सजयति सिंधुर वदनो देवो, यत्पादपङ्कजस्मरणम्।
वासरमणिरिव तमसां राशिं नाशयति विघ्नानाम् ॥ १ ॥
जननी जन्मसौख्यानां वर्द्धिनी कुलसम्पदाम्।
पदवी पूर्वपुण्यानां लिख्यते लग्नपत्रिका ॥ २ ॥

अथ श्री शुभ संवत्सरे श्रीमन् नृपतिवीरविक्रमादित्यराज्योदयात् गताब्दाः मानेन—(सं०) २०३२। श्री शालिवाहनशकाब्दाः १८९७। तत्र चैत्रादौ गुरुविमव नामसंवत्सरे। श्री सूर्य उत्तरायणे। शिशिर ऋतौ। श्रीमन् महामांगल्यप्रदे मासोत्तमे पौषमासे। शुभशुक्लपक्षे। १५ पूर्णिमा तिथौ शनिवासरे मण्डपाच्छन्न तेलहरिद्रादि-बन्दनंशुभम्। पुनः माघमासे शुभे कृष्णपक्षे १ प्रतिपत् तिथौ रविवासरे मातृकापूजनं शुभम्। पुनः माघमासे शुभे कृष्णपक्षे २ तिथौ चंद्रवासरे वर (बरात) आगमनं कलश-गौरी-वन्दनं द्वारोत्सवश्च शुभम्। पुनः माघमासे शुभे कृष्णपक्षे २ द्वितीयां तिथौ चंद्रवासरे लत्तादिदोषरहिते उभयोः चंद्रशुद्धौ पाणिग्रहणपरिक्रमादिकार्यं शुभम् ॥ वरवध्वौ चिरंजोविनौ भूयास्ताम् ॥

पुनः पौषमासे शुभे शुक्लपक्षे १२ द्वादशी तिथौ बुधवासरे गोतमांगल्यमृदाहरणं मागरमाटी मरदारं च शुभम् ॥

श्री शुभ विवाह लग्न कुंडली



वर चिरंजीव

कन्या सौभाग्य कांक्षी

लग्न पत्रिकायाः साहाय्यं श्री राधाकृष्णौ कुरुतः नाम शुभम्भवेत्

लग्न पत्रिका लिखने का मुहूर्त—विवाहोक्त शुभ वार तिथि में पंडित द्वारा लग्न पत्रिका लिखकर वर पक्ष को भेजी जाती है। यह २ पक्ष की शुभ है अर्थात् कृष्ण में लिखी जाय तो विवाह शुक्ल पक्ष में होगा। शुक्ल पक्ष में लिखी जाय तो अगले कृष्ण पक्ष में विवाह होगा।

समय के अभाव में आवश्यकता पड़ने पर एक ही पक्ष में विवाह कर लिया जाता है।

लग्न पत्रिका का नमूना ऊपर दिया है। इसके छपे हुए फार्म मिलते हैं।

मागरमाटी

विवाह का उत्सव आरंभ होने के पहिले किसी खदनियां का पूजन कर उसकी मृत्तिका घर में लाते हैं। उससे स्त्रियाँ चूल्हें आदि बनाती हैं।

मागरमाटी का मुहूर्त

जिस दिन पृथ्वी सोती न हो इसका विचार कर कार्य करना। पृथ्वी सुप्त हो तो भूमि खोदना मना है।

मरदार

विवाह का मंडप बनाने के निमित्त जो लकड़ी लाई जाती है। उसे मरदार कहते हैं। विवाहोक्त किसी शुभ नक्षत्र में इसे लाना चाहिए। या चौघड़िया मुहूर्त से शुभ समय देखकर लाना।

बहुधा लोग पूछते हैं किसके नाम से मरदार निकलती है अर्थात् लकड़ी लाने को जंगल आदि से पहिले कौन वृक्ष को काटेगा या कटी हुई लकड़ी को पहिले कौन-कौन उठायेगा ?

इसके लिये उपरोक्त विवाहोक्त शुभ नक्षत्र के चरण के अक्षरों पर से जो नाम निकलते हों उस व्यक्ति का नाम बता देना।

विवाह के पूर्व होने वाले कार्यों का मुहूर्त—आटा पीसना, दाल दरना, चावल खूटना, कलश स्थापना, घर आंगन की सफाई, गहने की सफाई, वेदी बनाना, मड़वा छाना आदि कार्य।

विवाह आदि करने के लिए जो मुहूर्त कहे गये हैं उन नक्षत्रों में वर कन्यादि के चन्द्रबल विचार कर विवाह दिन से ३, ६, ९ वें दिन छोड़कर पूर्व ही अन्य दिनों में कार्य करे।

विवाह का मंडप आदि छाना आदि—चित्रा, स्वाती, शत०, अश्व०, ज्ये०, भर०, आर्द्रा, पुन०, पुष्य, श्ले० इनको छोड़कर शेष नक्षत्रों में फलदान तेल पूजन, वेदी बनाना, अन्न कूटना मंडप छाना आदि शुभ है। मंडप सिराने का मुहूर्त व और जो विवाह सम्बन्धी कार्य हैं वे सब विवाह में कहे हुए जो नक्षत्र हैं। उनमें करना चाहिए।

मंडप के खंभे गाड़ने का मुहूर्त—६, ५, ७ राशि के सूर्य में विवाह वाले घर के ईशान कोण में और ८-९-१० राशियों में रहते वायव्य कोण में ११, १२, १ राशियों में रहते नैऋत्य कोण में, २, ३, ४ में आग्नेय कोण में मंडप का खंभ गाड़ना चाहिए।

खंभ दिशा	ईशान	वायव्य	नैऋत्य	आग्नेय
सूर्यराशि	५, ६, ७	८, ९, १०	११, १२, १	२, ३, ४

वेदी लक्षण व मंडप सिराने का मुहूर्त—घर के बांये भाग में लड़की के हाथ से हाथ भर ऊँची, हाथ भर लम्बी (चारों तर्फ ४ हाथ की) वेदी बनानी चाहिए और विवाह के दिन से छटे दिन को छोड़कर सम दिन में तथा विषम दिनों में से पाँचवें या सातवें दिन मंडप का सिरवाना शुभ है।

कन्या के तेल आदि लगाने की संख्या—मेषादि में उत्पन्न कन्या वर के और वटु जिसका यज्ञोपवीत होने वाला है, उसके तेल उबटन आदि लगाने में निम्न संख्या कही है।

राशि	मेष	वृष	मि०	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुंभ	मीन
कितने वार	७	१०	५	१०	५	७	७	५	५	५	५	७

अर्थात् मेष या मीन राशि वाले को ७ वार विवाह या यज्ञोपवीत से पूर्व तेल अथवा उबटन आदि लगाना चाहिये।

स्त्री का पहिला समागम—पूर्वार्द्ध भोगी–रेव०, अश्व०, भर०, कृत०, रोह०, मृग०। मध्य–आर्द्रा, पुन०, पुष्य, श्लें०, मघा, पूफा०, उफा०, हस्त, चित्रा, स्वा०, विशा०, अनु०।

ऊपर—ज्ये०, मूल, पूषा०, उषा०, श्रव०, धनि०, शत०, पूभा०, उभा० पहिले स्त्री पुरुष का समागम पूर्वार्द्ध भोगी नक्षत्रों में हो तो स्त्री स्वामी को प्रिय हो। मध्य भोगि–दोनों में परस्पर प्रीति हो। ऊपर भाग भोगी–स्वामी को स्त्री प्यारी होती है।

वधू प्रवेश—विवाह के बाद पिता के घर से स्वामी के घर में पहिले पहिल स्त्री के जाने का नाम वधू प्रवेश है। यह विहित शुभ काल में ही होने से घर वालों का तथा वधू वर को शुभदायक होता है।

विवाह के दिन से १६ दिन के भीतर सम अर्थात् २, ४, ६, ८, १०, १२, १६ वें दिन तथा ५, ७, ९ वें दिन में और १६ दिन के बाद १, ३, ५ वर्ष में और १, ३, ५, ७, ९, ११ वें मास में और ५ वर्ष के बाद अपनी इच्छानुसार सम विषम वर्ष मास दिन का विना बिचार किये अथवा जहां तक हो सके वहाँ तक वर के जन्म राशि से सूर्य चन्द्र गुरु के गोचर में बली रहते हुए भद्रा आदि दोष रहित काल में किया हुआ वधू प्रवेश शुभ होता है।

वधू प्रवेश मुहूर्त—रोह० ३ उत्तरा अश्व०, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनु०, मृग०, रेवती इनमें वधू प्रवेश शुभ है। ४-९-१४ तिथि रविवार मङ्गल में अन्य मत से बुधवार में भी अशुभ है।

विवाह बाद प्रथम वर्ष स्त्री के रहने का फल—विवाह होने के बाद पहिले ज्येष्ठ में यदि स्वामी के घर स्त्री रहे तो स्वामी के ज्येष्ठ भाई, पहिले मलमास में स्वामी को, पहिले अषाढ़ में सास को, पौष में ससुर को और पहिले क्षय मास में अपनी देह को

नष्ट करती है। और पिता के घर में पहिले चैत्र में स्त्री रहे तो पिता को नष्ट करती है। अर्थात् विवाह के बाद पहिले ज्येष्ठ, मलमास, अषाढ़, पूष, क्षय मास इनमें स्त्री को पिता के घर में और पहिले चैत्र में पति के घर में रहना चाहिए। और जिन महीनों में जहाँ रहने से जिन लोगों को दोष कहा है। उसी स्त्री के यदि वे लोग नहीं हैं तो उन महीनों वहाँ रहने का कोई दोष नहीं होता।

द्विरागमन मुहूर्त—वधू प्रवेश के बाद स्वामी के घर से पिता के घर में जाकर वहाँ से फिर स्वामी के घर आने का नाम द्विरागमन है। वह भी शुभ काल में किया हुआ शुभ फलदायक होता है।

स्वामी के घर से पिता के घर में जाने के दिन से १, ३, ५ वें आदि वर्षों में तथा ११, ८, १ राशि के सूर्य में और पूर्वोक्त सूर्य व गुरु की शुद्धि रहते सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार में और ३, १२, ६, ७, ३ लग्नों में तथा अश्व०, पुष्य०, हस्त०, रोह०, तीनों उत्त०, श्रव०, धनि०, शत०, पुन०, स्वा०, मूल, चित्रा, अनु०, मृग०, रेवती० नक्षत्रों में स्त्री अपने पति के घर में दूसरी बार जाय तो शुभ है।

द्विरागमन का और समय—जब गुरु या शुक्र अस्त हो गये हों या सिंहस्थ गुरु हों कन्या का रजोदर्शन पिता के घर में होने लगा हो, अच्छा मुहूर्त न मिले तो दीवाली के दिन कन्या पति के घर आवे। गुरु उपचय में हो शुक्र केन्द्र में हो लग्न शुभ हो तथा शुभ ग्रहों से युक्त हो तब स्त्री पति के घर जावे।

यदि पिता के घर में स्त्री के स्तन विकसित हो जाय तो फल शुद्धि न होने पर भी शुक्रादि दोष न विचार कर शुभ दिन में उसका स्वामी स्वयं नव वधू को अपने घर ले जाय। वैशाख, फाल्गुन व अगहन मास न होने का भी कोई दोष नहीं होगा।

त्रिरागमन—पुन०, हस्त०, रेव०, मृग०, अश्व०, अनु०, धनि०, स्वा०, मघा इन नक्षत्रों में वधू का त्रिरागमन मुहूर्त शुभ है तथा योगिनी, दिशा शूल व राहु शुद्ध हो घर में वधू-प्रवेश तीसरी बार हो तो चक्र के अनुसार राहु सन्मुख दाहिने वर्जित करना।

मासिक राहु वास	राहुवास दिशा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
त्रिरागमन में	सूर्य की राशि	१-५-९	२-६-१०	३-७-११	४-८-१२

इनका विचार त्रिरागमन में होता है।

त्रिमासिक राहु—त्रिमासिक राहु	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
सूर्य राशि	८-९-१०	११-१२-१	२-३-३	५-६-७

राहु फल—सन्मुख—वैधव्य करे। दक्षिण—दुःख दे। पीछे—स्त्री पुत्रवती हो। बाँये—सौभाग्यशालिनी।

नूतन वधू द्वारा पाकारंभ—कृत्तिका, रोहणी, मृग०, पुष्य, तीनों उत्तरा, विशाखा, ज्येष्ठ, श्रवण, धनिष्ठा, शत०, रेवती नक्षत्र और शुभ तिथि वार में स्थिर लग्न में नई वधू द्वारा पाकारंभ शुभ होता है।

गृह मुहूर्त

वास्तु प्रकरण—वास्तु नाम घर का है। पराये घर में गृहस्थों की सम्पूर्ण धर्म क्रिया निष्फल हो जाती है। इस कारण अपना घर बनाना सबको आवश्यक है। इसके लिये विचारना कौन गाँव में घर बनायें और कौन गाँव शुभ या अशुभ होगा।

गाँव राशि विचार—बसने वाले को नाम राशि से गाँव की राशि २, ९, ५, ११ या १०वीं हो वह गाँव बसने वाले को शुभदायक है।

ऋणी गाँव—बसने वाले के नाम का पहिला अक्षर अ१ क२ च३ ट४ त५ प६ य७ श८ वर्ग इन आठों में जिस वर्ग का हो उस वर्ग की संख्या को दुगुना करके उसमें बसने वाले के वर्ग की संख्या को जोड़कर उसको अलग स्थापित दोनों संख्याओं में ८ का भाग देने से जिसमें शेष अधिक हो वह ऋणी होता है और जिसकी कमी हो वह धनी होता है। इन दोनों में यदि गाँव ऋणी हो तो शुभ होता है अन्यथा अशुभ है।

इस चक्र के अनुसार मास तिथि प्रहर दिशा आदि विचार कर यात्रा करे तो चक्र में बताये अनुसार फल होगा। इसके अनुसार यात्रा करने से चन्द्र बल, भद्रा योगिनी काल वास घात तिथि घात नक्षत्र घात चन्द्र व्यतीपात संक्रांति आदि अनेक कुयोगों के दोष नहीं होंगे। अमावस्या के दिन गमन न करें फल अच्छा न होगा।

राहु काल नल चक्र



जिस नक्षत्र राहु रहता है। वह नक्षत्र कर्तरी नक्षत्र से युक्त १३ नक्षत्र जीव पक्ष हैं। कर्तरी से आगे योग्य नक्षत्र १३ मृत पक्ष के हैं। कर्तरी १५ वां नक्षत्र ग्रस्त हैं। यहाँ राहु स्वाती पर हैं। इस कारण स्वाती नक्षत्र कर्तरी हुआ।

जीव पक्ष—विशा०, अनु०, ज्ये०, मूल, पूषा, उषा, अभि०, श्रव०, धनि०, शत०, पूभा, उभा रेवती ये १३ नक्षत्र जीव पक्ष के हैं।

मूल पक्ष—चित्रा, हस्त, उफा०, पूफा०, मघा, श्लै०, पुष्य, पुनर, आर्द्रा, मृग, रोह०, कृत, भरणो ये १३ मृत पक्ष के हैं।

ग्रस्त—कर्तरी से १५ वां नक्षत्र अश्व० है वह ग्रस्त हुआ। जीव पक्ष शुभ है। मृत पक्ष अशुभ है। मृत पक्ष से ग्रस्त शुभ है। और ग्रस्त से कर्तरी शुभ है। मृत पक्ष में सूर्य हो तो यात्रा करने से युद्ध में जय। मृत में चन्द्र जीव में सूर्य हो तो पराजय हो। दोनों सूर्य चन्द्र जीव में हो तो यात्रा शुभ है। मृत में सूर्य चन्द्र कष्ट दायक यात्रा अति अशुभ। जीव में चन्द्र तो युद्ध में जाने वाले अर्थात् यात्री की जय। सूर्य जीव में हो तो स्थाई की जय हो। मृत पक्ष से ग्रस्त संज्ञक नक्षत्र ऐसा शुभ है जैसे एक दिन में मरने वाले से २ दिन में मरने वाला अच्छा है।

यायी—जो लड़ने जाता है। स्थाई जो घर में रह कर लड़ता है। सूर्य चन्द्र दोनों जीव पक्ष में तो यायी और स्थाई दोनों की जीत मिलाप कारक हो। चन्द्र जीव पक्ष में यायी राजा की विजय। सूर्य जीव में स्थाई की विजय। दोनों मृत पक्ष में दोनों की पराजय। यात्रा के दिन सूर्य चन्द्र की स्थित देखने को वर्तमान राहु के नक्षत्र या से राहु काला नल चक्र बना कर विचारना।

यदि सूक्ष्म रीति से यायी की विजय पर विचारना है तो गणित से नक्षत्र का अन्तर भोग निकालना पड़ेगा।

२७ नक्षत्रों का अंतर भोग जानना

जिस नक्षत्र पर ग्रह हो उसका भयात (युक्त काल) और भयोग (पूर्ण काल) निकालने की रीति।

भभोग÷६ षष्ठयंश। भयात ÷ षष्ठयंश = भुक्तनाड़ी $\frac{\text{भभुक्त नाड़ी} \times ९}{२०}$ = लब्धि और शेष। ६० घड़ी में उस नक्षत्र का पूर्ण भोगना इतना है तो १ घड़ी में = षष्ठयंश। भभोग÷६ = षष्ठयंश। भयात में षष्ठयंश का भाग देने से भभुक्त नाड़ी प्राप्त होगी। भभुक्त नाड़ी में ९ का गुणा कर २० का भाग देने से जो लब्धि संख्या हो वह गत नक्षत्र होगा। ग्रह जो वर्तमान नक्षत्र में हो उससे लब्धि तक गिनना और जो शेष था उससे वर्तमान नक्षत्र आया। इसी प्रकार सब ग्रहों के भोग होते हैं।

उदाहरण—सम्वत् २०३३ ज्येष्ठ कृष्ण ४ सोमवार पूषा नक्षत्र ५०-१५ पर है। राहु स्वाती पर है। सूर्य कृतिका पर है। इष्ट ३५-६० पर चन्द्र और सूर्य का अन्तर भाग निकालना है। चन्द्र पूषा में जीव पक्ष में सै। सूर्य कृतिका मृत पक्ष में उपरोक्त चक्र से प्राप्त हुआ। अब इनका अन्तर योग निकालना है।

चंद्र का भुक्त भभोग साधन

६० — ०
५८ — ० इतवार को मूल
= २ — ० शेष पूषा
+५७—१५ सोमवार को पूषा
भभोग = ५९—१५ वृषा का
× ६०
३५४० + १५ विपल
भभोग ३५५५ फल ÷ ६० = ३५५५ षष्ठयंश
युक्त पूषा ९९००० विपल
भभोग षष्ठयंश ३५५५ विपल = २७ — ५०
२७ — ५०
× ९ लब्धि — शेष

घ० पल
शेष पूषा = २ — ०
+सोमवार पूषा २५ —३०
युक्त पूषा = २७ —३०
× ६०
१६२० + ३०
विपल युक्त पूषा = १६५० पल
× ६०
भुक्त गड़ी ९९००० विपल

२०)२५०–३०(१२ १२ ६–३० ३५५५)९९०००(२७ घड़ी
२० ७११०
५० वर्तमान पूषा से १२ लब्धि तक २७९००
४० गिना=१२वाँ रोहणी आया चक्र २४८८५
१०–३० में देखा यह मृत पक्ष में है। ३०१५×६०
३५५५) १८०९०० (५०
१७७७५ पल
३१५०

सूर्य का भुक्त भभोग साधन

घ० प०

सूर्य रोहणो पर ज्येष्ठ कृष्ण ११ सोमवार = ४०–४९ पर आया
,, कृतिका पर वैशाख शुक्ल११ सोमवार = ४७– ८ पर पहले था
अन्तर = १३ दिन—५३–४१ भभोग

दिन घ०–प०
भभोग १३–५३–४१
×६०
७८०+५३
८५३ घड़ी
×६०
४९९८०+४१
भभोग ५००२१ पल ÷ ६०
षष्ठयंश = ५००२१ विपल
भुक्त विपल घ० प०
१४३४१२ २८–४०
५००२१

घ० प०
इष्ट ज्ये० कृ० ४ सोमवार = २५–३०
,, वैशाख शु० ११ ,, = ४७– ८
भुक्त ६ दिन = ३८–२२
६ – ३८ – २२
×६०
३६०+३८
३९८ घड़ी
×६०
२२ = ८०+२२
= २३९०२ पल
×६०
१४३४१२० विपल

५००२१)१४३४१२०(२८
१०००४२
४३३७००
४००१६८
३३५३२×६०
५००२१)२०११९२०(४०
२००१०५
१०८७०

षष्ठयांश विपल
२८–४०
×९
२०)२५८–०(१२
२० लब्धि
५८
४०
१८

लब्धि शेष
१२ १८–०

वर्तमान सूर्य नक्षत्र कृतिका से १२ वाँ गिना तो स्वाती आया शेष भी था वर्तमान नक्षत्र विशाखा आया जो चक्र में जीव पक्ष में है।

चन्द्र रोहणी मृत पक्ष में सूर्य जीव पक्ष में = पराजय होगी।
चन्द्र रोहणी पर आयगा तब पराजय होगी।

यात्रा में स्वर विचार—यात्रा के समय दाहिना या बांया जो स्वर चलता हो उसी ओर के चरण को आगे रख कर यात्रा करे। तो यात्रा सिद्ध हो। चन्द्र स्वर में सम

(२-४-६ कदम) सूर्य स्वर में विषम (१-३-५) पैर आगे रख कर यात्रा करने से सिद्ध होती है। दूर देश से जाना हो तो चन्द्र स्वर से और समीप देश में सूर्य स्वर से गमन करे। यात्रा के आरम्भ में विवाह या गृह नगर प्रवेश आदि सम्पूर्ण शुभ कर्म चन्द्र स्वर के चलने सिद्ध होते हैं।

गुरुवार शनिवार रविवार मङ्गल वार दक्षिण स्वर्ण प्रदेश में शुभ सोमवार बुधवार शुक्रवार वाम स्वर गमन में शुभ।

नाक के नथने से जो स्वर चलता है। उसमें दाहिने स्वर का नाम पिंगला है। यह सूर्य स्वर है। बांये स्वर को इड़ा कहते हैं। वह चन्द्र स्वर है। दोनों स्वर चलते हों उसे सुषमना स्वर कहते हैं।

त्रिशूल चक्र



(१) युद्ध में जाना हो तो जो सूर्य नक्षत्र हो ऊपर त्रिशूल के जहाँ कृत० लिखा है वहाँ रख कर दिन नक्षत्र तक गिने।

(२) गमन करना हो तो कृतिका जहाँ है। वहाँ से दिन नक्षत्र तक गिने।

(३) दूसरे कार्यों में सूर्य नक्षत्र बीच में लिखकर चन्द्र नक्षत्र तक गिने।

(४) रोगी के प्रश्न में जिस नक्षत्र में मङ्गल में अग्र भाग में रख कर चन्द्र नक्षत्र तक गिने।

त्रिशूल के अग्रभाग में दिन नक्षत्र हो=मृत्यु। बाहरी अष्टक में हो=मध्यम। मध्याष्टक में हो = लाभ जयक्षेप आरोग्य प्राप्त हो।

चंद्र कालानल चक्र



जो चन्द्र नक्षत्र हो उसे अग्रभाग में जहाँ १ लिखा है लिख दे और नक्षत्र संख्या जो हो वहाँ लिखे उस क्रम से जहाँ नाम नक्षत्र हो लिख कर उसकी संख्या लिख देवे फिर देखे नाम नक्षत्र कहाँ पड़ा है। यदि त्रिशूल में पड़े मृत्यु हो और बांह में (त्रिशूल के नीचे जो सीधी रेखा है)। उसमें पड़े तो फल मध्यम और बीच चौखटा के भीतर पड़े तो लाभ और क्षेम प्राप्त हो। इस कालानल चक्र से युद्ध में नाम नक्षत्र का फल विचारना चाहिये।

युद्ध नाड़ी चक्र

→ → → →
आर्द्रा पूफा० उफा० अनु० ज्ये० धनि० शत० भर० कृत सूर्य, चन्द्र और
पुन मघा हस्त विशा मूल श्रव० पूभा अश्व रोह० नाम का जो नक्षत्र
पुष्य इले चित्रा स्वा० पूषा उषा उमा रेवती मृग हो उस नक्षत्र पर
→ → → →

लिखें। यदि सूर्य चन्द्र और नाम नक्षत्र एक नाड़ी में पड़े तो मृत्यु हो। युद्ध में और रोग में भी इस चक्र से विचारना।

भूमि बलाबल ज्ञान—भूमि के अक्षर × ४ + तिथि + वार ÷ ३=शेष १=भूमि बल जानो।२=शून्य भूमि। ३=भूमि मृत्यु कारक।

नारद से युद्ध समय विचार—तिथि + वार ÷ ३ शेष। १=नारद स्वर्ग में। २= पाताल। ३ = मृत्यु लोक। मृत्यु लोक में नारद आवे तब युद्ध जानिये।

युद्ध काल ज्ञान—जन्म नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिने। उसमें तिथि जोड़ कर ४ से गुणा कर ३ का भाग दे। शेष १=मृत्यु। २=घात। ०=सुख युक्त जानो यह काल ज्ञान युक्त समय विचारना चाहिये।

छाया विचार—जब अपनी छाया ८ पैर हो तो=बुधवार को गमन करे। ९ पैर– मङ्गलवार। १० पैर–गुरुवार। ११ पैर–इतवार। १२ पैर छाया हो तो सोमवार शुक्रवार शनिवार को गमन करे तो सर्व गुण युक्त सिद्धि प्राप्त हो। इस मुहूर्त में चन्द्रमा आदि देखने की आवश्यकता नहीं है। यह छाया दिन में २ बार आती है। यदि उस समय अभिजित नक्षत्र भी आ जावे तो और भी उत्तम है।

युद्ध या यात्रा में कारक आदि विचार—(१) जन्म या यात्रा समय यदि शुभ ग्रह केन्द्र में न हो तो जन्म या यात्रा शुभ नहीं।

(२) कारक ग्रह युद्ध या यात्रा में अवश्य देखना चाहिये क्योंकि यात्रा या युद्ध समय (१) नीच का ग्रह, (२) पराजित ग्रह, (३) किला लग्न का स्वामी, का जो शत्रु हो इन तीनों ग्रह की दशा में गमन नहीं करना।

(३) जन्म लग्न स्वामी की दशा या उसके मित्र की दशा में या चन्द्र से दूसरे स्थान में शुभ ग्रह हो तो उसकी दशा में या जिसका कारक है वही उस राशि का चन्द्र है तो युद्ध या यात्रा करने में जय हो सौख्य और धन प्राप्त हो। इनके अतिरिक्त दूसरे की दशा में कष्ट और हानि होती है।

(४) कारक का विचार ज्योतिष शिक्षा फलित खंड में दे दिया है।

युद्ध यात्रा में उपयोगी कुलाकुल आदि का विचार—अकुल–स्वा०, भर०, श्रे०, धनि०, रेव०, हस्त, अनु० पुन, रोह, तीनों उत्त० ये १२ नक्षत्र और १, ३, ५, ७, ९, ११, १३, १५, ३० तिथियाँ और रविवार सोमवार शनिवार गुरुवार ये दिन अकुल संज्ञक हैं इन में युद्ध है की जय।

कुलाकुल—मूल, शत०, आर्द्रा अभिजित ये ४ नक्षत्र और २, ६, १० तिथियाँ, केवल एक दिन बुधवार कुलाकुल संज्ञक हैं। इनमें संधि व दोनों की जय हो।

कुल—तीनों पूर्वा, अश्व०, पुष्य, मघा, मृग०, श्रव, कृत०, विशा०, ज्ये०, चित्रा ये नक्षत्र ४, ८, १२, १४, ३० तिथि मङ्गलवार शुक्रवार इनमें मुद्दायले की जीत हो।

इनको गण कहते हैं, मुकदमे का आरम्भ, अर्जीदावा, व्यान तहरीरी पर प्रथम हस्ताक्षर करने में शुभ मुहूर्त विचारना। अकुल संज्ञक तिथि वार नक्षत्र में यात्रा या युद्ध करने वाला यायी राजा लड़ाई में जीतने वाला है। और कुल संज्ञक तिथि वार नक्षत्र में युद्ध का आरम्भ करने वाला स्थाई राजा लड़ाई में जीतने वाला होता है। और कुलाकुल संज्ञक तिथि वार नक्षत्र में परस्पर युद्ध करने वाला यायी स्थाई इन दोनों राजाओं का मेल मिलाप होता है।

शुभ लग्न—यात्रा करने वाले के जन्म काल में जो राशि शुभ ग्रहों से युक्त हो या जो राशि शत्रु की जन्म राशि से आठवीं हो या जो राशि वेशि संज्ञक (सूर्य से दूसरे स्थान में) हो इन तीनों में से जो राशि लग्न में हो वह यात्रा में विजय देने वाली होती है अथवा जातक के कहे हुए राज योगों में जो यात्रा होती है वह विजय देने वाली होती है।

दिग्द्वार राशि—यात्रा में दिग्द्वार राशि लग्न में हो अर्थात् सन्मुख या दाहिने हो तो यात्रा शुभ तथा धन आदि देने वाली और जीत कराने वाली होती है। वही दिग्द्वार राशि पीछे या बाँये हो तो यात्रा शत्रु से भय होने व हानिप्रद होती है।

दिग्द्वार यात्रा लग्न—दिग्द्वार की लग्न में यात्रा शुभ है अर्थात् जहाँ जाना हो दाहिने और सन्मुख शुभ है अर्थ और जय प्राप्त होती है बाँये हानिकारक है शत्रु से भय दायक है। इसी प्रकार चन्द्र का भी विचार करे।

दिशा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	उसी दिशा की लग्न
राशि	१, ५, ९	२, ६, १०	३, ७, ११	४, ८, १२	हो तो दिग्द्वार जानो।

पंच स्वर चक्र

स्वर	वर्ण	तिथि	वार	नक्षत्र	लग्न	मास
बाल	अ क छ ड घ म व	नंदा	रवि मं०	रेवतीआदि७	१,५,८	मार्ग,वै०,भाद्रपद
कुमार	इ ख ज ढ न म श	भद्रा	बु० चं०	पुन०	,, ५	३,४,६ आ०,श्राव, अश्व.
युवा	उ ग झ त प य ष	जया	गु०	उफा०,,	५ ९,१२	चैत्र, पौष
वृद्ध	ए च ट थ फ र स	रिक्ता	शु०	अनु० ,,	५ २,७	ज्ये०, कार्तिक
मृत	अं च ठ द ब ल ह	पूर्णा	श०	श्रव० ,,	५ १०,११	माघ, फाल्गुन

इसमें ङ ञ ण अक्षर नहीं हैं। ङ=ग। ञ=ज। ण=ड।

इस चक्र का उपयोग ३ प्रकार के गण से हैं (१) अकुल=मुद्दई के जीत का समय (२) कुल=मुद्दायले की जीत और (३) कुलाकुल=दोनों की जय या संधि।

यहाँ जो वर्ण के अक्षर दिये हैं उससे नाम के पहिले अक्षर से बाल कुमार आदि विचारना होता है। जो नाम का अक्षर होगा उसका पहिला स्वर बाल होगा, बाद को कुमार युवा वृद्ध मृत गिना जायगा।

फल—वाल स्वर = थोड़ा लाभ। कुमार = आधा लाभ। युवा = सर्व सिद्धदायक। वृद्ध=मध्यम। मृत स्वर=अधम।

स्वर से परिणाम विचारने का उदाहरण।

मान लो फड़ेन्द्र सिंह मुद्दई है। जगन्नाथ सिंह मुद्दायले हैं। यद्यपि चक्र में फ को वृद्ध बताया है। परन्तु फ अक्षर के नाम को पहिले वाल गिनेगा।

स्वर	वार	तिथि	नक्षत्र
वाल	शु०	४, ९, १४	अनु०, ज्ये०, मू०, पूषा०, उषा०
कुमार	श०	५-१०-१५	श्रव०, धनि०, शत० पूभा०, उभा०
युवा	मं०र०	१-६-११	रेव०, अश्व०, भर०, कृ०, रो०, मृग०, आर्द्रा
वृद्ध	बु०चं०	२-७-१२	पुन०, पुष्य०, श्ले०, मघा, पूफा०
मृत	गु०	३-८-१३	उफा०, हस्त, चित्रा, स्वा०, विशा०

अकुल=मुद्दई के अनुकूल गण

वार	तिथि	नक्षत्र
रवि चंद्र	१,३,५,७,९	स्वा०, भर०, श्ले०, धनि०, रेव०, हस्त, अनु०
श० गु०	११-१५-१३	पुन०, रोह०, तीनों उत्तरा।

इसके अनुसार देखना पड़ेगा स्वर के अनुसार उसे कौन अनुकूल होगा।

स्वर	दिन	तिथि	नक्षत्र
युवा के अनुसार	रवि	१-११	रेवती, भरणी
कुमार ,,	श०	५-१५	उभा०
वाल ,,	×	९	उषा०

सबका परिणाम द० श० १,११,९,५,१५ रेव०, भर०, उभा०, उषा० जीत का समय है।

मुद्दायले जगन्नाथ का नाम ज० कुमार में दिया है परन्तु वाल स्वर आरंभ का होगा।

स्वर	दिन	तिथि	नक्षत्र
वाल	बु० चं०	२,७,१२	पुन०, पु०, श्ले०, म०, पूफा०
कुमार	गु०	३,८,१३	उफा०, ह०, चि०, स्वा०, विशा०
युवा	शु०	४-९,१४	अनु०, ज्ये०, मू०, पूषा०, उषा०
वृद्ध	श०	५-१०,१५	श्र०, ध०, श०, पूभा०, उभा०
मृत	मं०र०	१,६-११	रे., अश्व., भर., कृ., रो., मृ., आर्द्रा

मुद्दायले की जीत कुल गण में दिया वह मुद्दई को त्यागना होगा।

कुल गण—	दिन	तिथि	नक्षत्र
मं० शु०	४-८-१२		तीनों पूर्वा, अश्व०, पुष्य, मघा, मृग०, कृति०,
	१४-३०		श्रव०, विशा०, ज्ये०, चित्रा।

मुद्दायले के मृत स्वर मं० र० है १-६-११ ति० रे., अ., भ., कृ., रो., मृ., आर्द्रा नक्षत्र है।
वृद्ध ,, श० है ५-१०-१५ ,, श्र., ध., श., पूभा., उभा. ,,

इसमें मुद्दई की जीत रविदिन १, ११ ति० १ रेवती भरणो मृत स्वर का है और वृद्ध में श दिन है वह मुद्दई के जीत का दिन है और तिथि ५, १५ है जो मुद्दायले की वृद्धि तिथि और मुद्दई की जीत की तिथि है उमा वृद्धा की नक्षत्र है जो मुद्दई की जोत का नक्षत्र है। इस विचार से रवि दिन १, ११ रेवती भरणी सबसे अच्छा समय है और शनिवार ५, १५ ति० उमा नक्षत्र ये भी अच्छा है।

नियम—यहाँ गण के विचार से प्रथम महत्व वार को है। इसके पश्चात् तिथि फिर अंत में नक्षत्र का विचार करना। परन्तु पंच स्वरा में तिथि की प्रवलता है।

(१) इससे देखना कि पंच स्वरा के अनुसार जो तिथि वार नक्षत्र युवा के मिलते हैं वे गण के अनुसार अनुकूल होते हैं या नहीं।

(२) अनुकूल न मिलें तो देखना वाल स्वर के अनुसार अनुकूल होते हैं या नहीं।

(३) यदि वह भी न मिले तो देखना वाल स्वर अनुकूल होते हैं या नहीं।

(४) तीनों प्रकार से विचार कर गण के वार (गण के वाल प्रवल हैं) पंच स्वरा के अनुकूल है तो उसे प्रथम विचारना।

(५) पंच स्वरा की जो तिथि अनुकूल होती हो यदि वह युवा स्वर की हो और गण के प्रतिकूल न पड़ती हो तो वह सबसे उत्तम होगी। यदि ऐसा न हो तो कुमार स्वर की तिथि गण के अनुकूल होने से उत्तम है। या वाल स्वर की तिथि अनुकूल होने से ऐसी तिथि साधारण रूप से ग्रहण की जा सकती है।

(६) यदि उपरोक्त चुने हुए अनुकूल वार तिथि नक्षत्र विपक्षी के पंच स्वरा द्वारा मृत या वृद्ध हो तो वार तिथि नक्षत्र विपक्षी के अनुकूल गण के न हों तो बहुत उत्तम होता है अर्थात् अपना अनुकूल और विपक्षी के प्रतिकूल वार तिथि और नक्षत्र का होना अच्छा है।

(७) अपने अनुकूल नक्षत्र से ९ प्रकार के तारा का भी अनुकूल होना आवश्यक है।

(८) मुद्दई के लिये कार्य आरंभ का मुहूर्त ऐसा हो कि लग्नेश उत्तम स्थान में हो। ६, ८ घर शुद्ध हो और बलवान हो शुभ ग्रह केन्द्र या त्रिकोण में हो। पाप ग्रह ३, ६, ११ में हो तो अच्छा है।

(९) मुद्दायले के लिए कार्य आरंभ लग्न से ४, १० घर शुद्ध रहना अच्छा है।

इन सब को युद्ध काल में विशेष विचारने योग्य है।

प्रश्न-कालिक शुभ यात्रा योग—जिसकी जन्म राशि या जन्म लग्न की राशि यदि प्रश्न लग्न में हो या जन्म राशि का स्वामी या जन्म लग्नेश यदि प्रश्न लग्न में हो या जन्म राशि या जन्म लग्न से ३-६, १०, ११ स्थान में यदि प्रश्न लग्न पड़ती हो तो उस यात्रा करने वाले की विजय होगी।

जिसके शत्रु की जन्म राशि या जन्म लग्न की राशि प्रश्न लग्न से ४, ७ स्थान में हो या शत्रु के जन्म राशि का स्वामी या जन्म लग्नेश प्रश्न लग्न से ४-७ स्थान में हो या शत्रु की जन्म राशि या जन्म लग्न से ३, ६, १०, ११ की राशि यदि प्रश्न लग्न से ४, ७ स्थान में पड़ती हो या शुभ ग्रह का गृह होरा द्रेष्काण नवांश आदि षड़वर्ग प्रश्न

लग्न में हो या ३, ५, ६, ७, ८, ११ इनमें से कोई राशि प्रश्न लग्न में हो तो उस यात्रा करने वाले की विजय हो या यदि यात्रा करने वाला ऐसे स्थान से पूछे कि जहाँ की भूमि फूल, दूर्वा, देव मंदिर आदि शुभ वस्तुओं से अति मनोहर हो या यात्रा पूछने वाले के समय में कोई शुभ वस्तु देखने या सुनने में आवे। या पूछने वाला बड़े आदर से पूछे या १, ४, ७, १० राशियों में से कोई राशि प्रश्न लग्न में हो और शुभ ग्रह उसे देखते हों या उससे युक्त हों तो भी यात्रा करने वाले की विजय होगी।

प्रश्नकालिक अशुभ यात्रा योग—यदि प्रश्नकालिक लग्न चंद्र से युक्त होकर शनि से दृष्ट हो। या प्रश्नकालिक लग्न में सूर्य हो और उससे ७, ८ घर में चंद्र हो। या प्रश्न लग्न में या उससे ४, ७, ८ घर में पाप ग्रह हो तो यात्रा करने वाले की पराजय या नाश हो।

प्रश्न द्वारा यात्रा दिशा निर्णय—प्रश्न काल में यदि शनि बुध शुक्र गुरु या चारों ग्रह या इनमें से कोई एक ही ग्रह मंगल से ५-९ स्थान में हो या चंद्र यदि सूर्य से ५-९ घर में हो तो यात्रा करने वाला जिस दिशा में जाने का विचार करता है उस दिशा में यात्रा नहीं होगी परन्तु इस यात्रा प्रतिबंधक ग्रहों में से जो ग्रह बलवान हो वह अपनी ही दिशा में ले जाता है। अथवा जिस दिशा में जाने के विचार से प्रश्न किया गया हो उस दिशा का स्वामी प्रश्न लग्न से जिस दिशा में हो उस स्थान से पाँचवें स्थान में यदि कोई बहुत बलवान ग्रह हो तो वह ग्रह अपनी ही दिशा में यात्री को ले जाता है।

राजा की यात्रा में सन्मुख शुक्र दोष—जिस दिशा में शुक्र उदित हो अथवा गोल भ्रमण वश होकर (मेष से कन्या = उत्तर गोल। तुला से मीन = दक्षिण गोल) जिस दिशा में जाता हो या पिछले कहे हुए दिग्द्वारि नक्षत्रों को क्रम से जिस दिशा में हो इन ३ दिशाओं में रहने के कारण ३ प्रकार से शुक्र सन्मुख कहा जाता है। परन्तु राजा को चाहिये जिस दिशा में शुक्र उदित हो उस दिशा की यात्रा न करें।

वक्र नीच आदि शुक्र दोष, बुध योग—

वक्र मार्गी तथा नीच स्थान में शुक्र को रहते यात्रा करें तो राजा शत्रुओं के आधीन होता है। परन्तु शुक्र के वक्र आदि रहते भी यदि बुध अनुकूल अर्थात् पीछे हो तो यात्री राजा शत्रुओं को अवश्य जीत लेता है। यदि बुध सन्मुख हो तो जय नहीं होती।

शुक्र अंधा अस्त आदि पर विचार—जब तक शुक्र रेवती से लेकर कृतिका के पहिले चरण तक रहता है तब तक शुक्र अंधा रहता है उस समय सन्मुख या दाहिने दोष कारक नहीं होता। यदि मार्ग में शुक्र हो तो राजा को चाहिये कि जब तक फिर उदित न हो तब तक वहीं टिका रहे और उदित होने पर भी यदि सन्मुख पड़ता हो और जब तक फिर पीछे या बायें न हो तब तक वहीं टिका रहे।

शुक्र दोष विचार—यात्रा में दाहिने शुक्र—दुःख दायक। सन्मुख—कार्य नाशक। वाम भाग या पीछे—मंगल दायक। पूर्व में अस्त हो तो पश्चिम गमन शुभ। पश्चिम अस्त हो—पूर्व गमन शुभ।

शुक्र दोष नहीं— गाँव के गाँव में। शहर के शहर में। दुर्भिक्ष में तथा देश में उपद्रव होने में। विवाह समय में और तीर्थ यात्रा में सन्मुख दोष नहीं होता।

यात्रा में ग्रह स्थिति—कोण या केन्द्र में शुभ ग्रह अच्छे होते हैं ३, ६, १०, ११ में पाप ग्रह शुभ होते हैं सप्तम में शुक्र शुभ नहीं, दशम में शनि शुभ नहीं होता ९, १२, ६, ८, स्थानों में लग्नेश शुभ नहीं होता १, १२, ६, ८ स्थानों में चंद्र यात्रा समय शुभ नहीं होता।

यात्रा में ग्रह बल गर्ग मत से—१, ८, १२ भाव में पाप रहित ग्रह बल देखकर यात्रा करने से दिग्विजय हो कार्य सिद्ध हो। लग्न में गुरु बुध या शुक्र–५ दिन या १ मास में राज पद सुख या देश लाभ हो। दूसरे स्थान में ये ग्रह–वस्त्र हाथी घोड़ा १४ दिन या १ मास में लाभ हो। दूसरे में–कोई पाप ग्रह ३ मास में वित्त नाश या मृत्यु। तीसरे में गुरु शुक्र या चंद्र बुध–३ दिन या २ पक्ष में कार्य सिद्ध। चतुर्थ में शुभ ग्रह हो कोई क्रूर ग्रह न हो तो शुभ हैं–३ मास या १० दिन में कार्य सिद्ध हो। पंचम में चारों शुभ ग्रह हों तो शुभ–२ मास में इष्ट कार्य हो। छठे में चारों शुभ ग्रह हों–यात्रा सफल। मृग नक्षत्र का चंद्र इस स्थान में हो तो–१ मास में कार्य सिद्ध। सप्तम में गुरु या चंद्र बुध–यात्रा में बिजय सर्व राजा २ मास या ५ दिन में वश हों। सप्तम में क्रूर ग्रह–मृत्यु कारक हैं यदि ये न हों सौम्य ग्रह हों–आयु वृद्धि। परन्तु चंद्र हो तो मृत्यु कारक। नवम में पाप ग्रह तथा चंद्र बलवान हों–३ मास या ४ दिन में कार्य सिद्ध। नवम में गुरु शुक्र या चंद्र बुध ये चर या स्थिर लग्न में हों तो कार्य सिद्ध। दशम में पाप ग्रह न हों सौम्य ग्रह चर या स्थिर लग्न में हो तो १ या ३ मास में कार्य सिद्ध। लाभ में पाप ग्रह चंद्र सहित या गुरु आदि सौम्य ग्रह हो तो–१ पक्ष या ३ दिन में कार्य सिद्ध हो। व्यय में सब शुभ ग्रह हों तो विचित्र लाभ हो। पाप ग्रह हो तो व्यय कारक है।

यात्रा में भाव संज्ञा—१ देह, २ कोष, ३ सेना, ४ वाहन, ५ मंत्र, ६ शत्रु, ७ मार्ग, ८ आयु, ९ हृदय, १० व्यापार, ११ लाभ, १२ व्यय।

यात्रा में किस को किसका बल—कहे हुए योग बल से राजाओं को, चंद्र तारा बल सहित विहित नक्षत्रों में ब्राह्मणों की, शकुन से चोरों की, मुहूर्त बल से अन्य मनुष्यों की यात्रा सफल होती है।

किस काम में कौन ग्रह विचारना—

विवाह	यात्रा	विद्या आरंभ	सब काल में	धन संग्रह	राज दर्शन में
गुरु	शुक्र	बुध	चंद्र	शनि	सूर्य

यात्रा के योग—(१) लग्न से तीसरे शुक्र, दशम में चंद्र, छठे शनि मङ्गल हो ऐसे योग में चलने वाला राजा शीघ्र ही अपने शत्रु को जीत लेता है।

(२) या तीसरे शनि, छठे मङ्गल, लग्न में गुरु, ग्यारहवें सूर्य हो और यदि शुक्र पीछे या वाम मार्ग में हो तो ऐसे योग में चलने वाले राजा की जय हो।

(३) लग्न में गुरु अष्टम चंद्र छठे सूर्य ऐसे योग में चले तो राजा अवश्य शत्रु को जीतता है।

(४) यदि लग्न में गुरु और २-११ स्थानों में शेष ग्रह हों ऐसे योग में यात्रा करने से विजय होती है।

(५) सप्तम चंद्र, लग्न में सूर्य, दूसरे में गुरु शुक्र बुध तीनों हों तो शत्रुओं को जीतता है।

(६) दूसरे बुध, तीसरे सूर्य, लग्न में शुक्र हो तो शत्रुओं को जीते।

(७) लग्न में सूर्य, छठे शनि, दशम चंद्र हो तो भी उपरोक्त फल हो।

(८) लग्न में शनि मङ्गल दोनों, दशम सूर्य, १० या ११ में बुध शुक्र हों तो उपरोक्त फल।

(९) ३, ६, ११ स्थान में कहीं मङ्गल शनि हो और गुरु बुध शुक्र ये बलवान होकर कहीं भी हों तो यात्री की विजय हो।

(१०) यदि लग्न में गुरु, सप्तम चंद्र, चतुर्थ में बुध शुक्र दोनों हों, तीसरे में पाप ग्रह हो तो उपरोक्त फल।

(११) लग्न में गुरु, सप्तम चंद्र, लाभ में सूर्य, दशम शुक्र बुध दोनों, तीसरे शनि मङ्गल दोनों हों तो उपरोक्त फल।

(१२) लग्न में गुरु व शुक्र, छठे सूर्य, पंचम बुध, दशम शनि, चतुर्थ शुक्र हो तो विजय हो माता के समान यात्रा हितकारी हो।

(१३) ७, ८, ९ इन स्थानों को छोड़कर अन्य स्थान में पाप ग्रह हो, ३, ४, ११ शुक्र हो जो केन्द्रीय गुरु से दृष्ट हो तो यात्री को धन समूह का लाभ हो।

(१४) लग्न में बली बुध, केन्द्र में गुरु, ३, ६, ९, १२ स्थान में निर्बल चंद्र हो तो विजय हो।

(१५) शुभ ग्रहों से दृष्ट बुध १, ४, १० में हो,.१, ७, १२ स्थान छोड़ कर अन्य में शुभ ग्रह हो तो जय हो।

(१६) लग्न में गुरु, १०, ११ इन दोनों स्थानों में पाप ग्रह हो तो जय हो।

(१७) सप्तम में बुध गुरु शुक्र दोनों हों चतुर्थ चंद्र हो तो राज्य मिले।

(१८) लग्न में गुरु, छठे शुक्र, अष्टम चंद्र हो तो यात्री की जय हो।

(१९) चतुर्थ में बुध शुक्र दोनों सप्तम में चन्द्र हों तो जय हो।

(२०) चतुर्थ में चन्द्र, बुध, शुक्र दोनों के मध्य में हों तो जय हो।

(२१) लग्न में शुक्र, सप्तम गुरु, छठे मंगल, चतुर्थ बुध तीसरे शनि हों तो जय हो।

(२२) अथवा वृहस्पति के दिन छठें सूर्य, तीसरे चन्द्र, दशम मंगल, छठें बुध, लग्न में गुरु, चौथे शुक्र, लाभ में शनि हों तो यात्री राजा की विजय हो।

(२३) तीसरे स्थान में मंगल, अष्टम शुक्र, सप्तम बुध, छठें सूर्य, लग्न में गुरु हों तो जय हो।

(२४) ३, ४ इन दोनों स्थानों में गुरु शुक्र सूर्य हो छठें शनि मंगल दोनों हों तो यात्रा करने वाले राजा की जय हो।

(२५) लग्न में गुरु चन्द्र हो ६, ८ में सूर्य हो तो राजा शत्रु को जीते।



(१) शत्रु जय योग—लग्न में शुक्र, लाभ में सूर्य, चौथे चन्द्र हों तो बलवान शत्रु को मार डालें।



(२) पुंडरीक योग—कर्क का गुरु लग्न में हो लाभ में सूर्य हो तो यह पुंडरीक योग शत्रु पक्ष का नाश करे।



(३) कामदा योग—वृष का चन्द्र लाभ में हो केन्द्र में गुरु हो तो कामदा होता है जाने वाले को रण में कामना देने वाला है।



(४) पूर्ण चन्द्र योग—तीसरे सूर्य, छठे शनि, लाभ में मंगल, लग्न में शुक्र हो तो पूर्ण चन्द्र योग होता है यात्रा राज्यदायक है।



(५) मृगेन्द्र योग—लग्न में शुक्र चतुर्थ में चन्द्र दशम में गुरु हो तो मृगेन्द्र योग होता है यात्रा पर जाने वाले को सर्वार्थ साधक है।

यात्रा विवाह आदि में धन कारक योग—लग्नेश बलवान होकर केन्द्र त्रिकोण या लाभ में होकर लग्न को देखता हो तो धनवान हो। प्रश्न जन्म विवाह यात्रा तिलक में मनुष्य को राजा करता है। नीच कुल में भी उत्पन्न हो तो रोग रहित मोती के छत्र से युक्त हो।

यात्रा में कार्यसिद्धि योग—जन्म या यात्रा में सौम्य ग्रह केन्द्र या त्रिकोण में हो पाप ग्रह ३–११ में और ६ घर में हो तो अवश्य भूमि स्वामी होता है। यात्रा के समय काम सिद्ध होता है।

योगाधि आदि योग—योग संज्ञक योग = बुध गुरु शुक्र तीनों में से एक त्रिकोण या केन्द्र में हों तो उसमें यात्रा करने से राजाओं का कल्याण होता है।

अधि योग—इन तीनों ग्रह में से २ केन्द्र त्रिकोण में हों—यात्रा से कुशलता एवं जय होती है।

योगाधि योग—ये तीनों ग्रह केन्द्र त्रिकोण में हों तो यात्रा में यश क्षेम धन लाभ हो। अन्य मत से इसमें भूमि लाभ भी हो।

फल—योग में यात्रा से = क्षेम, अधि योग में = क्षेम व शत्रु का नाश। योगाधि योग में—क्षेम, यश तथा भूमि लाभ हो।

यात्रा में शुभ योग—यात्रा की लग्न में गुरु बुध शुक्र हो तो ५ वें दिन कार्य सिद्ध हो और राज्य व देश का लाभ हो अथवा एक मास में फल हो।

वांछित योग—लग्न में चन्द्र हो या वर्गोत्तम हो तो यात्रा वांछित फल देती है। नवांश शुभ नहीं है अर्थात् कुम्भ मीन वर्जित है।

प्रस्थान—यदि स्थान छोड़ने में किसी कारण विलम्ब हो और यात्रा का शुभ समय पहले ही होता हो तो ऐसी अवस्था में प्रस्थान करना चाहिये।

अर्थात् अपना कोई प्रिय पदार्थ, यज्ञोपवीत आदि को किसी अन्य पुरुष द्वारा यात्रा के समय में अपने घर से दूसरे घर या दूसरे गाँव में भेज देने की विधि को प्रस्थान कहते हैं। ब्राह्मण = यज्ञोपवीत। क्षत्रिय = हथियार। वैश्य = शहत। शूद्र = उत्तम फल। या जो वस्तु जिसको अधिक प्रिय हो उस वस्तु का प्रस्थान यात्रा की दिशा में करें। तदनन्तर आवश्यक कार्य हो जाने पर यात्रा करें। प्रस्थान में सुवर्ण वस्त्र धान्य आदि भी प्रस्थान में रख सकते हो।

प्रस्थान पर भी निषेध—प्रस्थान रखने पर भी बड़े दोष से युक्त दिन में यात्रा नहीं करना। जन्म दिन, अष्टम चंद्र, मंगल या शनिवार को, या अत्यन्त निन्दित दिन में प्रस्थान रखने पर भी यात्रा नहीं करना।

प्रस्थान स्थान—गर्ग मतानुसार एक घर से दूसरे घर में प्रस्थान रखना चाहिये। भृगु मत से सरहद के बाहर। भरद्वाज—जहाँ तक बाण पहुँचे उतनी दूर प्रस्थान रखना चाहिये। वशिष्ठ—नगर के बाहर प्रस्थान रखना चाहिये। शुक्र—अपने गाँव की सीमा लाँघ कर दूसरे गाँव की सीमा पर बसे। गर्ग—घर से चलकर समीप ही किसी अन्य के घर में भी यदि रहे तो भी यात्रा हो जाती है। वशिष्ठ—गाँव से यात्रा कर बाहर रहे।

दूरी—कोई आचार्य यात्रा के प्रस्थान से ५०० धनुष पर ४॥ फरलांग करीब (१ धनुष = ४ हाथ) कोई २०० धनुष पर कोई १० धनुष पर प्रस्थान करना कहते हैं वह भी जिस दिशा में जाना हो उसी में सावधानता से करना चाहिये और जो कोई अपने घर से स्वयं चल चुका है वह भी यात्रा ही है।

प्रस्थान फल—वस्तु प्रस्थान आधा फल । अंग प्रस्थान पूर्ण फल ।

प्रस्थान दिशा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
व अवधि	७ दिन तक स्थिर रहे	५ दिन	३ दिन	२ दिन

राजा १० दिन तक । सामंत (जमीदार) ७ दिन तक । सामान्य मनुष्य ५ दिन तक । इस समय के भीतर यात्रा पर न जा सके तो फिर दूसरे मुहूर्त पर यात्रा करना ।

प्रस्थानिक यात्रा नक्षत्र विचार—जिस दिशा में यात्रा करनी हो उसी दिशा में अपने घर से मृग नक्षत्र से चलकर आर्द्रा नक्षत्र पर किसी के घर में टिक कर उत्तर में वहाँ से ही यात्रा करे । अनु० में अपने घर से चलकर ज्येष्ठा नक्षत्र पर टिक कर मूल नक्षत्र में वहाँ से ही यात्रा करे तो शत्रुओं को जीते । हस्त में अपने घर से चलकर चित्रा और स्वाती दोनों दिन भर वहाँ से टिक कर विशाखा में वहाँ से ही यात्रा करे और धनिष्ठा रेवती पुष्य इनमें अपने घर से चलकर गाँव की सीमा पर एक रात्रि टिक कर वहाँ से यात्रा करे तो वह राजा पृथ्वी को जीतता है ।

प्रस्थान के दिन वर्जित—कोप, क्षौर, स्त्री संग, परिश्रम, मांस, गुड़, घृत, रोदन, चिन्ता, दूध, मद्य, क्षार, अभ्यंग, अन्य विषयक भय, श्वेत वस्त्र, गमन, तेल, कटु पदार्थ वर्जित है ।

यात्रा में शुभ शगुन—ब्राह्मण, घोड़ा, हाथी, फल, अन्न, दूध, दही, गाय, सरसों, कमल, वस्त्र, वेश्या, बाजा, मोर, नीलकंठ, न्योला, बँधा हुआ एक पशु, मांस, अच्छा वचन, पुष्प, ईख, पानी से भरा घड़ा, छत्र, मृतिका, कन्या, रत्न, पगड़ी, सफेद बैल, शराब, पुत्र सहित स्त्री, जली हुई अग्नि, आरसी, आंजन, धुला हुआ वस्त्र लिए धोबी, मछली, घी, सिंहासन, मुर्दा यदि उसके साथ रोने वाले न हों, ध्वजा, शहद, बकरा, गौलोचन, भरद्वाज पक्षी, पालकी, वेद पाठ की ध्वनि, मंगल के गीत, अंकुश, बहुत ब्राह्मण, घोड़ा, मदहीन हाथी, रस्सी से बँधा बैल ये सब पदार्थ सन्मुख दिखने पर शुभ फल प्रद हैं । खाली घड़ा पीछे आता हो जो पानी भरने के लिए जाता है शुभ है ।

यात्रा में वाम भाग में शुभ शकुन—कोयली, छिपकली, कबूतर, गर्गइया, रला, पिंगला, छछूंदरो, शिकारी और पुरुष संज्ञक अर्थात् कबूतर, खंजन, तीतर, हंस आदि ये वाम भाग में मिलें तो शुभ है, बाँये गधे का शब्द शुभ है दाहिने अशुभ है ।

दाहिने भाग में शुभ शकुन—छिकारा (छोटी जाति का मृग) रूरू मृग, वानर, नीलकंठ, स्त्री नाम वाले जीव, काक, कुत्ता, मृग यदि विषम संख्या में हों तो अति शुभ, पक्षी ये सब यात्रा में दाहिने तर्फ चलते हुए मिलें तो शुभ है ।

और भी मङ्गल कारक शकुन—बाजनों के साथ नक्कारा का शब्द, आओ यह शब्द आगे हो तो शुभ पृष्ठ भाग में अशुभ । जाओ शब्द पीठ पीछे शुभ, आगे अशुभ । बड़े-बड़े सफेद पुष्प, पूर्ण कुम्भ, जल के पक्षी, मत्स्य का मांस, देवता, मित्र, हरी दूब, गोबर, सोना, रूपा, तांबा और सर्व रत्न, औषधि, सर्वज्ञ पुरुष, यव, श्वेत सरसों, खंग, पात्र, आयुध, आसन, समस्त राजचिह्न, रोदन रहित मृतक, आशीर्वादिक शब्द, वाद्य तथा उत्तम मनोहर शब्द, गांधार, षड्ज, ऋणज ये राग और अच्छे गाये स्वर सुन्दर मोहक पवन ये सब विघ्न नाशक हैं । अच्छे अनुकूल पदार्थ, अच्छा और सुख स्पर्श सुख

कारी होते हैं। जो वस्तु मन को प्यारी हो उसका दर्शन उत्तम और जय कारक है। यात्रा समय हर्ष शुभ तथा लाभदायक है। विजय बाद और मङ्गल प्राप्ति का श्रवण शुभ है।

दाहिने-बाँये कब शुभ—मयूर, कुत्ता, उलू, पक्षी, गर्दभ, जंबुक ये प्रस्थान समय बायें हों तो गमन में शुभ और प्रवेश समय दक्षिण भाग में शुभ हैं।

यात्रा में अप शकुन—बाँझ स्त्री, चमड़ा, भूसी, हड्डी, साँप, नमक, आग का अङ्गार 'कोयला', लकड़ी, (ईंधन), हिजड़ा, विष्ठा, तेल, पागल, चर्बी, औषधि युक्त मनुष्य, शत्रु, जटाधारी योगी, घास, रोगी मनुष्य, नङ्गा, (बच्चों को छोड़कर नङ्गा) तेल लगाया हुआ बाल बिखरा संन्यासी, जाति से पतित, अङ्ग हीन, भूखा आदमी, रुधिर, रजोवती स्त्री का रुधिर, छिपकली, गिरगिट, घर का जलना, बिल्लियों का लड़ना, छींक, गेरुआ वस्त्र ओढ़े प्राणी, कीचड़, विधवा स्त्री, कुबड़ा आदमी, कुटुम्ब में कलह, वस्त्र आदि देह से गिरना, भैंसों का युद्ध, काले रङ्ग का अनाज, कपास, वमन होना, दाहिनी ओर गधे का शब्द, अति क्रोध, गर्भिणी स्त्री, सिर मुड़ा आदमी, पीला कपड़ा, अन्धा, दुष्ट वचन, बहिरा, गुड़, छाँछ (मठा) ये यात्रा में सन्मुख दिखें तो अशुभ हैं।

और भी अप शकुन—कहाँ जाता है "ठहर जा", "यहाँ आ", "वहाँ जाकर क्या करेगा" इत्यादि शब्द यात्रा समय विपत्ति करने वाले होते हैं। उपला (कण्डे) ये प्रस्थान समय आगे से आवें तो अशुभ, केश को धोता मनुष्य, ऐसे पदार्थ जिसके सार निकाल लिये गये हों, चण्डाल, प्रेत, वध कर्ता, बन्दियों का रक्षक, भस्म, कपाल, अस्थि, रीते या टूटे बर्तन, मरा हुआ सारंग पक्षी, पताका के ऊपर काक बैठा, अग्नि दान, वाहनों का गिरना, वस्त्र लपेटता हुआ मनुष्य, वर्ण सङ्कर मनुष्य, नीच यवन आदि।

शुभाशुभ शब्द या दर्शन—यात्रा काल में गोह, जम्बुक, सूकर, सर्प, शशक (खरहा) इन सबका नाम अपने मुँह से उच्चारण करना या किसी अन्य के मुख से सुनना शुभ होता है परन्तु इन सब का शब्द और दर्शन अशुभ होता है। परन्तु बानर तथा ऋक्षों का शब्द तथा दर्शन शुभ होता है परन्तु उनके नाम का उच्चारण अशुभ होता है।

विपरीत शकुन—जिस यात्रा में कहीं उतरना या कोई भय कार्य या गृह प्रवेश या युद्ध या गुमी हुई वस्तु का खोजना हो उसमें पूर्वोक्त शकुन विपरीत हो जाते हैं अर्थात् ब्राह्मण आदि शुभ शकुन विपरीत अर्थात् अशुभ हो जाते हैं। और वंध्या, चमड़ा आदि अशुभ शकुन शुभ हो जाते हैं परन्तु राजा के दर्शनार्थ या यात्रा में पूर्वोक्त ब्राह्मण आदि शुभ शकुन शुभ ही होते हैं और वंध्या चमड़ा आदि अप शकुन अशुभ ही होते हैं।

अप शकुन परिहार—यदि पहला अपशकुन देखने में आवे तो ठहर कर ११ स्वांस लेकर फिर चले। दूसरा अपशकुन देखने में आवे तो १६ स्वांस रोककर फिर यात्रा करे। तीसरा अपशकुन देखने में आवे तो फिर यात्रा न करे। एक कोस चले जाने के उपरांत शुभ या अशुभ शकुनों का फल नहीं होता २० लघु अक्षरों के उच्चारण में जितना समय लगे उसे १ प्राण कहते हैं इस प्रकार अन्य विचार में पहले अपशकुन में ११ प्राण रुके दूसरे अपशकुन में १६ प्राण तक रुके। तीसरे में यात्रा न करे। अशुभ शकुन हानिकारक होते हैं इसके लिए ईश्वर की पूजा और स्तोत्र का पाठ करे।

काल होरा—होरा के अनुसार शकुन आगे दिया है। वार का होरा निकालना पहले दे चुके हैं। १ घण्टा या २॥ घड़ी का दिन रात में छटा-छटा वार का होरा होता है। इस प्रकार २४ होरा एक बार में होते हैं।

होरा जानने को (इष्ट काल × २) − ($\frac{\text{इष्ट काल} \times २}{५}$ का शेष) + ७ शेष उस वार के आगे उतनी संख्या क्रमशः और गिनो जो मिले वह उस वार का होरा होगा जैसे—

इष्ट ८ है। (८ × २) − ($\frac{८ \times २}{५}$ का शेष) ÷ ७ = (१६ − $\frac{१६}{५}$ का शेष) ÷ ७ = १६ − १ ÷ ७ = $\frac{१५}{७}$ = शेष। यदि सोमवार है तो १ जोड़ा अर्थात् १ वार और आगे = मङ्गल का होरा हुआ।

उपयोग—जिस वार में ज कर्म कहा है उस वार के होरा में वही कर्म कर सकते हो। और जिस नक्षत्र में जो कर्म कहा है, उसके स्वामी के नवांश में वही कर्म कर सकते हो। परन्तु दिशाशूल आदि का विचार भी उस समय करना और परिघ दण्ड का भी उलङ्घन नहीं करना।

होरा शकुन—किस वार के होरा में यात्रा करने से क्या शकुन मिलेगा।

रवि के होरा में—३ काग, ४ ब्राह्मण, २ न्यौला, २ चाष, १ बैल या गाय धोबी कन्या या वस्त्र मिले मार्ग में।

चन्द्र—मार्ग में २ ब्राह्मण, कौवा, मृदङ्ग या नफीरी बाजा, न्यौला, गर्दभ, ऊँट, घोड़ा, गाय, मेढ़ा, पुष्प, दो स्त्री या दो बिल्लियाँ।

मङ्गल—दो बिल्लियों की लड़ाई, या दो स्त्री की कलह या कुटुम्ब कलह, रजस्वला स्त्री या जलता हुआ घर, नपुंसक, विधवा स्त्री, अग्नि, नग्न, ३ कुत्ता।

बुध --पुत्र सहित स्त्री, जल पूर्ण कलश, चातक या चाष (नीलकंठ) गज, फूल, अन्न, दर्पण, बन्धन या ४ बालक।

गुरु—ब्राह्मण, गणिका, गाय, पुत्र सहित स्त्री, जलपूर्ण घट, ऊनी वस्त्र, काक, न्योला, बगला, हंस, ज्योतिषी पण्डित, राजा का बालक, सवारी, बहुत वैश्य।

शुक्र—ब्राह्मण, गणिका, ३ काग, नपुंसक, मद्य मांस, धान्य, ज्योतिषी, ३ शूद्र, वैश्य।

शनि—नग्न, मुसलमान, रजस्वला स्त्री, प्रेत, पिशाच, गृध्र पक्षी, विधवा स्त्री, अग्नि, नपुंसक, प्रचंड तरुण पुरुष या मतवाला।

गमनकाल में इनमें से कोई शकुन मिलना संभव है। गमनकाल में पूर्वोक्त शकुनों का श्रवण दर्शन न हो तो इनका स्मरण कर गमन करे।

ग्रह अनुसार मार्ग में शकुन—यात्रा में गुरु शुक्र की लग्न—सन्मुख ब्राह्मण और स्त्री मिले। बुध शुक्र केन्द्र में—बछड़ा सहित गाय मिले। सूर्य चंद्र दशमेश—दीप दर्शन हो, फूल, कपड़ा धोते धोबी मिले। पंचम बुध—सन्मुख बँधा बैल मिले। चन्द्र गुरु तीसरे—वाम भाग में कुत्ता मिले। सम्पूर्ण ग्रह ९,१०,११ घर में—निवला, भरद्वाज पक्षी मिले, नीलकंठ वाम मार्ग में मिले तो अत्यन्त दुर्लभ है। शनि, राहु, सूर्य तीसरे—कुमारियां, युवती स्त्री, सौभाग्यवती स्त्री मिलें इनका दर्शन सब कामना दायक है। ६-३-१० घर में मंगल—तो भी उपरोक्त फल। लाभ हो तथा दासी, वेश्या व मदिरा

पास देखे तो लाभदायक है। ७, ८, ५ घर में बुध व गुरु हो तो दर्पण, फूल, मांस, मदिरा देखे तो लाभदायक हैं। राहु मंगल शनि लग्न से तीसरे–पशु गोबर करते देखे तो शीघ्र धन लाभ हो।

यात्रा में द्रेष्काण—पूर्वोक्त लग्न में स्थित ग्रहों का जिस प्रकार फल कहा है यात्रा में उन्हीं सब ग्रहों के नवांशों में भी उसी प्रकार फल विचारना। शुभ ग्रहों के द्रेष्काण में, सौम्य रूप द्रेष्काण में फल पुष्प युक्त द्रेष्काण में रत्न भांडान्वित द्रेष्काण में और द्रेष्काणों पर शुभ ग्रहों की दृष्टि होने से जय होती है। उद्यतास्त्र द्रेष्काण में, निग्रह द्रेष्काण में, पाप युक्त द्रेष्काण में यात्रा से अग्नि में दाह और बंधन होता है।

द्रेष्काण के स्वरूप आदि फलित व प्रश्न खंड में दे चुके हैं।

नाव की यात्रा—जलचर लग्न में या जल राशि के नवांश में की हुई नाव की यात्रा सिद्धि दायक है। नौका चलाने में जन्म लग्न प्रसिद्ध है।

यात्रा में दिन का फल—रविवार को यात्रा–मार्ग में क्लेश, अर्थ हानि। सोमवार–बंधु और प्रिय दर्शन। मंगल–ज्वर, अग्नि, चोर भय। बुध–द्रव्य और सुख प्राप्ति। गुरु–आरोग्य और सुख। शुक्र–लाभ और शुभ फल। शनि–बंधन, रोग, मरण।

यात्रा से लौटकर गृह प्रवेश—यात्रा से लौटने पर चित्रा, अनु०, मृग०, रेव०, रोह०, तीनों उत्तरा इनमें घर में जाना (गृह प्रवेश) शुभ है। यदि अश्व०, पुष्य, हस्त०, अभि०, श्रव०, धनि०, शत०, पुन०, स्वा० इनमें गृह प्रवेश हो तो शीघ्र ही यात्रा करनी पड़ती है। इससे ये नक्षत्र गृह प्रवेश में मध्यम हैं। यदि विशाखा में गृह प्रवेश हो तो स्त्री का नाश। कृतिका में घर का नाश। मूल०, ज्ये०, आर्द्रा, श्ले० में गृह प्रवेश हो तो अपना ही नाश हो।

१२, ८, ६ और रिक्ता तिथि में जब राजा यात्रा से लौटकर आवे गृह प्रवेश वर्जित है। तथा शुभ दिन हो उस दिन मंदिर में प्रवेश करे। प्रवेश से यात्रा या यात्रा से प्रवेश नवें दिन, नवें नक्षत्र तथा नवमी तिथि वर्जित हैं।

रुद्रयामले द्विघटिका मुहूर्त

उद्देश—यह महादेव जी का द्विघटिका मुहूर्त है। यह सब मुहूर्तों का सार है। इस मुहूर्त में तिथि, नक्षत्र, योग, करण, कुलिक, यम योग, काल, चंद्र तथा दिगशूल, योगनी, राशि (लग्न), काल होरा, तमोगुण, व्यतीपात, संक्रांति, भद्रा, अशुभ दिन आदि इतने कुयोग इस मुहूर्त में विचारने की आवश्यकता नहीं है। यह सब विघ्नों को शांत करता है। यह महादेव जी का वचन अन्यथा नहीं होगा।

इसमें १६ मुहूर्त हैं वे ३ गुणों के प्रयोग से दिन रात चलते हैं।

१६ मुहूर्त के नाम और फल

मुहूर्त	फल	मुहूर्त	फल
१ रौद्र	रौद्र तर घोर कर्म शुभ	९ रावण	वैर साधन करे
२ श्वेत	हाथी बंधन शुभ	१० वालव	युद्ध कार्य करे
३ मैत्र	स्नान दानादि श्रेष्ठ	११ विमोषण	शुभ कार्य करे
४ चर्वाट	स्तंभन प्रतिष्ठाआदि शुभ	१२ सुनंदन	मंत्र अर्थात् पैंच लगावे
५ जयदेव	सर्व काम शुभ	१३ याम्य	मारण कार्य करे
६ वैरोचन	राजगद्दी शुभ	१४ सौम्य	सभा प्रवेश करे
७ तुरदेव	शास्त्राभ्यास शुभ	१५ भार्गव	स्त्री प्रसङ्ग करे
८ अभिजित	ग्राम प्रवेश सदा शुभ	१६ सावित्र	विद्या पढ़े

वार अनुसार मुहूर्त का उदय

वार	इतवार	सोमवार	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनिवार
दिन में	१ रौद्र	३ मैत्र	५ जयदेव	७ तुरदेव	८ रावण	११ विभीषण	१३ याम्य
रात्रि में	२ श्वेत	४ चर्वाट	६ वैरोचन	८ अभिजित	१० वालव	१२ नंदन	१४ सौम्य

वार अनुसार गुणोदय और फल

वार	रविवार	सोमवार	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनिवार
गुण	तमोगुण	सतोगुण	रजोगुण	तमोगुण	सतोगुण	रजोगुण	तमोगुण
फल	अशुभ कार्य तोड़-फोड़ करना या काटना शुभ मोक्ष मार्ग शुभ	सिद्धि साधन करे	धन संपदा साधन करे	अशुभ कर्म आदि	सिद्धि साधन	धन संपदा साधन	अशुभकर्म आदि

४ रेखा ज्ञान व फल

नाम रेखा	अमृत	काल	विघ्न	शून्य
संज्ञा	श्री विष्णु	मृत्युपाद	युग्म	शून्य, नभ
इतर नाम	अमृत सिद्धि	यम, काल	गणाधिप	ख, अभ्र

रेखा चिह्न ज्ञान और फल

रेखा चिह्न

फल

सिद्धिकर मृत्युकर विघ्नकर कार्यहानि

टिप्पणी—विघ्न रेखा धनुषाकार होकर २ घरों में रहती है जैसा आगे चक्र में दिया है।

गुण के घात वर्ण लग्न और कार्य

गुण	सतोगुण	रजोगुण	तमोगुण
घात वर्ण	गौर	श्याम	कृष्ण
घात लग्न	४, ९, १२	१, २, ७, ८	३,५,६,१०,११
कार्य	सिद्ध साधन करे। धन संपदा साधन। छेद, भेद काटना तोड़ना फोड़ना।		

इन राशियों में ये गुण घातक हैं गौर वर्ण को सतोगुण, स्याम को रजोगुण कृष्ण को तमोगुण मृत्यु दायक है।

गुण का जो घात राशि है इनके विपरीत शुभ है।

आगे मुहूर्त दिन और रात्रि के प्रत्येक वार के पृथक २ दिये हैं। उन प्रत्येक को मास के अनुसार तीन हिस्सों में विभाजित किया है।

I माघ, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख और श्रावण एवं भाद्रपद। II आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष एवं पौष। III ज्येष्ठ, आषाढ़ एवं मलमास।

इन्हीं महीनों के अनुसार वार के दिन या रात्रि का मुहूर्त आगे चक्र में दिया है। इष्ट मास में इष्ट वार का दिन या रात्रि का मुहूर्त खोजना।

रविवार के दिन का मुहूर्त चक्र—

मुहूर्त	१ रौद्र	२ श्वेत	३ मैत्र	४ चर्वाट	५ जय०	६ वैरोचन	७ तुरंदेव	८ अभि०	९ रावण	१० बालव	११ विभी०	१२ सुनंदन	१३ याम्य	१४ सौम्य	१५ मार्गव	१६ सावि०
गुण	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत
I माघ से वैशाख तक व श्रावण भाद्रपद	० शून्य रेखा	६ अमृत रेखा	६	६	∩ विघ्न रेखा		∩ विघ्न रेखा		६ अमृत रेखा	६	६	० शून्य रेखा	∩ विघ्न रेखा		∩ विघ्न रेखा	
II आश्विन से पौष	६ अमृत	६	६	४ काल रेखा	४	∩ विघ्न	६ अमृत	६	० शून्य	०	४ काल	६ अमृत	६	६	६	४ काल
III ज्येष्ठ आषाढ़ मल मास	०	०	६	६	∩	४	∩	०	६	६	६	६	∩			

रविवार की रात्रि का मुहूर्त चक्र—

मुहूर्त	२ श्वेत	३ मैत्र	४ चर्वाट	५ जय०	६ वैरो०	७ तुर	८ अभि०	९ रावण	१० बालव	११ विभी०	१२ सुन०	१३ याम्य	१४ सौम्य	१५ मार्गव	१६ सावि०	१ रौद्र
गुण	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम
I माघ से वैशाख व श्रा० भाद्र	६	६	६	∩	०	४	६	६	६	∩		∩		६	६	
II आश्विन से पौष	४	∩	०	६	६	६	∩	४	४	६	६	०	६	६		
III ज्ये० आषाढ़ मल मास	६	६	६	∩	∩	६	६	∩	∩			६	६	६		

सोमवार के दिन का मुहूर्त—

मुहूर्त	१ मैत्र	२ चां०	३ जय०	४ वैरो०	५ तुरं०	६ अभि०	७ रावण	८ बाल०	९ विभी०	१० मुनं०	११ याम्य	१२ सौ०	१३ मा०	१४ सा०	१५ रौद्र	१६ श्वेत
गुण	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज
I माघ से वैशाख व श्रा० भाद्र०	६	६	◠	◠	६	६	६	०	◠	◠	६	६	०	६	६	
II आश्विन से पौष	४	◠	०	०	६	६	६	०	◠	६	६	०	६	६		
III ज्ये० आ० मलमास	◠	◠	०	६	६	६	०	◠	६	६	६	६	०			

सोमवार की रात्रि का मुहूर्त—

मुहूर्त	१ चां०	२ जय०	३ वैं०	४ तुरं०	५ अभि०	६ रावण	७ बा०	८ विभी०	९ मुनं०	१० या०	११ सौ०	१२ मा०	१३ सा०	१४ रौद्र	१५ श्वेत	१६ मैत्र
गुण	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत
I माघ से वैशाख श्रा० भाद्र०	४	०	०	६	६	०	◠	६	६	६	६	◠	◠			
II आ० से पौष	४	०	◠	६	६	६	◠	◠	६	६	०	६	६			
III ज्ये० आ० मलमास	◠	◠	६	६	४	०	६	६	◠	६	६	६	४			

मङ्गल के दिन का मुहूर्त—



मंगल की रात्रि का मुहूर्त—



बुध के दिन का मुहूर्त—

बुध की रात्रि का मुहूर्त —

गुरुवार के दिन का मुहूर्त चक्र—

मुहूर्त	१ रा०	२ बा०	३ वि०	४ सुं०	५ मा०	६ सौ०	७ मा०	८ सा०	९ रौ०	१० ह्वे०	११ मि०	१२ चा०	१३ जय०	१४ कें०	१५ गुरु०	१६ अभि०
	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
गुण	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज
I मा०	◠	◠	◠	◠	◡	◡	◡	◡	○	◠	◠	◠	◡	◡	◡	◡
II आ०	◠	◠	○	◡	◠	◠	◠	◠	◡	◠	◡	◠	◡	◡	◡	◡
III ज्ये०	◠	◠	◡	○	◠	◠	◠	○	◠	◠	◠	◠	◠	◠	◠	◠

गुरुवार की रात्रि का मुहूर्त का चक्र—

मुहूर्त	१० बा०	११ वि०	१२ सुं०	१३ मा०	१४ सौ०	१५ मा०	१६ सा०	१ रौ०	२ ह्वे०	३ मि०	४ चा०	५ जय०	६ कें०	७ गुरु०	८ अभि०	९ रा०
	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१	२	३	४	५	६	७	८	९
गुण	तम	तम	सत	मत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत
I मा०	◡	◠	◠	◠	◡	◡	◡	◡	○	◠	◠	◠	◡	◠	◠	◠
II आ०	◡	◠	◠	◠	○	◡	◡	◡	◠	◠	◠	○	◡	◠	◠	◠
III ज्ये०	○	○	◠	◠	◠	○	◡	◡	◠	◠	◡	◠	◡	◡	◡	◡

शुक्रवार के दिन का मुहूर्त का चक्र—

मुहूर्त	११ वि०	१२ मुनं०	१३ या०	१४ सौ०	१५ भा०	१६ सा०	१ रौ०	२ ब्वे०	३ मि०	४ चा०	५ जय०	६ वैं०	७ तुर०	८ अभि०	९ रा०	१० वा०
गुण	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम
I माघ०	♂	♂	☿	☿	○	♂	♂	♂	⌒	⌒	⌒	⌒	♂	♂	♂	○
II आ०	♂	⌒	♂	♂	♂	♂	⌒	⌒	♂	♂	♂	♂	♂	♂	○	☿
III ज्ये०	⌒	♂	♂	♂	○	⌒	⌒	♂	♂	⌒	♂	♂	⌒	☿	☿	♂

शुक्रवार की रात्रि का मुहूर्त चक्र—

मुहूर्त	१२ मुनं०	१३ या०	१४ सौ०	१५ भा०	१६ सा०	१ रौ०	२ ब्वे०	३ मित्र	४ चा०	५ जय०	६ वैं०	७ तुर०	८ अभि०	९ रा०	१० वा०	११ वि०
गुण	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज
I माघ०	☿	☿	♂	♂	♂	○	⌒	☿	☿	♂	♂	♂	♂	○	☿	☿
II आश्व०	⌒	♂	♂	♂	♂	○	⌒	♂	♂	♂	♂	⌒	♂	○	⌒	
III ज्येष्ठ	⌒	♂	♂	♂	♂	⌒	○	♂	♂	♂	♂	○	☿	☿	♂	

शनिवार के दिन का मुहूर्त चक्र—

मुहूर्त	१३ मा०	१४ सौ०	१५ मा०	१६ सा०	१ रौ०	२ ब्वे०	३ मि०	४ चा०	५ जय०	६ वै०	७ तुर०	८ अभि०	९ रा०	१० भा०	११ वि०	१२ मुहू०
गुण	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत
I माघ०	☿	♂	○	☽	○	○	♂	♂	♂	♂	○	♂	♂	○	♂	♂
II आश्व०	☿	♂	○	♂	○	♂	♂	○	♂	☿	♂	♂	○	♂	♂	☿
III ज्येष्ठ	♂	☋	♂	♂	○	♂	♂	♂	♂	○	♂	♂	○	♂	○	

शनिवार रात्रि के मुहूर्त का चक्र—

मुहूर्त	१४ सौ०	१५ मा०	१६ सा०	१ रौ०	२ ब्वे०	३ मित्र	४ चा०	५ जय०	६ वै०	७ तुर०	८ अभि०	९ रा०	१० भा०	११ वि०	१२ मुहू०	१३ याम्य०
गुण	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम	सत	सत	रज	रज	तम	तम
I माघ०	○	☿	☿	♂	♂	♂	○	☋	☋	♂	♂	♂	♂	♂	☿	☿
II आश्व०	☿	○	☿	♂	♂	♂	♂	☋	☋	♂	♂	♂	♂	♂	○	☿
III ज्येष्ठ०	♂	☋	♂	♂	○	○	☋	♂	♂	○	♂	♂	♂	♂	○	

मुहूर्त देखने की रीति—

इष्ट मास में जैसा ३ प्रकार के ऊपर बताये गये इष्ट दिन का फल जानना है तो इष्ट दिन का दिनमान या रात्रिमान में १६ का भाग देना तो १ मुहूर्त का भुक्त काल प्रगट हो जायगा फिर इष्ट दिन का भुक्त काल इष्ट समय का जानकर देखो कौन समय कौन मुहूर्त कौन गुण कौन रेखा है और वह समय कार्योचित है या नहीं या कौन समय में इष्ट कार्य को उस दिन शुभ समय होगा।

यह भी देखना कौन राशि वाले को कौन रंग का व कौन सत आदि गुण घातक होता है। इसमें १६ मुहूर्तों का क्या फल है। ३ गुण में कौन गुण है उसका क्या फल होता है। और रेखा कौन है उसका क्या फल है। इन सब बातों पर विचार कर इष्ट कार्य के अनुसार मुहूर्त खोज कर निर्णय करना।

पल्ली पतन (ऊपर से अंग पर छिपकिली गिरने) का फल—

मस्तक या सिर—सुख	दक्षिण अंगुली—इष्ट पदार्थ प्राप्त	बिछोने पर सोते या बैठते गिरे—	अशुभ की वृद्धि
वाम कपोल—इष्ट मित्र भेंट।	नख—धन हानि	आसन पर बैठे बाद	शुभ व अशुभ दोनों
दक्षिणगंड—इष्ट सम्पति प्राप्त	दक्षिण हाथ के मध्य—महान सुख	भोजन करते उच्छिष्टान्न पर	भाइयों की परस्पर मित्रता
केश बंध—रोग उत्पन्न	पीठ—इष्ट मित्रों का समाचार सुने		
केश अग्रभाग—नाश	दोनों पार्श्व भाग—भाइयों से भेंट	रास्ता चलते अंग पर	उस अंग का शुभाशुभ
ब्रह्म रंध्र—मरण	पेट—धन प्राप्त वृद्धि सौख्य		अपने शत्रु पर होगा।
ललाट—लक्ष्मी प्राप्त	पुरुष दोनों स्तन—भाग्य होय	भोजन करते अन्नपर	अन्न त्याग कर दो
भृकुटी—धन नाश	वाम बाहु—बहुत क्लेश	अन्न बिना थाली	रोग शोक
भृकुटी मध्य—द्रव्य नाश	दक्षिण बाहु—यश	या पात्र पर	भय उत्पन्न
दक्षिण नेत्र—शुभ	वाम हस्त—कुटुम्ब से क्लेश	जिस भाग पर रसोई	
वाम नेत्र—बंधन प्राप्त	वाम मणि बंध—धन नष्ट	करते हैं या करेंगे—	स्त्री को मृत्यु
मुख—मिष्टान्न भोजन	वाम हस्त के पीठ ऊपर—अलंकार प्राप्त	देवालय—राजा का नाश	
नाक—सौभाग्य प्राप्त	अंगुली—अलंकार प्राप्त	सभा में—सभा करने वालों का नाश	
नासिका अग्र—द्रव्य प्राप्त	वाम हस्त के नख—नाश	गृह के मध्य में—घर वालों का नाश	
दक्षिण कर्ण—लाभ	वाम हस्त के मध्य—धन प्राप्त	दो के बीच गिरे—दोनों का नाश	

वाम कर्ण–दुःख
गला के मध्य–सुभोजन
अधरोष्ठ–धन ऐश्वर्य प्राप्त
ऊर्ध्वोष्ठ–कलह
दोनों ओंठ का संपुट–मृत्यु
अधरोष्ठ के नीचे–राज हनु पर विग्रह
कंठ–मित्र आगमन
कंठ के वहिर्भाग–शत्रुक्षय
दक्षिण स्कंध–विजय
वाम स्कंध–पराजय
दक्षिण कर–द्रव्य नाश
दक्षिण मणिबंध–अलंकार प्राप्त
दक्षिण हाथ की पीठ–द्रव्य हानि

कमर–वस्त्र अलंकार प्राप्त
नाभि–जय कीर्ति
बंधन–नाभि के अधोभाग को वस्ति का भाग कहते हैं
लिंग–मृत्यु
उरू–वस्त्र नाश
जघन–कटि के नीचे के अंग भाग पर
गुदा–रोग धन नाश
जानू के नीचे
जंघा पर–प्रवास होय
पैर–बंधन
जुड़े हुए पैरों पर–मृत्यु
पैर की पीठ पर–सुख
पैर की अंगुली–पुत्र नाश
पैर के नख–पशु और सेवक नाश
पैर का तलुवा–शत्रु नाश

पल्ली आपस में लड़ते गिरें
पल्ले गिरे से दीपक बुझे
अपने वस्त्र या अलंकार पर
तलवार आदि आयुध पर
अश्व आदि वाहनों पर

सब दुःख दूर हो गृह वाली को सुख
घर का नाश ३ मास घर त्यागे
स्वमान की हानि या किसी से क्लेश
शत्रु से युद्ध अपने द्वारा शत्रु का नाश
कष्ट से प्रवास

स्त्री के अंग पर पल्ली गिरने का फल—

मस्तक–लक्ष्मी प्राप्त
ब्रह्मरंध्र–मृत्यु
वेणी–रोग
केश–मरण
ग्रीवा–नित्य कलह
ललाट–धन क्षय
दक्षिण गाल–विधवा
वाम गाल–प्रिय वस्तु का दर्शन
दक्षिण कर्ण–दीर्घ आयु
वाम कर्ण–स्वर्ण अलंकार प्राप्त
दक्षिण नेत्र–दुःख
वाम नेत्र–प्रिय का दर्शन
नाक–रोग
उर्द्ध ओंठ–लड़ाई

अधरोष्ठ–धन ऐश्वर्य प्राप्त
दोनों ओंठ का पुट–नाश
अधरोष्ठ के नीचे हनु पर–कलह
मुख–अलंकार
दोनों कांख–दुख प्राप्ति
पीठ–भाइयों का वियोग
दोनों पार्श्व–भाइयों से भेंट
दोनों कंधे–सुख
दोनों बाहु–मणियुक्त अलंकार
दक्षिण हस्त–द्रव्य नाश
वाम हस्त–शीघ्र लाभ
दक्षिण वंध–मन को ताप
वाम वंध–भूषण प्राप्त
हाथ–बहुत सुख
हाथ की अंगुली–अलंकारप्राप्त

नखों पर–बड़ा दुःख
छाती पर–सौख्य वृद्धि
दोनों कुक्षि–उत्तम पुत्र
कन्या के पीठ पर–विवाह
नाभि–सुवृद्ध सत कीर्ति
योनि–मरण
कमर–उत्तम वस्त्र मिले
बगल पर–घर का नाश
गुदा–रोग
दांतों पर–कन्या या पुत्र
जानु पर–बंधन
जानु के नीचे जंघा पर–द्रव्य नाश
गुल्फ–मरण
दक्षिण पैर–सवारी मिले
वाम पैर–शत्रु नाश
पैर की अंगुली–बहुत पुत्र

यहाँ जो पल्ली पतन का फल कहा है वही सरठ (गिरगिट) चढ़ने का फल है। पुरुष या स्त्री के जिस जिस अंग पर पल्ली गिरने का फल कहा है उसी-उसी अंग पर गिरगिट चढ़ने का शुभाशुभ फल विचारना। इसके विरुद्ध यदि अंग में पल्ली चढ़े और गिरगिट गिर पड़े तो नाश योग, नहीं तो शुभ जानो।

कदाचित गिरगिट शरीर पर गिर कर चढ़ जाय तो पतन का फल अति उत्तम है। जो केवल चढ़े तो कुछ अल्प फल होवे।

सरठ का अवरोहण और पतन के लक्षण—उर्द्ध मुख होय के उतरे तो उसको पतन कहते हैं इस लक्षण से युक्त जो पतन व अवरोहण है तो शीघ्र फल प्राप्त हो।

पल्ली गिरकर जिस दिशा को भागे उसका फल।

पूर्व जाय–चित्त व कार्य सुफल, अग्नि कोण–अग्नि भय, दक्षिण–मरण, नैऋत्य–कलह, पश्चिम–धन लाभ, वायव्य–रोग, उत्तर–कीर्ति, ईशान–चिंता कार्य सिद्ध। वार फल—सोम, बुध, गुरु, शुक्र–धन लाभ, रवि, भौम, शनि–धन हानि।

तिथि फल	नक्षत्र फल	योग आदि का फल
१–सर्व लोक अनुकूल हो	१ अश्व–आयुष, आरोग्य प्राप्ति	वैधृति, व्यतीपात, उत्पात
२–राज मिले	२ भर०–रोग	यमघंट योग, मृत्यु योग,
३–इष्ट लाभ	३ कृत–धन हानि	दग्ध योग काल नाड़िका
४–रोग उत्पन्न	४ रोह, ५ मृग } सम्पत्ति	जिस दिन गिरे–सब अशुभ है। बिना नाड़ी में और
५, ६, ७–धन मिले	६ आर्द्रा, ७ पुनर } मृत्यु	क्रूर ग्रह युक्त लग्न में अंग
८, ९, १०–मरण	८ पुष्य, ९ श्ले० } मृत्यु	पर श्रेष्ठ जगह भी गिरे तो
११–पुत्र लाभ	१० मघा–कल्याण	अशुभ है। ग्रहण के दिन
१२–पुत्र और सम्पत्ति मिलें	११ पूफा–रोग आदि	अंग पर गिरे तो अशुभ फल
१३–हानि	१२ उफा, १३ हस्त शुभ	हो। धूम केतु आदि जिस
१४–बंधु नाश	१४ चित्रा, १५ स्वा० } धन	दिन उदय हो उस दिन
३०–धन नाश	१६ विशा० } नाश	गिरे तो नाश हो।

लग्न फल—

१, २–लाभ	१७ अनु०–राज भोग
३–कन्या हानि	१८ ज्ये०–नाश
४–बुद्धि	१९ मूल–सुख
५–सुत	२० पूषा–मृत्यु
६–नाश	२१ उषा–कल्याण
७, ८, ९–वस्त्र लाभ	२२ श्रव–राज्य
९-१०–धन मिले	२३ धनि०–क्षय
११–हानि	२४ शत०–सुख
१२–संताप हो	२५ पूभा–शुभ
	२६ उभा, २७ रेव० } राज्य प्राप्त

दोष शांति के लिए स्नान कर शिव मंदिर में घृत दीप जलाये ११०० शिव मंत्र जपे। तिल उड़द का दान देवे।

जब पत्नी का स्पर्श हो उसी समय स्नान कर पंच गव्य प्राशन करे दूध, दही, घी गौमूत्र और गोबर ये पंच गव्य हैं।

अंग स्फुरण फल

पुरुषों के दाहिने और स्त्रियों के बांये अङ्ग का फल विचारना।

सिर–पृथ्वी लाभ	ग्रीवा–शत्रु भय	बस्ति (पेंड़)–भाग्योदय
ललाट–स्थान लाभ	पृष्ट–पराजय	उरु–वस्त्र लाभ
भृकुटी मध्य–प्रिय दर्शन	स्कंध–मित्र लाभ	जानु–शत्रु से संधि
दोनों भ्रू–सुख	भुजा–प्रिय मिलाप	जंघा–हानि
कर्ण–शुभ वार्ता सुने	भुजा के बीच–धन लाभ	चरण का ऊपरी भाग–स्थान लाभ
नेत्र–देव दर्शन	हाथ–द्रव्य प्राप्ति	चरण के नीचे का भाग–लाभ
नेत्र के कोण–लक्ष्मी प्राप्त	वक्षस्थल–विजय	हनु (टोड़ी)–भाग
नेत्र के नीचे के पक्ष–जय	कटि–आनंद, बल प्राप्ति	गुदा–वाहन लाभ
गंड–स्त्री सुख	पार्श्व (बगल) प्रसन्नता	मुख–मधुर भोजन
नासिका–सुगन्ध प्राप्त	जीभ–यात्रा	लिङ्ग–स्त्री प्राप्ति
ऊपर का ओंठ–वार्तालाप	आंते–धन लाभ	कंठ–भूषण प्राप्त
नीचे के ओंठ–चुम्बन	उदर–द्रव्य लाभ	अंडकोष–पुत्र लाभ
नाभि–स्थान भ्रंश	कंठ मध्य–राज प्राप्ति	ऊपर का पलक–दुःख मिटे धन प्राप्त नीचे का पलक–पराजय

स्त्रियों का अङ्ग स्फुरण भ्रूमध्य में पुरुषों के समान है। परन्तु और सब अङ्ग विपरीत हैं। अर्थात् स्त्रियों का बाँया अङ्ग शुभ है। दाहिना अशुभ है। पुरुषों का दाहिना अङ्ग शुभ है बाँया अशुभ है।

अङ्ग में लहसुन, मसे, तिल का फल अङ्ग स्फुरण के समान है।

काक शब्द विचारना

काक शब्द सुनकर अपनी छाया नापे + १३ ÷ ६

शेष १—लाभ। २—खेद। ३—सुख। ४–भोजन। ५–धन प्राप्त। १०–अशुभ।

पिङ्गल शब्द विचार—किल्पिल शब्द हो—उल्लास। चिल्विल—भोजन प्राप्त खिटखिट—बंधन। कुर्कुर–महाभय।

छींक–पूर्व की अशुभ। आग्नेय–शोक दुःख। दक्षिण-अरिष्ट। नैऋत्य-शुभ। पश्चिम–मिष्ठ भोजन। वायव्य-धन दायक। उत्तर-कलह। ईशान-शुभ। अपनी छींक–बहुत भय। ऊपर को शुभ। मध्य की–बड़ा भय। आसन में, सोते में, दान में, भोजन में बाईं ओर और पीछे की हो तो शुभ है।

छींक से छाया विचार—छींक सुनकर अपने पैर से छाया नापे + १३ ÷ ८ १—लाभ। २—सिद्धि। ३—हानि। ४—शोक। ५—भय। ६—लक्ष्मी। ७—दुःख। ०—निष्फल।

खंजन (धोवन चिड़िया) के दर्शन का फल

जल के समीप, हाथी के मस्तक पर, देव स्थान में, ब्राह्मण के समीप, आकाश में, भारी वन में इन स्थानों में पहिले खंजन दर्शन शुभ है।

पूर्व दिशा में देखे—धन मिले सिद्धि होय। आग्नेय—अग्नि भय। दक्षिण—रोग। नैऋत्य—कलह। पश्चिम—लक्ष्मी प्राप्त। वायव्य—वस्त्र लाभ। उत्तर—दिव्यांगना मिले। ईशान—मरण।

स्वप्न विचार

स्वप्न ७ प्रकार के होते है। (१) दृश्य—दिन में देखे हुए को स्वप्न में देखना। (२) श्रुत—सुने हुए को देखना। (३) अनुभूत—जागते समय परिक्षित बात को देखना। (४) प्रार्थित—जगने में इच्छा की हुई बातें देखना। (५) कल्पित—दिन में कल्पना की हुई बात देखना। (६) भाविक—न कभी देखी, न सुनी ऐसी विलक्षण बात देखना। (७) दोषज—बीमारी के बात पित्त कफ के विकार से जो दिखे।

इनमें ५ प्रकार १ दृश्य, २ श्रुत, ३ अनुभूत, ४ प्रार्थित और ५ कल्पित ये स्वप्न निष्फल हैं। छठे भाविक स्वप्न का फल अवश्य ठीक-ठीक मिलता है। सप्तम दोषज का फल रोगी की आरोग्य एवं कष्ट वृद्धि का कारण होता है।

स्वप्न के बाद सो जाने से तथा भूल जाने से भी निष्फल हो जाना संभव है। जागने के पहिले अरुणोदय का स्वप्न ठीक-ठीक फल देता है। भुनसारे प्रहर का स्वप्न प्रायः ठीक निकलता है। रात्रि के प्रथम प्रहर में देखे स्वप्न का फल १ वर्ष में। दूसरे का—६ महीने में। तीसरे का—३ मास में। चौथे प्रहर का—१ मास में। अरुणोदय का—१० दिन में। सूर्योदय के आसन्न का स्वप्न तुरन्त फल देता है।

शुभ स्वप्न—नदी या समुद्र में तैरना, आकाश में उड़ना, ग्रह नक्षत्र आदि या, ध्रुव तारे, सूर्य मंडल, चन्द्र मंडल आदि देखना मकान व देव स्थान पर चढ़ना देखे तो सिद्धि प्राप्त होने वाली है। स्वप्न में मदिरा पान, अंतड़ियों के मांस का भक्षण, कीड़ा विष्ठा व रक्त का शरीर में लेपन करना, दधि भात का भोजन सफेद वस्त्र व चंदन, रत्न, आभरण (गहने) को देखना अच्छा है।

सफेद वस्त्र धारण किये और फूल लिये देव, ब्राह्मण, राजा को और स्वच्छ वस्त्र तथा श्रेष्ठ वस्त्र धारण किये स्त्री का दिखना, सांड़ हाथी, पर्वत, ऊमर का वृक्ष तथा फले फूले वृक्ष पर चढ़ना, दर्पण, मांस, फूल की प्राप्ति देखे तो बड़ा लाभ हो, रोग से मुक्त हो।

जिसे जोंक, भ्रमरी, सर्प या मधुमक्खी काटे तो रोग दूर हो या धन मिले। सुन्दर फूल, वस्त्र, मांस, मछली और फल मिले तो रोग दूर हो धन मिले।

स्वप्न में मङ्गल ग्रह या चाँद देखे तो रोगी का रोग दूर हो अन्य को धन मिले। स्वप्न में दाहिने हाथ में सांप काटे तो शीघ्र दशवें दिन धन मिले। बेड़ी पड़े या पास में खूब बंधा देखे तो सुपुत्र प्राप्त हो, प्रतिष्ठा भी मिले।

स्वप्न में रक्त या मदिरा पीता है तो ब्राह्मण को धन, क्षत्रिय को भूमि और धन, वैश्य को धन सम्पत्ति, शूद्र को धन घर द्वार से सुखी होगा। जो स्वप्न में फेन आये हुए तुरन्त के दुहे हुए दूध को पीता है उसे १० दिन में शीघ्र सम्पत्ति मिलती है।

